3 राजधानी
डीयू में प्रवेश के लिए पहली सूची जारी

6 अभिमत
जेनेटिक इंजीनियरिंग से जोखिम संभव

9 राष्ट्रीय
हिमाचल के लिए भाजपा ने जारी की सूची

10 विदेश
अमेरिका ने भारत को लौटाई 307 प्राचीन वस्तुएं



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 339
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 20 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




कमर की चोट के कारण डब्ल्यूबीबीएल से हटी हरमनप्रीत

स्पोर्ट्स-12

# मुश्किल दौर में खड़गे को मिली कांग्रेस की कमान

## मल्लिकार्जुन ने अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को 6,825 मतों से हराया, मिले 84 प्रतिशत वोट

- घर जाकर सोनिया गांधी ने दीं शुभकामनाएं पीएम मोदी समेत अनेक नेताओं ने भी दी बधाई
- वरिष्ठ नेता के सामने गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव होंगे पहली बड़ी चुनौती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**शशि** थरूर पर एकतरफा जीत दर्ज कर वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस बार 24 साल बाद गांधी परिवार से बाहर का कोई नेता पार्टी अध्यक्ष बना है। खड़गे ने अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को 6,825 मतों के अंतर से पराजित किया।

खड़गे को 7,897 यानी 84 प्रतिशत वोट मिले। थरूर को 1,072 लोगों का समर्थन मिला, जबकि 416 मत खारिज हो गए। खड़गे सोनिया गांधी का स्थान ग्रहण करने जा रहे हैं, जिन्होंने करीब दो दशक तक कांग्रेस का नेतृत्व किया। अध्यक्ष पद के बहुप्रतीक्षित चुनाव में खड़गे को मिली जीत पर भले कांग्रेसी देशभर में जश्न मनाएं, लेकिन वह स्वयं इससे इतर सोचते हैं। उन्हें ऐसे समय पर पार्टी की कमान मिली है, जब कांग्रेस 137 साल के अपने इतिहास में अब तक के सबसे मुश्किल और चुनौतीपूर्ण दौर का सामना कर रही है। लगातार नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं और एक के बाद एक राज्य उससे छिनता जा रहा है। वरिष्ठ नेता की पहली परीक्षा गुजरात और हिमाचल प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव हैं। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने खड़गे को निर्वाचित घोषित किया।

मिस्त्री ने बताया कि चुनाव में 9,385 वोट पड़े थे और इनमें से 416 वोट अवैध करार दिए गए। उन्होंने खड़गे को जीत का प्रमाणपत्र सौंपा। दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले 80 वर्षीय खड़गे 26 अक्टूबर को अध्यक्ष पद का पदभार संभालेंगे। जीत के बाद खड़गे ने कहा कि पार्टी में कोई भी बड़ा या छोटा नहीं है तथा वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस के एक सच्चे सैनिक के तौर पर काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए कांग्रेस का हर कार्यकर्ता समान है एवं लोकतंत्र और संविधान को खतरे में डालने वाली फासीवादी ताकतों से लड़ने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। थरूर ने चुनाव नतीजों की आधिकारिक घोषणा से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली और खड़गे को बधाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि वह विरोध के नहीं, बदलाव के उम्मीदवार थे। खड़गे की जीत की आधिकारिक घोषणा के कुछ देर बाद पार्टी की निवर्तमान अध्यक्ष सोनिया गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा उनके ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली में कांग्रेस के नए अध्यक्ष चुने जाने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई देतीं सोनिया गांधी

### साधारण कार्यकर्ता से शीर्ष पद तक सफर

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**कांग्रेस** कार्यकर्ताओं के बीच सोलिल्लादा सरदारा (कभी न हारने वाला) के रूप में मशहूर मल्लिकार्जुन खड़गे बहुत साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। अपने पांच दशकों से अधिक के राजनीतिक जीवन में उन्होंने कुशलता से कई मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली और राजनीति तथा सत्ता के उतार-चढ़ाव के बावजूद गांधी परिवार के प्रति दृढ़ वफादार बने रहे। कावेरी नदी जल विवाद हो या शीर्ष कन्नड़ अभिनेता दिवंगत राजकुमार का अपहरण, खड़गे दो दशक पहले कर्नाटक के गृह मंत्री के रूप में ऐसी कई संकटपूर्ण स्थितियों से निपट चुके हैं। खड़गे का सार्वजनिक जीवन अपने गृह जिले गुलबर्ग (अब कलबुर्गी) में एक ( शेष पेज 8 )

### नए अध्यक्ष मेरी भूमिका तय करेंगे: राहुल गांधी

**पायनियर समाचार सेवा।** अडोनी (आंध्र प्रदेश)

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष और सासंद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस में अध्यक्ष सर्वोच्च प्राधिकारी हैं और वहीं (पार्टी के) आगे के रुख के बारे में फैसला करेंगे। यहां भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मीडियाकर्मियों से संक्षिप्त बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि नए अध्यक्ष यह तय करेंगे कि पार्टी में मेरी भूमिका क्या है और मुझे क्या जिम्मेदारी दी जाएगी। राहुल से जब पूछा गया कि क्या वह नए अध्यक्ष को रिपोर्ट करेंगे, उन्होंने कहा, जाहिर है। अध्यक्ष पद के चुनाव के नतीजे घोषित होने से पहले पत्रकारों से बात कर रहे राहुल ने एक बार कहा कि उनकी भूमिका के बारे में खड़गे को तय करना है। हालांकि फौरन ही अपने शब्दों ( शेष पेज 8 )

# पटाखे जलाने पर होगी छह महीने की जेल

- दीपावली पर प्रदूषण कम करने के लिए की जा रही सख्ती, एनसीआर के शहरों में लगाया जाए आतिशबाजी पर प्रतिबंध : राय
- पटाखों के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर 5,000 रुपये तक का जुर्माना और तीन साल की सजा का प्रावधान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिवाली** पर प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इस बार पटाखे जलाने वालों को छह माह की जेल की सजा और 200 रुपये जुर्माना हो सकता है। पटाखे बेचने एवं जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए 408 टीमों का गठन किया गया है।

इनमें पुलिस, राजस्व विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के 1279 कर्मचारी शामिल हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने केंद्र सरकार से अपील की है कि एनसीआर के शहरों में भी पटाखे बेचने एवं जलाने पर पाबंदी लगाएं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में पटाखों के उत्पादन, भंडारण व बिक्री पर विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी के तहत 5,000 रुपये तक का जुर्माना और तीन साल की जेल की सजा हो सकती है। दीवाली पर पटाखे जलाने से काफी प्रदूषण होता है।

इसके चलते अगले दिन लोगों को सांस लेने में तकलीफ होती है और आंखों में जलन की शिकायत रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह समस्या केवल दिल्ली में पटाखों की पाबंदी से कम नहीं होगी। इसके लिए एनसीआर में ( शेष पेज 8 )

### सेंट्रल पार्क में जलेंगे 51,000 दीये

**दिल्ली** सरकार द्वारा शुक्रवार को सेंट्रल पार्क में पटाखे नहीं, दीये जलाओ अभियान की शुरुआत की जाएगी। यहां पर 51 हजार दीये जलाकर लोगों को जागरुक किया जाएगा। गोपाल राय ने बताया कि लोगों को यह समझाना होगा कि दिवाली पटाखों का नहीं, रोशनी का त्योहार है। दिवाली जब भारत में मनाना शुरू किया गया तो उस समय पटाखे होते ही नहीं थे। यह अभियान दिल्ली के सभी मोहल्लों में चलाया जाएगा।

# रोहिणी जेल के 82 अफसरों के सुकेश से संबंधों की होगी जांच

- उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आर्थिक अपराध शाखा को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रोहिणी** जेल में महाठग सुकेश चंद्रशेखर को सुविधा मुहैया कराने वाले और उससे संबंध रखने वाले 82 जेल अधिकारियों की भूमिका की जांच होगी। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को इन जेल अधिकारियों के खिलाफ जांच करने की मंजूरी दे दी है। दरअसल, सुकेश महाठग का अवैध धंधा जेल के भीतर भी चल रहा है।

इसके ऐवज में जेल के अधिकारियों पर हर महीने करीब डेढ़ करोड़ रुपये वसूलने का आरोप है। इस मामले में रोहिणी जेल के अधिकारियों के खिलाफ शिकायत मिली थी। इसमें आर्थिक अपराध शाखा ने रोहिणी जेल के 82 अफसर-कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। उपराज्यपाल कार्यालय सूत्रों के अनुसार, उपराज्यपाल ने यह भी गौर किया है कि जेल विभाग वर्तमान में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता और मंत्री सत्येंद्र जैन के अधीन था तथा उस दौरान कैदियों से मोबाइल फोन जब्त किए जाने सहित कई गंभीर विवाद हुए।

इसके बाद हाल ही में विभिन्न जेल परिसरों में और आसपास जैमिंग उपकरण लगाए गए। सूत्र के अनुसार इसी प्रकार जेलों में भीड़भाड़, कैदियों के बीच हिंसक झड़प और पैरोल के बाद वापस नहीं आने वाले कैदियों ने विभाग को संकट में डाल दिया है। यह मामला जेल अधिकारियों की मिलीभगत से चंद्रशेखर द्वारा 200 करोड़ रुपए की जबरन वसूली से संबंधित है। आर्थिक अपराध शाखा ने भ्रष्टाचार निवारण कानून की धारा 17 (ए) के तहत इन अधिकारियों की जांच के लिए उपराज्यपाल से मंजूरी मांगी थी। इस ( शेष पेज 8 )

# दिखी आत्मनिर्भर भारत की शक्ति

- देश में बने उपकरण खरीदने का रक्षा बलों का निर्णय आत्मनिर्भर भारत की क्षमता को दर्शाता है: मोदी
- कहा, भारत से रक्षा निर्यात 13,000 करोड़ तक पहुंचा, इसे 40,000 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारतीय रक्षा बलों का देश में बने अधिकतर उपकरणों को खरीदने का निर्णय आत्मनिर्भर भारत की क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर रक्षा क्षेत्र में कुछ निर्माण कंपनियों के एकाधिकार के बावजूद भारत ने अपना स्थान बनाया है।

उन्होंने डिफेंस एक्सपो 2022 का उद्घाटन करने के बाद कहा कि यह भारत में निर्मित रक्षा सामग्री पर बढ़ते विश्वास का भी प्रतीक है, जिसका उद्देश्य देश की रक्षा निर्माण क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। उन्होंने कहा कि भारत से रक्षा निर्यात 2021-22 में लगभग 13,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया और आने वाले समय में हमने इसे 40,000 करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

कार्यक्रम में मोदी ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास उत्तरी गुजरात के बनासकांठा जिले के दीसा में एक नए हवाई अड्डे की आधारशिला भी रखी और कहा कि यह देश की सुरक्षा के लिए एक प्रभावी केंद्र के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा, देश बहुत आगे निकल गया है क्योंकि पहले हम कबूतर छोड़ते थे और अब हम चीतों को छोड़ते हैं। प्रधानमंत्री ने समुद्री सुरक्षा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि समुद्री सुरक्षा वैश्विक प्राथमिकता के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में भविष्य के अवसरों को देखते हुए अपनी तैयारियां भी बढ़ानी होंगी।

समुद्री सुरक्षा के मुद्दे पर मोदी ने सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन (सागर) के अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की भागीदारी समावेशी है। उन्होंने कहा, आज अंतरराष्ट्रीय ( शेष पेज 8 )




अहमदाबाद में चल रहे डिफेंस एक्सपो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# गाजियाबाद में महिला से निर्भया जैसी दरिंदगी

- पांच लोगों ने दो दिन तक किया सामूहिक दुष्कर्म, शरीर में डाली रॉड, बोरे में बंद कर सड़क किनारे फेंका
- दिल्ली की महिला भाई के जन्मदिन पर आई थी नंदग्राम, लौटते समय किया गया अगवा, परिचित हैं आरोपी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में दिल्ली की एक महिला से निर्भया जैसी हैवानियत की गई। पांच युवकों ने उसे अगवाकर दो दिन तक सामूहिक दुष्कर्म किया। उसके शरीर में रॉड घुसा दी। इसके बाद बोरे में बंद कर सड़क किनारे फेंककर भाग गए। जब बोरे को खोलकर महिला को निकाला गया, उस समय भी उसके शरीर में रॉड मौजूद थी। युवती का इलाज दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गाजियाबाद के पुलिस अधीक्षक (शहर-1) निपुण अग्रवाल के मुताबिक, नंदग्राम थाने के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 पर 18 अक्टूबर को रात करीब साढ़े तीन बजे कॉल आई, जिसमें कहा गया कि एक महिला आश्रम रोड पर पड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस उसे पास के अस्पताल ले गई, लेकिन पीड़िता के कहने पर उसे जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। महिला दिल्ली के नंदनगरी में रहती है और पेशे से नर्स है। पुलिस को दिए बयान में महिला ने कहा कि वह घटना से एक दिन पहले अपने भाई का जन्मदिन मनाने के लिए गाजियाबाद गई थी।

जहां से वापस लौटते समय चार लोगों ने उसे स्कार्पियो से अगवा कर लिया। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, चारो युवक उसे सुनसान जगह पर लेकर गए, जहां एक युवक पहले से मौजूद था। पांचों ने उसके साथ दो दिन तक दुष्कर्म किया। इसके बाद हाथ-पैर बांध दिए और बोरे में बंद करके फेंककर ( शेष पेज 8 )

# रुपया 61 पैसे टूटकर पहली बार 83 प्रति डॉलर के स्तर से नीचे

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**विदेशी** बाजारों में डॉलर के मजबूत होने और विदेशी पूंजी की सतत निकासी के बीच अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 61 पैसे की गिरावट के साथ पहली बार 83 रुपए के स्तर से नीचे चला गया। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चातेल कीमतों में तेजी तथा निवेशकों में जोखिम लेने की धारणा कमजोर होने से भी रुपए पर असर पड़ा। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.32 पर मजबूत खुला। बाद में रुपए का आरंभिक तेजी जाती रही और कारोबार के अंत में यह अपने पिछले बंद भाव 82.40 प्रति डॉलर के मुकाबले 61 पैसे की गिरावट के साथ अबतक के सबसे निचले स्तर 83.01 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.31 प्रतिशत बढ़कर 112.48 हो ( शेष पेज 8 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,107 | ↑ 146 | |
| निफ्टी | 17,512 | ↑ 25 | |
| सोना | 50,471 | ↓ 276 | /10g |
| चांदी | 56,406 | ↓ 487 | /kg |

### क्विक न्यूज

**कश्मीर में दो मजदूरों का हत्यारा लश्कर आतंकी ढेर**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में ग्रेनेड फटने से दो मजदूरों की मौत के बाद गिरफ्तार किया गया लश्कर-ए-तैयबा का हाइब्रिड आतंकवादी आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान मारा गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कश्मीर जोन पुलिस ने बुधवार को ट्वीट किया, गिरफ्तार हाइब्रिड आतंकवादी के खुलासे के आधार पर और पुलिस व सुरक्षा बलों की सिलसिलेवार छापेमारी के दौरान शोपियां के नौगाम में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों का एक बार फिर आमना-सामना हुआ, जिसमें हाइब्रिड आतंकवादी इमरान बशीर गनी एक अन्य आतंकवादी की तरफ से की गई गोलीबारी में मारा गया। मुठभेड़ स्थल से अपराध में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई है, जिसमें हथियार और गोला-बारूद शामिल है।

# आतंकवाद पर चीन फिर बेनकाब

- शाहिद और हाफिज को वैश्विक आतंकियों की सूची में डलवाने के भारत और अमेरिका के प्रयासों में लगाया अड़ंगा

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**चीन ने** पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हाफिज सईद के बेटे हाफिज तलाह और इसी संगठन के आतंकी शाहिद महमूद को वैश्विक आतंकवादियों की सूची में डाले जाने के लिए संयुक्त राष्ट्र में भारत और अमेरिका के प्रस्ताव में अडंगा लगा दिया। पाकिस्तान के पुराने साथी चीन ने वैश्विक संगठन में किसी आतंकवादी को प्रतिबंधित सूची में डालने के प्रयास को चार महीने के अंदर चौथी बार बाधित किया है।

चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत महमूद (42) को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को बाधित कर दिया है। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने लश्कर-ए तैयबा के धन जुटाने के प्रयासों व उसके नेटवर्क को बाधित करने के लिए महमूद और लश्कर के एक अन्य सदस्य मोहम्मद सरवर को दिसंबर 2016 में वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया था। चीन ने ऐसे में भारत और अमेरिका के इस प्रस्ताव को बाधित किया है, जब संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस भारत यात्रा पर हैं। उन्होंने मुंबई में 26/11 आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को बुधवार को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस आतंकवादी हमले में अमेरिकी नागरिकों सहित 160 से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, महमूद पाकिस्तान के कराची स्थित लश्कर का एक पुराना सदस्य है और वह कम से कम 2007 से संगठन से जुड़ा है। वह जून ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली-गुरुग्राम को जोड़ेगी एक और मेट्रो लाइन

## हरियाणा सरकार ने पालम विहार से द्वारका सेक्टर-21 तक डीपीआर को दी मंजूरी

- कुल 8.40 किमी दूरी में बनेंगे सात स्टेशन परियोजना में हरियाणा सरकार देगी 1,541 करोड़
- एमआरटीएस के गुरुग्राम मेट्रो कॉरिडोर, एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो कॉरिडोर और दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन के साथ इंटरचेंज होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**गुरुग्राम** और दिल्ली के बीच एक और मेट्रो लाइन का निर्माण होगा। हरियाणा मंत्रिमंडल ने बुधवार को गुरुग्राम के पालमविहार से दिल्ली के द्वारका सेक्टर 21 के बीच मेट्रो रेल कनेक्टिविटी परियोजना की अंतिम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को मंजूरी दे दी है।

इस नई लाइन से आईजीआई एयरपोर्ट, द्वारका सब सिटी, धोलाकुआ और आसपास के क्षेत्रों की पड़ोसी राज्य से आवाजाही बहुत ही आसान हो जाएगी। डीपीआर के मुताबिक, रेजांगला चौक और द्वारका सेक्टर-21 स्टेशन को जोड़ने वाली मेट्रो लाइन 8.40 किलोमीटर लंबी होगी, जिसमें से चार किलोमीटर पालम विहार से गुरुग्राम के सेक्टर-111 तक, जबकि शेष 4.40 किलोमीटर सेक्टर-111 से द्वारका सेक्टर-21 के बीच पड़ेगी। इस पूरे मार्ग में सात स्टेशन होंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार के हिस्से के 1,541 करोड़ रुपए के साथ सकल परियोजना लागत को भी मंजूरी दे दी गई।



हरियाणा सरकार की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के प्रशासनिक सचिव को परियोजना के क्रियान्वयन से जुड़े अनुबंधों एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर के लिए नोडल अधिकारी के रूप में मनोनीत करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई। बयान के मुताबिक, मास रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम (एमआरटीएस) गुरुग्राम शहर के ज्यादातर हिस्सों को दिल्ली और आसपास के अन्य इलाकों से जोड़ेगा। एमआरटीएस के गुरुग्राम मेट्रो कॉरिडोर, एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो कॉरिडोर और दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन के साथ इंटरचेंज होंगे। ये इंटरचेंज क्रमशः पालम विहार मेट्रो स्टेशन, आईईसीसी मेट्रो स्टेशन और द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन पर उपलब्ध होंगे। एमआरटीएस का सेक्टर 110-ए में द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ भी इंटरचेंज होगा।

बयान के अनुसार, द्वारका सेक्टर-21 स्टेशन पर चेक-इन की सुविधा दिल्ली हवाई अड्डा जाने वाले यात्रियों के लिए यात्रा को सुविधाजनक बनाएगी। बयान में कहा गया है कि एमआरटीएस की शुरुआत से सड़कों पर बसों, मध्यवर्ती सार्वजनिक परिवहन और निजी वाहनों की संख्या घटने के साथ ही वाहनों की गति बढ़ेगी और वायु प्रदूषण के स्तर में कमी आएगी। बयान के मुताबिक, एमआरटीएस ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 20 अक्टूबर, 2022



# कुत्तों के आतंक से निजात नहीं, 7 को काटा

## साहिबाबाद में सहमे लोग

● 10 माह में 35227 लोग हो चुके है शिकार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियबाद

गाजियबााद के साहिबाबाद में पार्श्वनाथ सोसायटी में पागल कुत्ते ने सात लोगों को काट लिया है। आरडब्ल्यूए की शिकायत पर नगर निगम की टीम कुत्ते को इलाज के लिए ले गई है। वहीं सोसायटी में जिन लोगों को कुत्ते ने काटा है उन्हें अस्पताल में रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया है।

बता दें कि पिछले कुछ दिनों से शहर में कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। आए दिन कहीं-ना-कहीं कुत्ते के द्वारा काटने की खबर पढ़ने-सुनने को मिल ही जा रही है। मंगलवार को नोएडा के सेक्टर 100 स्थित लोटस बुलेवार्ड सोसायटी में कुत्ते के काटने से बच्चे की मौत हो गई थी। इसके बाद लोगों में आक्रोश फैल गया जिसके बाद लोग सोसायटी परिसर में इकट्ठा होकर एओए के इस्तीफा देने व डाग लवर पर कार्रवाई करने की मांग करने लगे बाद में फिर सड़क जाम कर प्रदर्शन भी किया। पिटबुल, राटवेइलर और डोगो अर्जेटीनो को पालने पर रोक के बाद भी कुत्तों के काटने के मामले कम नहीं हो रहे हैं, क्योंकि अभी इस नियम को लागू होने में दो माह का समय लगेगा। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 10 माह में 35227 लोगों को कुत्तों ने काटा है। सबसे अधिक जनवरी और फरवरी में कुत्तों ने 10435 लोगों को काटा। सोमवार को शहर में 154 लोगों को कुत्तों ने काटा है। जिला एमएमजी अस्पताल के सीएमएस डा मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मंगलवार को भी दोपहर बाद दो बजे तक 142 लोगों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई गई। इनमें 25 बच्चे भी शामिल हैं।



## नसबंदी के बाद शेल्टर जाएंगे

नोएडा। प्राधिकरण ने फैसला लिया कि नोएडा में जिन डाग्स की नसबंदी की जाएगी उनको सोसाइटी नहीं छोड़ा जाएगा। बल्कि उनको शेल्टर में रखकर कर ट्रेनिंग दी जाएगी। जिससे उनके व्यवहार में बदलाव किया जा सके।

फेज में चार शेल्टर सेक्टर-34 सेक्टर-50, सेक्टर-93बी और सेक्टर-135 में बनाया जाएगा। इसके अलावा 18 और शेल्टर बनाए जाएंगे। प्राधिकरण के ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह ने बताया कि आरडब्ल्यूए की डिमांड आने पर प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। नोफा के अध्यक्ष राजीवा सिंह ने कहा कि = कुछ समय पहले इस बात पर सहमति जताई थी कि सोसाटियों के बाहर शेल्टर बनाए जाएंगे।

## बुलवर्ड सोसाइटी से हटाए जाएंगे

● जेपी अमन सोसायटी के लोगों ने प्राधिकरण से की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-100 बुलवर्ड सोसासटी की घटना के बाद अब नोएडा की सोसायटी में डर का माहौल है। लोग चाहते है कि उनकी सोसायटी से स्ट्रीट डाग्स को हटाकर शेल्टर भेजा जाए। ताकि उनके घर के बच्चे बुर्जुग आराम से घर से नीचे पार्कों में टहल सके। ये आवाज नोएडा की पॉश सोसायटी जेपी अमन के लोगों ने उठाई है। उनका कहना है सोसायटी के लोग परेशान है। हालांकि हम उनको मारना पीटना नहीं चाहते लेकिन प्राधिकरण से अपील की है वह स्ट्रीट डाग्स पर लगाम कसे।

दरअसल, सोमवार रात को बुलवर्ड सोसायटी में एक साल के बच्चे को तीन कुत्तों ने नोच दिया था। सर्जरी के बाद भी बच्चे की जान नहीं बच सकी थी। इसके विरोध में बुलवर्ड सोसायटी के लोगों ने नोएडा प्राधिकरण के विरोध में जमकर हंगामा करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया था। उनकी मांग थी स्ट्रीट डाग्स को यहां से हटाया जाए। इस केस के बाद से नोएडा की अब जेपी अमन सोसासटी में भी स्ट्रीट डाग्स को हटाने की डिमांड होने लगी है। जेपी अमन सोसायटी में 26 टावर और 4200 फ्लैट बने हुए है। इसमें 2000 से ज्यादा परिवार रह रहे है।

जेपी के एओए के सदस्य योगेश सिंह ने बताया कि सोसायटी में महीने में तीन से चार केस डाग बाइट के आते है। दो से तीन महीने पहले ही 75 साल के एक बुजुर्ग को डाग ने काट लिया था। जिससे उनको काफी परेशानी हुई थी। उन्होंने बताया कि सोसायटी में फीडिंग प्वाइंट बना हुआ है। लेकिन लोग टावर के नीचे ही डाग्स को रोटी देते है। जिससे लोगों को टावर में जाने में दिक्कत होती है। गीता शर्मा ने बताया कि सोसायटी में डाग्स का आतंक है। बड़े हो या छोटे सभी इन स्ट्रीट डाग्स से परेशान है। नोएडा प्राधिकरण इन स्ट्रीट डाग्स को इंतजाम करे।

## नोएडा पुलिस हिरासत से मादक पदार्थ तस्कर फरार, सिपाही निलंबित

नोएडा। नोएडा में एक संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर शौच जाने के बहाने पुलिस की हिरासत से भाग निकला, जिसके बाद ऑन-ड्यूटी सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि संदिग्ध को मंगलवार को मादक पदार्थ निषेध से संबंधित एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था और फेज-वन थाना में रखा गया था।

एक स्थानीय निवासी ने कहा, मूल रूप से बिहार के सीवान जिले का रहने वाला आरोपी भीष्म सिंह वर्तमान में नोएडा के सेक्टर 5 के हरोला गांव में रहता है। उसने पुलिस हिरासत में रहने के दौरान शौचालय जाने की मांग की थी। उसे एक सिपाही ने पकड़ रखा था लेकिन सिंह चकमा देकर फरार हो गया। अधिकारी ने कहा कि कांस्टेबल सनी चौधरी को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने कहा कि सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 223 (लोक सेवक की लापरवाही के कारण कैद या हिरासत से भागना) और 224 (अपनी वैध गिरफ्तारी को किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिरोध या बाधा डालना) के तहत एक नई प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## झुग्गी नहीं छोड़ने वालों का फ्लैट आवंटन होगा रद्द

● नोएडा प्राधिकरण ने जारी किया आदेश



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुनर्वास योजना के तहत नोएडा प्राधिकरण ने झुग्गीवासियों को 2064 फ्लैट का आवंटन सेक्टर.122 में किया था लेकिन अब तक सैकड़ों झुग्गीवासियों ने आवंटित फ्लैट पर कब्जा लेने के बाद भी झुग्गियों को नहीं छोड़ी है। ऐसे में प्राधिकरण ने 20 अक्टूबर तक झुग्गी को खाली करने का आदेश जारी किया था लेकिन सैकड़ों झुग्गीवालों ने अभी तक इस आदेश का पालन नहीं किया है। ऐसे में वर्क सर्किल एक ने अब तक 1393 झुग्गियों पर सीलिंग की कार्रवाई को पूरा कर लिया है।

20 अक्टूबर तक जिन लोगों ने झुग्गी को खाली नहीं किया। उन आवंटियों का फ्लैट आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। यह आदेश नोएडा प्राधिकरण की ओर से जारी कर दिया गया है। सेक्टर-4, 5, 8, 9 और 10 में स्थित झुग्गियों में रहने वाले 11565 परिवारों को पुनर्वास करने के लिए सेक्टर-122 में दो कमरे वाले तीन तलों के 3458 फ्लैट बनाए गए थे। हर फ्लैट 31.375 वर्ग मीटर का है। पहले चरण में सेक्टर.4 के पाकेट ए और बी के लिए 1771 आवेदकों के लिए ड्रा किया गया।

इसमें से अब तक 293 परिवारों को फ्लैटों का आवंटन किया जा चुका है। इस योजना की शर्त के मुताबिक फ्लैट का आवंटन होने के बाद उसकी रजिस्ट्री की एक कापी प्राधिकरण में जमा करनी होगी।

इसके बाद फ्लैट पर कब्जा लेने के लिए झुग्गी खाली कर उसका कब्जा वर्क सर्किल-एक के वरिष्ठ प्रबंधक को सौंपते हुए खाली करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसी के बाद फ्लैट पर कब्जा मिलेगा। वरिष्ठ प्रबंधक डोरी लाल वर्मा ने बताया कि 20 अक्टूबर झुग्गीवालों को खाली करने और फ्लैट पर कब्जा लेने की तिथि निर्धारित है।


सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर,न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अश्वनी श्रीवास्तव/मनीष श्रीवास्तव / LBGUR00003073756 | फ्लैट नंबर 702, 7वां तल, ब्लॉक बी, जेएनसी ग्रीन वुड्स, जीएच-1, सेक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद /17-10-2022 | 31-07-2018 रू. 67,07,366/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 2. | आशीष कुमार सरदाना/विनय कुमार सरदाना / LBDEL00002728396 | अपार्टमेंट नंबर ए-1/1201 ए, 13वां तल, ब्लॉक ए 1, साया जैड, प्लॉट नंबर जीएच-II, अहिंसा खंड-II, शिप्रा सन सिटी के सामने, इंदिरापुरम, गाजियाबाद/17-10-2022 | 18-08-2020 रू. 1,34,68,973/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 3. | पारस शर्मा/निधि शर्मा/ LBGHZ00002288216 | फलैट नंबर 202, टाइप ई, ब्लॉक सी, आईएन जेएनसी ग्रीनवुड्स, जीएच-1, सेक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद/17-10-2022 | 31-07-2018 रू. 75,85,037/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 4. | धीरेन्द्र वर्मा/स्नेहलता वर्मा /LBDEL00002974099 | फलैट नंबर 801, 8वां तल,, ब्लॉक बी, जेएनसी ग्रीनवुड्स, जीएच-1, सेक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद /17-10-2022 | 24-05-2018 रू. 49,51,051/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 5. | देवेश प्रताप सिंह/अमृता सिंह/LBDEL00002441689 | फलैट नंबर 1031, 10वां तल, सरस्वती महागुन मंत्रा-II, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-10, ग्रेटर नोएडा वेस्ट /15-10-2022 | 25-09-2020 रू. 22,31,433/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 6. | अनिल कुमार गुप्ता/निर्मल गुप्ता/हाईटेक अल्ट्रा विजन/LBGUR00002050188 | फ्लैट नंबर डी-57, एफएफ, पेडस्टल सेक्टर-70ए, गुरूग्राम, हरियाणा /15-10-2022 | 25-03-2021 रू. 27,98,013/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 7. | अनिल कुमार गुप्ता/निर्मल गुप्ता/हाईटेक अल्ट्रा विजन /LBGUR00002050183 | फ्लैट नंबर डी-57, एफएफ, पेडस्टल सेक्टर-70ए, गुरूग्राम, हरियाणा /15-10-2022 | 25-03-2021 रू. 26,98,415/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 8. | गौरव शर्मा/वेद प्रकाश शर्मा/LBDEL00001979564 | फलैट नंबर जी 1-603, 8वां तल, टावर जे 1, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-137, एक्सप्रेसवे नोएडा, ब्लॉसम काउंटी, नोएडा, उत्तर प्रदेश/15-10-2022 | 22-03-2021 रू. 28,21,773/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 9. | सुमित रतनागर/स्मारिका /LBDEL00001907722 | जेपी ग्रीन्स, अमन अपार्टमेंट नंबर एएमएन 0222202, सेक्टर-151, नोएडा, उत्तर प्रदेश/15-10-2022 | 30-11-2019 रू. 43,93,947/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 10. | सैयद मोहम्मद काशिफ रिजवी/डेजी रिजवी / LBGUR00002640760 | फ्लैट नंबर बी-1301, 12वां तल, टावर बी, न्यूटेक एलए, गैलेक्सिया, एचआरए-11, 1 ए, सूरजपुर साइट सी, नोएडा, उत्तर प्रदेश/15-10-2022 | 30-01-2018 रू. 27,16,207/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 11. | सुशांत कुमार सेठ/शेला सेठ/LBDEL00002017608 | फलैट नंबर जी-606, छठा तल, टावर जी, आरजी रेजीडेंसी, प्लॉट नंबर जीएच-2, सेक्टर-120, नोएडा/15-10-2022 | 23-06-2016 रू. 48,79,486/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 12. | सैयद इमरान अहमद/सैयद वकील अहमद / LBDEL00002103292 | फलैट नंबर ए1901, स्प्रिंगव्यू लोर्स, क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/15-10-2022 | 30-04-2019 रू. 45,79,505/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 13. | राजेश मल्होत्रा/रिशु सोनी /LBDEL00002872923 | फलैट नंबर ई-1501, 15वां तल, न्यूटेक एलए गैलेक्सिया, एचआरए 11, 1ए, सूरजपुर साइट सी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश/15-10-2022 | 03-10-2017 रू. 38,76,634/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 14. | अमन कालरा/किरण कालरा/ LBNOD00002351265 | फलैट नंबर एफ-1101, वीवीआईपी होम्स, 11वां तल, प्लॉट नंबर 03 के, सेक्टर-16सी, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश/14-10-2022 | 27-04-2018 रू. 47,06,182/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 15. | विवेकानंद मलिक/शस्मिता मलिक /LBFDB00002259235 | फलैट नंबर टी-1/बी-618, मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश /15-10-2022 | 03-10-2017 रू. 47,59,155/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 16. | योगेन्द्र सिंह/दीपक सिंह /LBGUR00003201640 | फ्लैट नंबर 1303, 13वां तल, ब्लॉक बी, सेक्टर-3, जेएनसी ग्रीनवुड्स, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/17-10-2022 | 28-01-2020 रू. 45,27,294/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 17. | अमित श्रीवास्तव/शालिनी श्रीवास्तव / LBDEL00002098816 | फलैट नंबर टी-1/बी-722, मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश /15-10-2022 | 31-08-2017 रू. 45,52,965/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 18. | नमित नायक/पूजा जैन / LBDEL00002119084 | टी-1/सी-521, 21वां तल, मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश /15-10-2022 | 30-06-2017 रू. 42,04,730/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 19. | मनीष कुमार/रेणु / LBDEL00003182976 | फलैट नंबर 501, 5वां तल,, ब्लॉक बी, जेएनसी ग्रीनवुड्स, जीएच-1, सेक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद /17-10-2022 | 29-09-2018 रू.41,07,100/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 20. | अजय कुमार उपाध्याय/कीर्ति उपाध्याय /LBDEL00002072771 | फलैट नंबर बी-जीएफ 12, भू तल, गार्डेनिया गेटवे, प्लॉट नंबर 10, सेक्टर-75, नोएडा/15-10-2022 | 30-10-2017 रू. 40,02,070/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 21. | जय प्रकाश/मनीषा यादव/ LBNOD00004905056 | फलैट नंबर 1605, 16 तल, टावर-आई, फ्यूचर एस्टेट, प्लॉट नंबर जीएच-16 ई, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश/15-10-2022 | 25-06-2021 रू. 41,56,638/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 22. | पारस अग्रवाल/उदिशा अग्रवाल / LBDEL00002084948 | टी-1/बी-721, 21वां तल, मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश /15-10-2022 | 31-08-2017 रू. 41,82,976/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 23. | नर्गिस अल्फ्रेड/राजू अल्फ्रेड / LBDEL00002172023 | फलैट नंबर टी-1/सी-516, 16वां तल, मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश /15-10-2022 | 27-09-2017 रू. 38,90,400/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 24. | शशि/आशीष चंद्र कांडवाल / LBGUR00002209187 | फलैट नंबर टी-1/बी-314, 14वां तल, मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश /15-10-2022 | 31-03-2017 रू. 36,22,971/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 25. | शशि/आशीष चंद्र कांडवाल / LBGUR00002159834 | फलैट नंबर टी-1/बी-312ए, 14वां तल, मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश /15-10-2022 | 29-04-2017 रू. 36,17,688/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 26. | शेफाली वर्मा/कमलेश कुमार वर्मा / LBDEL00002433345 | के 1-2203, 22वां तल, टावर के-1, कुमार इम्पीरियल ग्रीन्स, प्लॉट नंबर जीएच-01 बी, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट-201303/15-10-2022 | 23-06-2021 रू. 31,79,534/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 27. | बानी धमीजा/मननदीप सिंह धमीजा / LBDEL00003257666 | फलैट नंबर 806, 8वां तल, टावर ए, ऑक्सीरिच, नई दिल्ली एक्सटेंशन, प्लॉट नंबर जीएच-07 ए, कोयल एन्क्लेव, योजना गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/17-10-2022 | 31-03-2022 रू. 27,67,479/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 28. | जितेन्द्र सिंह सेहरावत/सरिता सेहरावत /LBDEL00002042317 | फलैट नंबर डी-084, 8वां तल, मीडोज विस्टा, राजनगर एक्सटेंशन, ग्राम मोरटा, एनएच-58, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश /17-10-2022 | 31-03-2018 रू. 29,68,576/- | दिल्ली/एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 20-10-2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## गौतमबुद्ध नगर में त्योहारों को लेकर पुलिस चौकस

नोएडा। त्योहारों को लेकर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने पुलिस फोर्स के साथ दादरी में पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों और बाजारों में लोगों से संवाद भी किया। महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए जागरूक किया।

पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देश पर त्योहारों को लेकर पुलिस अधिकारियों द्वारा बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया जा रहा है। इसी कड़ी में अपर पुलिस आयुक्त लॉ एंड आर्डर रवि शंकर छवि ने दादरी के बाजारों में पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया।

बाजारों में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके बाद दादरी क्षेत्र के अंतर्गत जीटी रोड, रेलवे रोड, पुराना बाजार व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया।

## भर्ती घोटाला: 21 को नंद गोपाल नंदी करेंगे समीक्षा

● 4 महीने पहले 123 पदों के लिए संविदा पर होनी थी नियुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संविदाकर्मियों की भर्ती घोटाला मामले में एक नया मोड़ आ गया है। प्राधिकरण की जांच जेम पोर्टल और सेवायोजन पोर्टल के बीच उलझती जा रही है। इसीलिए प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री पूरे मामले की समीक्षा करेंगे।

विदित हो कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तकरीबन 4 महीने पहले 123 पदों के लिए संविदा पर अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, नियोजन अधिकारी, सहायक नियोजन अधिकारी, उद्यानकर्मी और आईटी कर्मचारियों के साथ ही अन्य विभागों के लिए कर्मचारियों की तैनाती होनी थी। इसके लिए जेम पोर्टल पर कंपनियों के चयन की प्रक्रिया पूरी हुई। शासनादेश के अनुसार जेम पोर्टल केवल कंपनी का चयन करता है और इसकी एवज में वह अपना कमीशन 0.5 प्रतिशत कंपनी से लेता है।

कंपनी का चयन होने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के सेवायोजन पोर्टल पर अभ्यर्थी को आवेदन करने के लिए रास्ता मिलता है। उत्तर प्रदेश सरकार के सेवायोजन पोर्टल पर आवेदक अपनी योग्यता के अनुसार पदों के लिए डिटेल ऑनलाइन देता है।

## क्रिप्टो करेंसी दोगुना करने वाले ठग गिरफ्तार

नोएडा। बोगस कंपनियां खुलवाकर बैंक खातों में ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले गैंग के एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। ये लोग क्रिप्टो करेंसी के जरिए बोगस बैंक खातों में जमा करा लिए। इसकी पहचान प्रशांत सिंह के रूप में हुई है।

पीड़ित नितीश लांबा ने अपनी शिकायत में बताया कि वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़कर क्रिप्टो करेंसी को दोगुना करने पर इन लोगों ने 13 लाख 73 हजार 300 रुपए जमा कराए लिए। गौरव जोशी और आकाश गर्ग के साथ मिलकर एक नई कंपनी ग्रीन ट्रुथ टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड बनाई।

## मामूली बात पर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, सीसीटीवी में कैद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने लाठी डंडों से व्यापारी पर हमला बोल दिया। पिता-पुत्र को पीट.पीटकर लहूलुहान कर दिया। दूसरे पक्ष से भी एक व्यक्ति मारपीट में घायल हो गया। मारपीट की पूरी घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बुधवार दोपहर प्याबली गांव के बाजार में रामअवतार और शिवकुमार के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि शिवकुमार पक्ष की तरफ से एक दर्जन लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए और उन्होंने राम अवतार और उसके बेटे पर हमला बोल दिया। इस दौरान जमकर लाठी-डंडे चले।

मारपीट में रामअवतार और उनका बेटा घायल हो गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात है। व्यापारी के साथ मारपीट की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## चयनित कंपनी करेगी भूमिगत पार्किंग का संचालन

● नौ कंपनियों ने बिड डाली , अधिक राजस्व देने वाली कंपनी का होगा चयन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-एक, तीन और पांच में भूमिगत पार्किंग का संचालन नवंबर में चयन की जाने वाली कंपनी की ओर से किया जाने लगेगा। इसके लिए हाल ही में नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर कंपनियों से आवेदन मांगे था।

इसमें नौ कंपनियों ने बिड डाली है। जिनके कागजों की जांच की जा रही है। अधिक राजस्व देने वाली कंपनी का चयन किया जाएगा। वर्तमान में नोएडा प्राधिकरण ही तीनों पार्किंग का संचालन कर रही है। इस व्यवस्था से करीब 1500 वाहनों को स्थाई पार्किंग की सुविधा मिलने लगेगी। सड़क से इनका भार कम हो जाएगा। व्यवस्थित पार्किंग होने से जाम की समस्या खत्म होगी। प्राधिकरण वर्क सर्किल.एक के वरिष्ठ प्रबंधक डोरी लाल वर्मा ने बताया कि पार्किंग के संचालन का पूरी जिम्मेदारी कंपनी की होगी। प्राधिकरण को इसमें एक रुपये खर्च नहीं करना होगा। अनुबंध के तहत प्रति माह तीनों पार्किंग से साढ़े चार लाख रुपये कंपनी प्राधिकरण देगी।


PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public that of Mr. Anand Kumar Gupta is the owner of Upper Ground Floor admeasuring 200 sq. yds. (said floor) built on Plot No. 27/121, (Block 27 & Plot No. 121), out of Khasra No. 2299/637, & Khata No. 361/268, Situated at Village Chandrawali @ Shahdara in the abadi of Vishwas Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi; by virtue of sale deed dated 03.06.2015, Registration No. 3314, executed by Mrs. Meena Garg, has lost /misplaced SMC Certificate stating legal heirs of Late Mrs. Premwati, All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Amruddin is the owner of Property bearing No. 16-2/210/523, area measuring 41.55 Sq., Yds., Situated in the area of Village Chamri, Pargana & Tehsil & District Hapur vide Sale deed dated 03.08.2021, Doc No. 5565. All persons are hereby informed that Mr. Amruddin wants to mortgage the said property and intend to obtain a loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

Public Notice

This is to inform general public that Ijhar khan & Huma Khan have acquired the Third Floor (R.H.S) without roof rights "said floor" on property bearing no.13 -A, measuring 50 sq. yds. i.e. 41.80 sq. mtrs. Out of Khasra no. 1332/691/442, situated at village Uldhanpur in the Abadi of Gali No. 3, Kanti nagar Extn. Illaqa Shahdara, Delhi by way of sale deed dated 22.07.2020 Doc no. 2894. Now, Huma Khanam & Ijhar Khan are mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 04 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228 ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता - 700 020
सीआईएन : एल65190जीजे1994पीएलसी021012 www.icibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लक्ष्मण हलदर/राहुल हलदर/सपना हलदर/घोबा समुद्रगढ़ समुद्रगढ़ कालना पश्चिम बंगाल कालना - 713519 एलबीडीजीआर00005120579 एलबीडीजीआर00005296886 | आर.एस. तथा एल.आर. दाग नंबर 1329, आर.एस. तथा एल. आर. दाग नंबर 2132, एल.आर. खातियान नंबर 2085, जे.आई. नंबर 43, मौजा नंदाई, थाना और ए.डी.एस.आर. ऑफिस-कालना, जिला बर्दवान, पश्चिम बंगाल। (कुल भूमि क्षेत्रफल परिमाप 21.08 सटक 25 वर्ष पुरानी एक मंजिली बिल्डिंग परिमाप 1403 वर्ग फीट सहित) | 20-09-2022 रू. 60,49,243/- | 04-07-2022 |

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 20 अक्टूबर, 2022
स्थान : दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## संक्षिप्त समाचार



अपने ऑफिस में जनसमस्याओं को सुनते सांसद महेश शर्मा।

### पैथोलॉजी लैब में आग लगी, कोई हताहत नहीं



नोएडा। नोएडा में एक पैथोलॉजी लैब में मंगलवार देर रात को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बुधवार को बताया कि आग को बुझा लिया गया है और घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया, घटना सेक्टर 63 थाना क्षेत्र के एच- ब्लॉक में स्थित एक पैथोलॉजी लैब में देर रात 11 बजे हुई। दमकल विभाग की करीब आधा दर्जन गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 63 थाना क्षेत्र के एच-ब्लॉक में एक पैथोलॉजी लैब में मंगलवार देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई।

### मोदीनगर में सहकारी बैंक में चोरी का प्रयास

गाजियबााद। मोदीनगर के गांव भोजपुर स्थित जिला सहकारी बैंक की शाखा में मंगलवार रात चोरी का प्रयास हुआ। चोरों ने बैंक के पीछे की दीवार में कुबंल करके चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। बता दें कि उस समय लॉकर में पांच लाख रुपये थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। मोदीनगर हापुड मार्ग पर गांव भोजपुर में जिला सहकारी बैंक की शाखा है। शाखा में संजय कुमार प्रबंधक पद पर कार्यरत हैं।

### मोबाइल टावर से उपकरण चोरी

नोएडा। बदमाशों ने सेक्टर.122 की ग्रीन बेल्ट में लगे मोबाइल फोन के टावर से कीमती कार्ड और अन्य उपकरण चोरी कर लिए। इस संबंध में सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बदमाशों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है।

### बिजली बिल जमा कराने का झांसा देकर ठगी

नोएडा। साइबर अपराधी ने बिजली का बिल जमा कराने के नाम पर सेक्टर.21 निवासी शिव नारायण पांडे से 76 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी ने बिजली कनेक्शन कटने का मैसेज भेजकर जालसाजी की। इस संबंध में पीड़ित ने सेक्टर.20 थाने में केस दर्ज कराया है। शिव नारायण पांडे ने पुलिस को शिकायत दी है कि उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमें उनके बिजली कनेक्शन का बिल जमा नहीं होने की जानकारी थी। साथ ही, लिखा था कि उनका बिजली का कनेक्शन रात को कट जाएगा।

### चलती कार के बोनट पर स्टंट

नोएडा। तीन युवकों द्वारा कार के बोनट पर डांस और स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। यह वीडियो नोएडा का बताया गया है। पुलिस ने वीडियो की जांच शुरू कर दी है ताकि युवकों और कार की पहचान हो सके। वीडियो में तीन युवक एक साथ दो कार की छत पर बैठकर डांस करते दिखाई दे रहे हैं। ये कार सफेद रंगी की स्कॉर्पियो और ऑडी हैं, जिन पर युवक स्टंट भी कर रहे हैं। एक युवक कार का दरवाजा खोलकर बाहर निकला नजर आ रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

**बढ़ता ही जा रहा प्रदूषण**

# दिवाली से पहले लगेंगी और पाबंदियां

## राजधानी में 22 से ग्रैप का दूसरा चरण लागू होगा

- होटल, रेस्तरां और खुले में तंदूर सहित कोयला, लकड़ी जलाने की अनुमति नहीं होगी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दीपावली के आसपास हर साल पराली जलाने और पटाखों की वजह से दिल्ली एनसीआर के इलाकों में जहर घुलने लगता है। इस साल भी रोशनी का त्योहार दिवाली से दो पहले की 22 अक्टूबर को वायु प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी (एक्यूआइ 300) के आंकड़े को पार कर जाने की आशंका को देखते हुए इससे तीन दिन पहले ही राष्ट्रीय राजधानी के साथ ही एनसीआर के शहरों में भी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का दूसरा चरण लागू कर दिया गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग में ग्रेप को लागू कराने के लिए बनाई गई उपसमिति ने बुधवार आपात बैठक में प्रदूषण की समीक्षा के बाद ग्रेप का दूसरा चरण लागू करने का फैसला लिया। इसके तहत ग्रेप के पहले चरण में लगाए गए प्रतिबंधों के साथ ही दूसरे चरण के प्रतिबंध भी लागू कर दिए गए हैं।

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के साथ ही एनसीआर से संबंधित राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को इसे सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उपसमिति ने दिल्ली -एनसीआर के लोगों से भी अपील की है कि वे ग्रेप का दूसरा चरण लागू करने में सहयोग दें और इस चरण के तहत निर्देशित सिटीजन चार्टर का पालन करें।

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शनिवार को वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहने की आशंका के बीच, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने संबंधित एजेंसियों को ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (जीआरएपी) का दूसरा चरण लागू करने का बुधवार को निर्देश दिया, जिसके बात होटल, रेस्तरां और खुले भोजनालयों में कोयला और एवं लकड़ियों में आग जलाने पर प्रतिबंध रहेगा।

जीआरएपी के दूसरे चरण के तहत आवश्यक सेवाओं को छोड़कर डीजल जनरेटर का इस्तेमाल भी प्रतिबंधित है। जीआरएपी वायु प्रदूषण को काबू करने के लिए स्थिति की गंभीरता के अनुसार उठाए जाने वाले कदमों से जुड़ी योजना है। इसे दिल्ली में खराब वायु गुणवत्ता के चार चरणों के तहत वर्गीकृत किया गया है।

### चरण 2 में 12-सूत्रीय कार्य योजना भी होगी लागू

*दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 12-सूत्रीय कार्य योजना को कार्यान्वित और सुनिश्चित किया जाएगा। इसके तहत सड़कों की वैक्यूम मशीन से सफाई रोजना की जाएगी। धूल को उड़ने से रोकने के लिए पानी का छिड़काव सुनिश्चित करना। सड़कों पर विशेष रूप से हॉटस्पॉट, भीड़भाड़ वाली सड़कों में पर धूल को रोकने के लिए उचित कार्रवाई करना। विशेष रूप से व्यस्त समय से पहले। कचरे का निपटान निर्दिष्ट साइट लैंडफिल पर करना। सी एंड डी साइटों पर नियमित निरीक्षण और धूल नियंत्रण उपायों का सख्ती से पालन। होटल, रेस्तरां और खुले में तंदूर सहित कोयला , लकड़ी जलाने की अनुमति नहीं होगी। एजेंसिया यह सुनिश्चित करेंगी कि होटल, रेस्तरां और खुले भोजनालय केवल बिजली, स्वच्छ ईंधन गैस का उपयोग करें। निर्माण स्थलों पर एंटी-स्मॉग गन के उपयोग के लिए दिशा-निर्देश लागू करें।*

### पराली जलाने से रूक नहीं रहा पंजाब : केंद्र

**नई दिल्ली।** सर्दियों का मौसम शुरू होते हैं पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी है। इसको लेकर केंद्र सरकार ने नाराजगी जताई है। उसने कहा कि पराली जलाने की घटनाएं खासकर पंजाब में तेजी से बढ़ने लगी हैं और राज्य सरकार ने खेतों में पराली जलाने से रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं।

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पराली जलाने के मुद्दे पर एक पड़ोसी राज्यों की बैठक में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाब सरकार राज्य में खेतों में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सुनिश्चित कार्रवाई करने में तेजी नहीं दिखा रही है। पर्यावरण मंत्रालय ने एक बयान के अनुसार केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने उल्लेख किया कि हरियाणा में पराली प्रबंधन की स्थिति पंजाब की तुलना में काफी बेहतर है। बयान में कहा गया, पिछले साल कीतुलना में 15 तक पराली जलाने की घटनाएं कम थीं लेकिन अब यह खासकर पंजाब में तेजी से बढ़ने लगी है।

# राज आनंद बनेंगे समाज कल्याण मंत्री

- मुख्यमंत्री केजरीवाल ने उपराज्यपाल से की सिफारिश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि उन्होंने उपराज्यपाल से पटेल नगर के विधायक राज कुमार आनंद को समाज कल्याण मंत्री नियुक्त करने की सिफारिश की है।

राजनीति विज्ञान में एमए करने वाले आनंद 2012 में आम आदमी पार्टी के गठन के बाद से जुड़े हुए हैं। इससे पहले, वह भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जुड़े थे। राजकुमार जाटव समाज से आते हैं। राजेन्द्र पाल गौतम भी जाटव समाज से थे। राजकुमार आनंद की पत्नी बीना आनंद भी पटेल नगर से आम आदमी पार्टी की विधायक रह चुकी हैं। उनकी जगह ही 2019 विधानसभा चुनाव में राजकुमार को टिकट मिला था। दोनों ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के काफी करीबी माने जाते हैं। वर्ष 2020 में राज कुमार आनंद की ओर से दायर हलफनामे के मुताबिक उनके पास 78 करोड़ की चल-अचल संपत्ति है। उनके खिलाफ आईपीसी की धाराओं 325, 323, 427 और 34 के तहत केस भी दर्ज है।

### कूड़ेदान में मिली बच्ची बाल कल्याण समिति के सुपुर्द

**नई दिल्ली।** इस महीने की शुरुआत में कूड़ेदान में मिली एक नवजात बच्ची को यहां के एक अस्पताल में इलाज के बाद बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को सौंप दिया गया है।

कुछ दिन पहले स्थानीय पुलिस ने कूड़ेदान में मिली बच्ची को निजी अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती करवाया था। अस्पताल ने बताया कि 2.1 किलोग्राम वजनी नवजात बच्ची के दाहिने पैर में जानवर के काटने का निशान था और उसके शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो रही थी। अस्पताल ने बताया कि बच्ची को पीलिया भी था और उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

# वजीराबाद में बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी पड़ोसी गिरफ्तार

- मासूम ने मां को बताई आपबीती, तब खुला मामला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

वजीराबाद इलाके में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोप में 28 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। लड़की के माता-पिता की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, 11 साल की बच्ची के साथ सितंबर में पड़ोसी ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया था। गांधी नगर इलाके में रसोइए का काम करने वाले आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि मामला तब सामने आया जब लड़की ने अपनी मां को आपबीती सुनाई जिसके बाद उसने वजीराबाद पुलिस से संपर्क किया।

पुलिस के मुताबिक, पड़ोसी और लड़की का परिवार का एक ही घर में रहता है जिसमें कमरे अलग अलग हैं। पीड़िता को धमकी भी दी गई कि अगर उसने मामले की सूचना किसी को दी तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

# डीयू में प्रवेश के लिए पहली सूची जारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय ने स्नातक स्तर के कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीट आवंटन की बहुप्रतीक्षित पहली सूची बुधवार को जारी की। इसके साथ दाखिला प्रक्रिया का तीसरा और अंतिम चरण शुरू हो जाएगा। यह सूची पहले 18 अक्टूबर को घोषित की जानी थी, लेकिन इसे बुधवार तक टाल दिया गया।

डीयू के प्रवेश संबंधी विषयों के डीन हनीत गांधी ने कहा दिल्ली विश्वविद्यालय की समान सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस) के पहले चरण को आज जारी कर दिया गया। यह सूची सार्वजनिक रूप से जारी नहीं की गई है और केवल अभ्यर्थियों को उनके डैशबोर्ड पर उन्हें आवंटित कॉलेज और पाठ्यक्रम की जानकारी मिल सकेगी। अभ्यर्थी को यूजी एक्शन टैब के नीचे एक्सेप्ट एलोकेशन पर क्लिक करना होगा। विश्वविद्यालय ने एक बयान में कहा, कॉलेज प्राचार्य से स्वीकृति मिलने के बाद छात्रों को प्रवेश की पुष्टि के लिए शुल्क जमा करना होगा।

### सेंट स्टीफंस को मानने ही होंगे नियम

नई दिल्ली। विश्वविद्यालय ने सेंट स्टीफंस कॉलेज के संबंध में उच्चतम न्यायालय की ओर से दिए गए आदेश का स्वागत करते हुए उम्मीदवारों को आश्वासन दिया कि स्नातक पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया में कोई समस्या नहीं होगी और यह तय समय के अनुसार ही संचालित होगी। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें सेंट स्टीफंस को निर्धारित प्रवेश नीति का पालन करने के लिए कहा गया है।

# 1,400 किलो से अधिक अवैध पटाखे जब्त, पांच गिरफ्तार

- तीन अलग अलग जगहों पर छापेमारी में पुलिस को मिली सफलता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिवाली से पूर्व राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस ने तीन अलग-अलग छापेमारी अभियान के तहत 1,400 किलो से अधिक पटाखे जब्त किए और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह छापेमारी अभियान उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व और दक्षिणी जिले के पुलिस दलों ने चलाया। पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह 10 बजे उन्हें कन्हैया नगर इलाके में अवैध पटाखों की बिक्री की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि उक्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने त्रिनगर के कन्हैया नगर इलाके के निवासी मोहित गुप्ता (22) को पटाखों के एक बोरे के साथ गिरफ्तार किया था।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) उषा रंगनानी ने बताया कि मोहित ने खुलासा किया कि वह यहां एक ग्राहक तक पटाखों की खेप पहुंचाने के लिए आया था।

## संक्षिप्त समाचार



डीयू परिसर में एकात्मकता का दीप जलाते शिक्षक और छात्र।

### एकात्मकता दीप जलाकर सद्भावना दिवस का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** लोकनायक जयप्रकाश राष्ट्रीय कला और संस्कृति प्रतिष्ठान के संयोजन में दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति सामने कई विभागों के करीब सौ से अधिक छात्रों, शोधार्थीयों, अध्यापकों और कलाकारों द्वारा एकात्मकता दीप जलाकर वार्षिक सद्भावना दिवस का शुभारंभ किया गया। संस्था के राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द ओझा ने कहा कि युवा शक्ति को सांस्कृतिक चेतना के प्रति सजग होने की जरूरत है। राष्ट्रीय सचिव प्रो. दया शंकर तिवारी ने एकात्मकता दीप को भविष्य की नई चेतना का प्रतीक बताया। इस अवसर पर बाबा विजयेन्द्र, त्रिभुवन देव, स्वामी ओमानंद, सरस्वती और हेमन्त शेष ने अपने विचार रखे। वहीं संस्था के कार्यकारिणी सदस्य धर्मेन्द्र नाथ ओझा, विवेक कश्यप, शैलेश सिन्हा औरज्योतिका बजाज ने अपनी शुभकामनाएं और संदेश भेजें। संस्था की साधना राणा, त्रिभुवन देव और हर्ष मेहता, डॉ. राजमंगल यादव, डॉ. रवि कुमार मीणा, विभाकर दिक्षित, डॉ कृपा भास्कर सचदेव, प्रदीप कुशवाहा और आयुष नंदन ने कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति दर्ज कराई।

### दीपोत्सव-पंच प्रण उत्सव में होगा कला का संगम

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और बहुभाषी न्यूज एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से 20 से 22 अक्तूबर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम 'दीपोत्सव : पंच प्रण' का आयोजन कर रहे हैं। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के जनपथ मार्ग पर जनपथ भवन में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में इस कार्यक्रम में विचारों और कला का संगम होगा। कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध कलाकार गायन, नृत्य और वादन की बहुरंगी छटा बिखेरेंगे।

### एमसीडी के परिसीमन का अंतिम गजट अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** परिसीमन समिति द्वारा केंद्र को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने के एक दिन बाद गृह मंत्रालय ने मंगलवार को दिल्ली में नगर निगम वार्डों के परिसीमन पर अंतिम गजट अधिसूचना जारी कर दी, जिससे शहर में निकाय चुनावों का मार्ग प्रशस्त हो गया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी 800 पृष्ठों की गजट अधिसूचना में कहा गया है कि अब दिल्ली में नगर निगम वार्डों की संख्या 250 होगी। नगर निगमों के विलय से पहले 272 वार्ड थे। दिल्ली में इस साल अप्रैल से निगम चुनाव लंबित हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि परिसीमन समिति ने एमसीडी के वार्डों के परिसीमन को लेकर अपनी अंतिम रिपोर्ट सोमवार को सौंपी थी।

### अलग-अलग जगह में दो शव बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अलग-अलग घटनाओं में दो शव बरामद हुए हैं, जिनके सिर कुचले हुए हैं और शरीर पर चोट के कई निशान हैं। पहली ममामला सीआर पार्क इलाके में बाहरी रिंग रोड पर एक शव मिला। पुलिस को संदेह है कि यह दुर्घटना का मामला है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने कहा कि शव मिलने के बारे में सूचित किया गया। मृतक की आयु लगभग 40 वर्ष है। डीसीपी ने कहा कि एक अन्य मामले में दक्षिणी दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके के जौनापुर गांव में 30 से 35 साल के एक व्यक्ति का शव मिला है। उसकी जेब से एक श्रमिक कार्ड बरामद हुआ है, जिसमें उसकी पहचान प्रदीप के रूप में हुई है। उसके दाहिनी बांह पर टैटू से बेबी लिखा है। यह हिट-एंड-रन का मामला लगता है।


कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
**उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
ऊधमसिंह नगर

पत्रांक : 1305/निविदा/2022-23 | दिनांक: 19.10.2022

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक महोदय, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड पेयजल निगम/उत्तराखण्ड जल संस्थान, उत्तराखण्ड सरकार या अन्य राज्य सरकार/भारत सरकार के किसी भी उपक्रम अथवा निगम में उल्लेखित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से आईटमवार दर अनुबन्ध के आधार पर ई-निविदा **(टु-बिड)** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना **www.uktenders.gov.in** पर दिनांक **31.10.2022** के सायं **5:00** बजे से उपलब्ध होगी।

| क्र. सं. | निविदा सूचना सं0 | योजना का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत नलकूप छिद्रण, जलाशय निर्माण, पम्प हाउस निर्माण, स्टाफ क्वाटर निर्माण, राईजिंग मेन व वितरण मेन बिछाने, बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण, विद्युत यांत्रिक उपकरणों की आपूर्ति एवं एफ0एच0टी0सी0 कार्य तथा अन्य तत्सम्बन्धी समस्त कार्य श्रम, सामग्री एण्ड टी0एण्डपी0 सहित। | | | | | | |
| 1 | 35/2022-23 | बिन्दुखेड़ा एकल ग्राम-वि0ख0 रूद्रपुर | 560000 | Rs. 6000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |
| 2 | 36/2022-23 | आनन्दपुर बहुल ग्राम-वि0ख0 रूद्रपुर | 379200 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |
| 3 | 37/2022-23 | कनकपुर एकल ग्राम पे0यो0 | 285700 | Rs. 4000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |
| 4 | 38/2022-23 | दोपहरिया बहुल ग्राम पे0यो0 | 488700 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |
| 5 | 39/2022-23 | बखपुर बहुल ग्राम पे0यो0 | 368700 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |
| 6 | 40/2022-23 | मलसा गिरधरपुर बहुल ग्राम पे0यो0 | 470800 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |
| 7 | 41/2022-23 | दानपुर एकल ग्राम पे0यो0 | 319800 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |
| 8 | 42/2022-23 | खमरिया नं. 02 एकल ग्राम पे0यो0 | 333700 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |
| 9 | 43/2022-23 | लोहरा लोहरी बहुल ग्राम पे0यो0 | 215700 | Rs. 4000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |
| 10 | 44/2022-23 | विजयनगर एकल ग्राम पे0यो0 | 811500 | Rs. 7000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |
| 11 | 45/2022-23 | जाफरपुर एकल ग्राम पे0यो0 | 520800 | Rs. 6000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |
| 12 | 46/2022-23 | रायपुर एकल ग्राम पे0यो0 | 451200 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |
| 13 | 47/2022-23 | सरकड़ा एकल ग्राम पे0यो0 | 338800 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |
| 14 | 48/2022-23 | खमरिया बहुल ग्राम पे0यो0 | 470500 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |
| 15 | 49/2022-23 | गोबरा एकल ग्राम पे0यो0 | 436000 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |
| 16 | 50/2022-23 | जोगीपुरा बहुल ग्राम पे0यो0 | 336400 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |
| 17 | 51/2022-23 | जगन्नाथपुर बहुल ग्राम पे0यो0 | 272700 | Rs. 4000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |
| 18 | 52/2022-23 | बेरियादौलत एकल ग्राम पे0यो0 | 697300 | Rs. 6000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |
| 19 | 53/2022-23 | बांसखेड़ी एकल ग्राम पे0यो0 | 298300 | Rs. 4000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |
| 20 | 54/2022-23 | गजरौला एकल ग्राम पे0यो0 | 373700 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |
| 21 | 55/2022-23 | चनकपुर एकल ग्राम पे0यो0 | 390000 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |
| 22 | 56/2022-23 | हरिपुरा एकल ग्राम पे0यो0 | 729000 | Rs. 7000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |

शर्ते:-
1. धरोहर धनराशि एफ.डी.आर./बी.जी./एन.एस.सी. के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर द्वारा निर्गत, जो "अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर" के नाम से बंधक हों, निविदा के साथ जमा करानी होगी।
2. ई-निविदा दिनांक **31.10.2022** के सायं 5:00 बजे से डाउनलोड की जा सकेगी एवं दिनांक **14.11.2022** की सायं 5:00 बजे तक पोर्टल पर अपलोड की जा सकेगी।
3. तकनीकी निविदा से सम्बन्धित प्री-बिड मीटिंग दिनांक **07.11.2022** को अपरान्ह **3:30** बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के अधिशासी अभियन्ता कक्ष में आहुत की जायेगी।
4. निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड की गई धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य, शपथ पत्र, स्टाम्प पेपर आदि के Original documents अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के कार्यालय में दिनांक **14.11.2022** के सायं 5:00 बजे तक जमा कराये जाने होंगे।
5. तकनीकी बिड दिनांक **15.11.2022** को प्रातः 11:00 बजे खोली जायेगी। कॉमर्शियल बिड खोलने की तिथि पृथक से सूचित की जायेगी।
6. उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वैबसाईट **www.uktenders.gov.in** पर ही अपलोड की जायेगी। संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जायेगा।
7. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार होगी।

(तरूण शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

"जल संचय-जीवन संचय"



**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर,न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/ सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुभाष चंद्र/ सरिता तोमर / LBGUR00002252341 | फ्लैट नंबर एन/यूएच-203, द्वितीय तल, अर्बन होम्स, स्थित एनएच-24, गाजियाबाद /17-10-2022 | 30-01-2018 रू. 10,03,631/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | संजय सचदेवा/ मंजू सचदेवा / LBGUR00005201580 | दुकान नंबर एसएफ-215, द्वितीय तल, ब्लॉक डी, सुशांत टावर, सुशांत लोक फेज-3, सेक्टर-56, गुरूग्राम, हरियाणा /15-10-2022 | 07-05-2022 रू. 16,40,781/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | सतेन्द्र सिंह/अर्पणा सिंह/ LBGHZ00002862052/ LBGHZ00002983769 | फ्लैट नंबर 082, 8वां तल, टावर-बी, (छत के अधिकार नहीं), मीडोज विस्टा विलेज, मोरटा परगना डासना, जलालाबाद, केएच नंबर 240, गाजियाबाद /17-10-2022 | 19-06-2021 रू. 18,03,681/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | गौरव कुमार भटनागर/ प्रिया भटनागर / LBDEL00002445224 | फ्लैट नंबर 1702, 17वां तल, ब्लॉक-ए, ट्रॉय, प्लॉट नंबर जीएच 01/डी, सेक्टर-120, जीबी नगर, ग्रेटर नोएडा/15-10-2022 | 31-08-2017 रू. 10,13,368/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | मनु भारद्वाज/ सतपाल / LBGUR00002377203 | फ्लैट नंबर बी-2/402, चतुर्थ तल, टावर बी-2, एमवीएन एथेंस, सोहना सेक्टर-5, सोहना, गुरूग्राम, हरियाणा /15-10-2022 | 31-10-2017 रू. 7,02,098/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | विकेश पाल/राजेश पाल/ LBNOD00005112925/ LBNOD00004967934 | फ्लैट नंबर सी 1502, 14वां तल, सेवी विले डि, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/17-10-2022 | 30-09-2020 रू. 40,59,065/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | दीपक कुमार खरोलिया/सोनल / LBNOD00005290312/ LBNOD00002341853 | फ्लैट नंबर 1616, 16वां तल, टावर ए-3, ईको विलेज-1, प्लॉट नंबर 08, सेक्टर-1, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश/15-10-2022 | 19-06-2021 रू. 14,71,040/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | प्रियंका श्रीवास्तव/ अपराजिता श्रीवास्तव / LBDEL00005114560 | फ्लैट नंबर सन-1/0606, छठा तल, ब्लॉक- सन 1, मिगसन रूफ, राज नगर एक्सटेंशन, सिकरोड, प्लॉट नंबर/खसरा नंबर 4, 5 एवं 51, परगना जलालाबाद, तहसील गाजियाबाद/17-10-2022 | 06-08-2021 रू. 18,46,111/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | कुमारी सोनम/ अमित कुमार / LBGUR00004280382 | फ्लैट नंबर एफ-102, प्रथम तल, टावर एफ, सन सिटी एवेन्यू 102, सेक्टर-102, गुरूग्राम, हरियाणा /15-10-2022 | 06-07-2021 रू. 14,43,503/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | विवेक आनंद/ शोभा रानी / LBNOD00001994391 | फ्लैट नंबर ए-ए3-202, द्वितीय तल, टावर ए-3, गार्डेनिया गेटवे, प्लॉट नंबर जीएच-10, सेक्टर-75, नोएडा, उत्तर प्रदेश/15-10-2022 | 06-07-2021 रू. 20,56,329/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11. | निखिल यादव/ वंदिता / LBGUR00004121099 | फ्लैट नंबर 1302, 13वां तल, टावर जी 1, ईको विलेज जी 1, प्लॉट नंबर 8,, सेक्टर-1, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश /14-10-2022 | 23-06-2021 रू. 78,43,247/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12. | हरदीप भाटी/ शीतल भाटी / LBDEL00003056637 | प्लॉट नंबर जी 92, ब्लॉक जी, सेक्टर-63, नोएडा, जीबी नगर, नोएडा/15-10-2022 | 13-06-2022 रू. 68,49,490/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 13. | अभिनय वर्मा/ मनीषा वर्मा / LBGUR00002089668 | टी-1/सी-422, मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश /15-10-2022 | 03-10-2017 रू. 53,47,877/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 14. | नितिन बुधिराजा/ अंजू बुधिराजा / LBDEL00002066051 | फ्लैट नंबर बी-1812 ए, 18वां तल, गार्डेनिया गेटवे, प्लॉट नंबर 10, सेक्टर-75, नोएडा/15-10-2022 | 29-09-2018 रू. 38,97,884/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 15. | राजेश कुमार सिंह/ ब्रजेश कुमार सिंह / LBGUR00002417418 | यूनिट नंबर 2006, 20वां तल, टावर बी, दि अरण्य रेजीडेंसी, जीएच-02, सेक्टर-119, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश /15-10-2022 | 22-03-2021 रू. 73,57,668/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 16 | समीर सचदेवा/ समिता मदान/ LBGHZ00002446378 | फ्लैट नंबर सी3-1501, 14वां तल, विक्ट्री एस, प्लॉट नंबर जीएच-2, सेक्टर-143, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश /15-10-2022 | 23-06-2021 रू. 75,02,431/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 17 | भूपाल सिंह नेगी/ सोनी नेगी / LBDEL00004351441 | फ्लैट नंबर ई-1401, 14वां तल, स्काईटेक मैट्रोट, प्लॉट नंबर जीएच-01/डी, सेक्टर-76, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश/15-10-2022 | 23-06-2021 रू. 51,64,233/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 18 | कुणाल सिंह/ प्रशिमा कंवर / LBNOD00002018386 | अपार्टमेंट नंबर एलडी00151004, इन कोव टावर-15, जेपी ग्रीन स्पोर्ट्स सिटी, गौतमबुद्ध नगर/15-10-2022 | 23-06-2021 रू. 36,58,998/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 19 | शिवेंदु तिवारी/ कामेश्वर तिवारी/ LBNOD00002057019 | फ्लैट नंबर ए-ए2-1902, 19वां तल, गार्डेनिया गेटवे, प्लॉट नंबर 10, सेक्टर-75, नोएडा/15-10-2022 | 12-02-2019 रू. 66,08,837/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 20 | शिव मदान/ सरिता मदान / LBDEL00002255676 | फ्लैट नंबर ए-ए2-1402, 14वां तल, गार्डेनिया गेटवे, प्लॉट नंबर 10, सेक्टर-75, नोएडा/15-10-2022 | 12-02-2019 रू. 62,49,369/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 21 | रमिन्दर सिंह चढ्ढा/ हरजिंदर कौर चढ्ढा / LBDEL00001675509 | टी-8/503, 5वां तल, आम्रपाली ग्रैंड, प्लॉट नंबर 9, जीएच, सेक्टर-जीटा-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा/15-10-2022 | 25-06-2010 रू. 51,21,996/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 22 | जीवेश वर्नी/ लक्ष्मी चौधरी/ LBNOD00002069889 | फ्लैट नंबर ए-ए2-1903, 19वां तल, गार्डेनिया गेटवे, प्लॉट नंबर 10, सेक्टर-75, नोएडा/15-10-2022 | 12-02-2019 रू. 50,27,674/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 23 | अजीत रंजन/ वंदना रोज / LBDEL00002073727 | फ्लैट नंबरबी-1705, 17वां तल, गार्डेनिया गेटवे, प्लॉट नंबर 10, सेक्टर-75, नोएडा/15-10-2022 | 12-02-2019 रू. 61,41,952/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 24 | रोहित गुरूदेवा/ रजत गुरूदेवा तिवारी / LBDEL00002093535 | फ्लैट नंबर टी-1/सी-403, टावर टी-1, मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश /15-10-2022 | 31-03-2017 रू. 57,38,232/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 25. | विनय जैन/विवेक जैन / LBDEL00002114828 | फ्लैट नंबर टी-1/सी-522, मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश /15-10-2022 | 03-10-2017 रू. 49,32,340/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 26. | विभोर कुमार/ अनुराधा जसूजा / LBGUR00004983636 | यूनिट नंबर जी-68, भू तल, स्पेस पलाजो सेक्टर-69, ग्राम फाजिलपुर, झारसा, हरियाणा, गुरूग्राम/15-10-2022 | 25-03-2021 रू. 71,12,615/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 27. | रोहित शर्मा/ विमला/ LBNOD00004221992 | फ्लैट नंबर 2404, 24वां तल, टावरएफ, सुपरटेक ह्यूज, राजस्व सम्पदा ग्राम बादशाहपुर, सेक्टर-68, गुरूग्राम-122001/15-10-2022 | 28-01-2020 रू. 62,08,385/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 28. | नरेश पाल सिंह/ लता सिंह/ LBNOD00002435586 | मकान नंबर 365 ए, भू तल, एमआईजी शिप्रा सन सिटी, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201001/17-10-2022 | 27-05-2022 रू. 36,97,625/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 20-10-2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# कभी चारा ढोने वाली पूजा 'क्षितिज' पर पहुंच बन चुकी हैं एग्री बिजनेस क्वीन

## पूजा शर्मा ने अपने ब्रांड में 150 महिलाओं को भी दिया है रोजगार

## राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार से किया जा चुका है सम्मानित

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम



अपनी स्टॉल पर पूजा शर्मा।

**पूजा** शर्मा भले ही आज बिजनेस के क्षेत्र में 'क्षितिज' पर पहुंच चुकी हो, लेकिन उनका जीवन एक सामान्य ग्रामीण महिला का रहा है। अपने गांव में कभी पशुओं के लिए चारा ढोने वाली गुरुग्राम के गांव चंदू की रहने वाली पूजा शर्मा आज एक सफल उद्यमी बनकर अपनी विशेष पहचान बना चुकी है। वे सोया नट्स, बाजरे के लड्डू, ज्वार मट्ठी जैसे कई एग्री-प्रोडक्ट्स बनाती हैं।

यहां सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली मैदान में चल रहे आजीविका सरस मेले के स्टाल नंबर-182 में पूजा शर्मा के प्रोडक्ट लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हैं। पूजा शर्मा ने गांव के चूल्हे चौके और पशुओं के लिए खेतों में चारा काटने से लेकर राष्ट्रपति से पुरस्कार पाने तक का सफर काटों भरा रहा। एक मजबूत इरादे वाली महिला पूजा शर्मा के संघर्ष का सफर शादी के साथ ही 1999 से शुरू हुआ। 20 साल की आयु में एक संयुक्त परिवार से अलग हो चुकी पूजा ने खेती के माध्यम से परिवार की आजीविका के प्रबंधन में अपने पति के साथ कदम आगे बढ़ाए। गांव में सीमित रोजगार के अवसर के बीच साल 2008 में पूजा ने ढाई हजार रुपये प्रति माह पर एक एनजीओ में नौकरी शुरु की, लेकिन दो साल बाद ही बड़े सपने देखने वाली पूजा ने 2010 में ही ये नौकरी छोड़ एक गाय पाली और देखते ही देखते उनके पास सात गायें हो गईं।

पूजा के ब्रांड क्षितिज का बाजार आज देश के बड़े-बड़े सुपर बाजार से लेकर पांच सितारा होटलों तक पहुंच चुका है। क्षितिज स्वयं सहायता समूह के मदद से 1500 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित कर चुकी पूजा शर्मा 150 महिलाओं को रोजगार भी दे रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2022 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पूजा शर्मा को महिला सशक्तिकरण की दिशा में असाधारण कार्य करने के लिए नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया। पूजा शर्मा का इरादा अपने एग्री-प्रोडक्ट्स को विदेशी बाजार के क्षितिज तक पहुंचाना है।

### 2014 में सफलता में लगे चार चांद

**2013** में शिकोहपुर गुरुग्राम के कृषि विज्ञान केंद्र से ट्रेनिंग लेकर पूजा ने सोया नट्स, बाजरे के लड्डू, ज्वार मट्ठी जैसे तमाम एग्री-प्रोडक्ट्स बनाने शुरु किया और जल्द ही पूजा के प्रोडक्ट्स ने बाजार में अपनी जगह बना ली। पूजा के सफलता में चार चांद 2014 में लगा जब स्वयं सहायता समूह क्षितिज के माध्यम से उन्होंने अपने एग्री-प्रोडक्ट्स का विस्तार किया और सरस आजीविका मेले का हिस्सा बनकर देश के बड़े-बड़े शहरों में गई और अपने एग्री-प्रोडक्ट्स की बिक्री के साथ-साथ मार्केटिंग की। 2016 में ही पूजा को पहली बार दिल्ली के पूसा कृषि विज्ञान मेले में पहचान मिली जहां उन्हें देश के कोने-कोने से आए एग्री स्टार्टअप्स के बीच इनोवेटीव फार्मर का अवॉर्ड मिला।

# मिट्टी के दीयों से ही जगमग करें दीपावली : नवीन गोयल

## गुरुग्रामवासियों से की मिट्टी के दीयों के उपयोग के लिए अपील

## चाइनीज सामान का बहिष्कार कर भारतीय उत्पादों को दें बढ़ावा

## पिछले दो वर्षों में लोकल फॉर वोकल को मिला है बल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



दीपावली पर मिट्टी के दीयों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करते नवीन गोयल और अन्य समाजसेवी।

**आधुनिकता** के दौर में पहुंचकर हमें अपनी पौराणिकता को नहीं भूलना। हमें अपने त्योहारों पर उन सब सामानों का उपयोग करना है जो हमारी संस्कृति का हिस्सा होने के साथ-साथ किसी की रोजी-रोटी का भी जरिया होता है। इस बार दिवाली के त्योहार पर हमें बाजारों में बिकने वाले फैशनेबल चाइनीज लड़ियों, दीयों की बजाय हमारे अपने घर-गांव के आसपास बनने वाले मिट्टी के दीयों से घर को रोशन करना है। हमारा यह प्रयास उन लोगों को खुशी देगा, उनकी दीवाली बनवाएगा जो मिट्टी में मिट्टी होकर यह सामान तैयार करते हैं। यह अपील की है पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने।

अपने कार्यालय में समाजसेवियों विजय वर्मा, सुरेंद्र शर्मा, गिरवर नारायण शर्मा, अमित कुमार मिट्टी की खुशबू, बलजीत सुभाष नगर, भीम सेन, पवन सैनी व मनीष के साथ मिट्टी के दीये उपयोग करने की प्रेरणा देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में भी मिट्टी के दीये की पहचान बरकरार रखना हमारी जिम्मेदारी है। मिट्टी के दीये बनाने के काम में जुटे कारीगरों से सिर्फ नाम मात्र दीये ना खरीदकर हमें अच्छी-खासी संख्या में दीये खरीदकर अपने घर की मुंडेर से लेकर आसपास बने पूजा स्थलों, पार्क आदि को भी रोशन करना है। श्री गोयल ने कहा कि मिट्टी के दीये भारतीयता की खुशबू से भरपूर हैं। अपने घर को सस्ते में दीयों से रोशन करने के लिए मिट्टी के दीयों से बढ़कर कोई चीज नहीं है। दिवाली में प्रत्येक घर में मिट्टी के दीयें जलाने की परंपरा पुरानी है।

नवीन गोयल ने कहा कि भले ही चाइना जैसे देशों ने सस्ती और सुलभ चीजें हमें उपलब्ध करा दी हों, लेकिन हमें अपनी संस्कृति से दूर नहीं होना है। मिट्टी के दीयें सबसे शुद्ध होते हैं। इनसे पॉजिटिविटी आती है। किसी तरह का प्रदूषण भी नहीं फैलाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वोकल फॉर लोकल की अपील पहले ही देशवासियों से की है। पहले भी लोगों ने स्थानीय वस्तुओं का इस्तेमाल करके चीन को आइना दिखाया था। अब भी हम सबको ऐसा ही करना है। चाइनीज दीयों, लड़ियों पर भारतीय मिट्टी की खुशबू भारी पड़नी चाहिए।

### दो वर्षों से आया लोगों की सोच में बदलाव

**नवीन** गोयल ने कहा कि चाइनीज झालरों व मोमबत्तियों की चकाचौंध ने हमारी मिट्टी के दीयों के प्रकाश को गुमनामी के अंधेरे में धकेल दिया था। मगर पिछले दो वर्षों से लोगों की सोच में बड़ा बदलाव आया है। एक बार फिर गांव की लुप्त होती इस कुम्हारी कला के पटरी पर लौटने के संकेत मिलने लगे हैं। मिट्टी से निर्मित मूर्तियां, दीये व खिलौने पूरी तरह इको-फ्रेंडली होते हैं। इसकी बनावट, रंगाई व पकाने में किसी भी प्रकार का केमिकल प्रयोग नहीं किया जाता है। दीये पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। इसके साथ ही गांवों में सदियों से पारंपरिक कला उद्योग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में जहां पूरा सहयोग मिलता रहा, वहीं गांव में रोजगार के अवसर भी खुलते हैं।

# समान विकास की पक्षधर प्रदेश सरकार के काम पर वोट देगी आदमपुर की जनता



आदमपुर चुनाव को लेकर बैठक में उपस्थित चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य।

## कृषि मंत्री जेपी दलाल को बनाया गया है चुनाव प्रभारी

**गुरुग्राम।** आदमपुर उपचुनाव में भाजपा-जजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने ताकत झोंक दी है। चुनावी प्रचार के दौरान मिल रहे जनता के आशीर्वाद से साफ है कि आदमपुर की जनता विकास की पक्षधर प्रदेश सरकार के काम पर वोट देकर भव्य बिश्नोई को विजश्री दिलाएगी। इसो को लेकर भाजपा की ओर से चुनाव प्रबंधन की बैठक हुई।

आदमपुर उपचुनाव के लिए मंत्री डा. कमल गुप्ता को चुनाव संचालन समिति के संयोजक, जेपी दलाल को चुनाव प्रभारी, सांसद कृष्ण पंवार व सुरेंद्र आर्य को चुनाव सह-प्रभारी बनाया गया है। चुनाव प्रबंधन को लेकर सभी वरिष्ठ नेताओं की बैटक हुई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सहभागिता की। बैठक के बाद उन्होंने जनता के बीच जाकर भी भव्य बिश्नोई के लिए वोट मांगे। नवीन गोयल ने कहा कि आदमपुर में होने वाले उपचुनाव में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की नीतियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की संगठनात्मक मजबूती के जनसेवा के कार्यों की बदौलत आदमपुर की जनता मुहर लगाएगी। हरियाणा भाजपा प्रभारी बने बिप्लब कुमार देब ने भी कम समय में रणनीतिक तौर पर काम किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के समान विकास के पक्षधर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूर्व में भी आदमपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में विकास की नई परियोजनाओं को शुरू किया है। उस समय भले ही चौधरी भजनलाल परिवार कांग्रेस का हिस्सा हो, लेकिन भाजपा की मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार ने बिना कोई भेदभाव किए कार्यों को गति दी।

## संक्षिप्त-समाचार

### मांगों को लेकर सफाई कर्मी दो दिन की हड़ताल पर



**सोहना।** कच्चे कर्मचारियों को कौशल रोजगार योजना से जोड़ने की मांग करते हुए नगर परिषद के सफाई कर्मी दो दिन के धरने पर बैठ गए। मांग पूरी न होने पर कर्मचारियों ने धरने को अनिश्चित काल तक जारी रखने की चेतावनी दी है। बुधवार से सफाई कर्मियों ने यूनिट प्रधान विक्रम सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय के गेट पर अपनी मांगों को लेकर दो दिन की हड़ताल कर दी। यूनिट प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें या फिर उन्हें कौशल रोजगार योजना से तुरन्त प्रभाव से जोड़ा जाए। क्योंकि कच्चे कर्मचारियों को सफाई के उपकरण ही नहीं वर्दी और जूत्ते नहीं तक नहीं दिए जा रहे हैं। यूनिट प्रधान ने कहा कि कच्चा कर्मचारी स्थाई कर्मचारी से अधिक कार्य करता है, लेकिन उसका मेहनताना स्थाई कर्मचारी से चार गुणा कम मिलता है। कर्मचारियों का पीएफ की राशि हर माह काटने के बाद भी चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि हटाए गए कर्मचारियों को वापस लिया जाए। कर्मचारियों को तीन-तीन माह में वेतन मिलता है।

### गाड़ी सवार दो युवकों ने युवती के अपहण का किया प्रयास

**सोहना।** भोंडसी की देव नगर कॉलोनी में रास्ते किनारे खड़ी होकर अपने परिजन से बात कर रही युवती को गाड़ी में सवार दो युवकों ने डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित युवती ने आरोपियों पर अपहरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। भोंडसी की पार्ट-2 देवनगर कॉलोनी में रहने वाली प्रिया शुक्ला ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात करीब सवा आठ बजे वह पैदल अपने घर जा रही थी। घर से करीब 300 मीटर पहले उसकी बहन का फोन आया। वह बहन से फोन पर बात कर रही थी। उसी समय एक गाड़ी वहां आकर रुकी। जिसमें से एक युवक ने उसे वहां पर खड़े होने का कारण पूछा। उसने कहा कि आपको क्या मतलब। उसके इतना कहने पर गाड़ी में सवार दोनों युवकों ने गाड़ी से डंडे निकालकर हमला कर दिया। मारपीट होते देख राहगिर लोग वहां पर रुक गए। इस दौरान आरोपियों ने उसे अपनी गाड़ी में डालकर अपहरण करने का प्रयास किया। लेकिन उसने आरोपियों के मंसूबों को पूरा नहीं होने दिया। आखिर आरोपी उसे जाते समय जान से मारने की धमकी देकर चले गए। भोंडसी थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की गाड़ी और उनकी पहचान में जुट गई है। जिससे आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### भारत तिब्बत सहयोग मंच फूंकेगा चीन का पुतला

**गुरुग्राम।** चीन द्वारा 20 अक्टूबर 1962 को भारत पर आक्रमण की 60वीं वर्षगांठ पर चीन के खिलाफ गुरुग्राम में विरोध प्रदर्शन होगा। भारत तिब्बत सहयोग मंच हरियाणा इकाई की ओर से कल गुरुवार 20 अक्टूबर 2022 को यहां डाकखाना चौक पर विरोध प्रदर्शन करके चीन का पुतला दहन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए भारत तिब्बत सहयोग मंच की हरियाणा प्रांत इकाई के अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि 20 अक्टूबर 2022 को भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल की अगुवाई में डाकखाना चौक गुरुग्राम में पुतला दहन और विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन से पूर्व मंच के सदस्य शमा रेस्टोरेंट के निकट एकत्रित होंगे। वहां से जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए डाकखाना चौक पर पहुचेंगे। अमित गोयल ने कहा कि तिब्बत की आजादी, मानसरोवर की मुक्ति और भारत की सुरक्षा मंच का उद्देश्य है। जब तक इस उद्देश्य में कामयाबी नहीं मिलती, चीन के खिलाफ आक्रोष जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि वे इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर अपने देश के प्रति कृतज्ञता दिखाएं और चीन के खिलाफ आवाज बुलंद करें।

# आरोपियों को छूट दिए जाने के विरोध में लगाया जाम

## दो भाइयों के साथ की गई थी मारपीट

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



अंबेडकर बाईपास चौक पर जाम लगाने वालों से बात करते हुए एसीपी नवीन सिंधु।

**दो** भाइयों के साथ रोडरेज के दौरान हुई मारपीट के मामले में धाराएं कम करने के विरोध में शहवासियों ने शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर जाम लगाकर सड़क पर बैठ गए। एक करीब एक घंटे तक बाईपास चौक पर जाम रहने से नूंह, तावडू, पलवल और गुरुग्राम मार्गों पर वाहनों की लंबी लाइन लग गईं। एसीपी ने जाम लगाकर बैठे शहरवासियों को मामले की धाराओं में किसी भी प्रकार का बदलवा न करने का आश्वासन दिया। तब कहीं नागरिकों ने जाम खोला।

तीन दिन पहले शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर वाहन ऑवरटेक करने को लेकर दो भाइयों के साथ मारपीट मामले की धाराओं में परिवर्तन किए जाने से गुस्साए शहरवासियों ने चौक पर दो बजे बैठ गए। अंबेडकर चौक पर देखते-देखते तावडू, नूंह, पलवल और गुरुग्राम से आने व जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लगती चली गई। चौक पर जाम लगने की सूचना जैसे ही स्थानीय पुलिस को हुई वैसे ही चौक पर पहुंच गई। पुलिस को देख हाय-हाय के नारे लगने लगे। लोगों का गुस्सा देखते हुए सदर थाना सोहना, भोंडसी थाना और क्यूआरटी को बुलाया गया।

जाम लगने के करीब 30 मिनट बाद बाईपास चौक पर पहुंचे एसीपी नवीन सिंधू ने लोगों कारण पूछा। जाम में शामिल हरीश नन्दा, मनोज राघव, सतबीर पहलवान, धर्मेन्द्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव चुंग आदि गणमान्य लोगों ने शहर थाना पुलिस पर जिला नूंह के गांव इंडरी निवासी सोनू और सुनील मारपीट मामले में धाराओं में परिवर्तन करने का आरोप लगाया। हरीश नन्दा ने कहा कि पुलिस आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की बजाय उनकी मदद कर रही है। सतबीर पहलवान ने कहा कि एक नामजद आरोपी जकरिया को पुलिस अदालत में पेश करके उसकी जमानत कराना चाह रही है। धर्मेन्द्र का कहना है कि जब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं होते है। उनका यहा धरना जारी रहेगा।

एसीपी नवीन सिंधु ने लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि वे मामले की अपने स्तर पर जांच करेंगे। मामले के गवाहों से पूछताछ की जाएगी। दोषी को किसी भी सूरत में नहीं छोड़ा जाएगा। उसके बाद एसीपी नवीन सिंधु गणमान्य लोगों को अपने कार्यालय में लेकर पहुंचे। जहां पर अन्याय नहीं होने देने की बात कही।

# गुड़गांव की जगह लगने लगे गुरुग्राम के बोर्ड

## जिला उपायुक्त ने बोर्ड बदलने की कार्रवाई के लिए निगमायुक्त को लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



मंगतराम बागड़ी।

**वार्ड**-10 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और पार्षद शीतल बागड़ी की मांग और गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला के प्रयास से गुरुग्राम के नागरिकों की एक बड़ी मांग पर कार्यवाही शुरू हुई है।

दरअसल मंगत राम बागड़ी और शीतल बागड़ी ने गत दिवस गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को पत्र सौंपकर हाईवे व शहर के अन्य स्थानों पर लगे बोर्डों पर गुड़गांव के स्थान पर गुरुग्राम लिखने और शहर के सभी एंट्री प्वाइंट पर गुरु द्रोण की धरती गुरुग्राम में आपका हार्दिक स्वागत है लिखे बोर्ड लगाने के लिए निवेदन किया था।

विधायक सुधीर सिंगला ने आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही इस संबंध में जिला उपायुक्त और नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर गुरुग्राम के उन सभी सरकारी व गैर सरकारी बोडोज़् पर गुरुग्राम लिखा जाना सुनिश्चित किया जाएगा जिन पर गुड़गांव लिखा हुआ है। विधायक सुधीर सिंगला द्वारा इससे संबंधित पत्र जिला उपायुक्त को भेजे जाने के बाद इस पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है। जिला उपायुक्त ने निगमायुक्त को पत्र भेजकर बोर्ड बदलने की कार्यवाही अमल में लाने को कहा है। इस पर खुशी व्यक्त करते हुए मंगत राम बागड़ी और शीतल बागड़ी ने विधायक सुधीर सिंगला को इसके लिए हृदय से धन्यवाद दिया। वहीं जिला उपायुक्त और निगमायुक्त का भी आभार जताया।

मंगत राम बागड़ी ने यह भी निवेदन किया था कि बसई-धनकोट रोड, पटौदी रोड, एनएच-8 रोड, जयपुर-दिल्ली हाइवे, सोहना रोड, महरोली रोड, फरीदाबाद रोड, कापसहेड़ा रोड, बिजवासन रोड, बजघेड़ा रोड, दौलताबाद रोड, खेड़की माजरा रोड, गढ़ी-हरसरू रोड, द्वारका रोड, सेक्टर 15, फर्रूखनगर रोड, राजीव चौक व अन्य स्थानों से जहां भी गुरुग्राम में एंट्री है, वहां गुरु द्रोण की धरती गुरुग्राम में आपका हार्दिक अभिनंदन है लिखे बोर्ड लगाए जाएं।

# एम्स और पीजीआई की सिफारिश वाले केसों को ही दी जाएगी स्वीकृति : एसडीएम

**फरीदाबाद।** उपमंडल अधिकारी फरीदाबाद परमजीत चहल की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री रिलीफ फंड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबंधित केसों बारे विधायकों के प्रतिनिधियों से भी रिलीफ फंड के उपयोग बारे जानकारी दी गई। एसडीएम परमजीत चहल ने कहा कि जिला चिकित्सा अधिकारी से आई रिपोर्ट के अनुसार केवल उन्हीं केसों को मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में शामिल किया जाएगा। जो केस एम्स या पीजीआई से फॉरवर्ड किए गए हैं। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जुड़े थे। मुख्यमंत्री रिलीफ फंड की बैठक में सीएमओ द्वारा तीन केस रखे गए थे।

# नंबरदार, आंगनबाड़ी और सहायक लड़ सकती हैं चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



सोहना में स्थित दी गुड़गांव जिला प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक में अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी

**पहली** बार आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यरत हेल्पर से लेकर कार्यकर्ता और नंबरदार भी पहली बार किसी भी पद का चुनाव लड़ सकेंगे। यह आदेश हाईकोर्ट पंजाब एवं हरियाणा के द्वारा 2018 में सुनाया गया था। जिसको लेकर प्रदेश निवासी बिमला देवी द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनाया था। प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बिमला देवी ने चुनाव लड़ने के उद्देश्य से 2016 में हाई कोर्ट पंजाब एण्ड हरियाणा में यूनियन ऑफ इंडिया एण्ड अदर्स के खिलाफ याचिका दायर करते हुए चुनाव लड़ने का हक मांगा था। करीब दो साल तक हाईकोर्ट में चले मामले की सुनवाई करने के बाद आदेश जारी किए थे। जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र पर कार्यरत होते हुए हेल्पर, कार्यकर्ता और नंबरदार भी किसी भी पद चुनाव लड़ सकेंगे।

**किस-किस से लेना होगा अनापत्ति प्रमाण पत्र :** इस बार चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को तीन बैंक समेत बिजली निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। जिसमें प्राइमरी कृषि को-ऑपरेटिव सोसायटी, डिस्टिक सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक और डिस्टिक को-ऑपरेटिव कृषि ग्रामीण विकास बैंक और बिजली निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने पर ही चुनाव लड़ने का अधिकार होगा। दी गुड़गांव जिला प्राथमिक सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड बैंक शाखा सोहना से बीते तीन दिन में 200 के लगभग नागरिकों ने अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये हैं।

**कौन नहीं लड़ सकता चुनाव :** हरियाणा चुनाव आयोग द्वारा जारी किए निर्देशों के आधार पर चुनाव लड़ने का अधिकारी किसे नहीं होगा। जिसमें नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका, कॉपरेटिव सोसायटी मार्केट सोसायटी ट्रस, कंटेनमेंट बोर्ड, शहरी विकास सोसायटी, ग्राम पंचायत समिति, जिला परिषद, बोर्ड ऑफ कंपनी और कॉपरेशन, फाइनेंशड और केन्द्र व राज्य सरकार का कर्मचारी शामिल है। बीडीपीओ परेन्द्रा सिंह ने बताया कि नामाकन भरे जाने वाले प्रत्येक बूथ पर चुनाव आयोग की निर्देशों को चश्पाया जा रहा है। जिससे नामाकंन जमा करने से पहले निर्देशों को चुनाव लड़ने वाला नागरिक पढ़कर जागरूक हो सके।


# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में घर को सजाने के लिए उठाएं अंतिम क्षणों की डील्स का फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**फेस्टिव** मूड में आने के लिए अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के साथ आखिरी समय पर शॉपिंग कर त्योहार के लिए तैयार हो जाइए। अमेजन डॉट इन पर अपने बजट के मुताबिक उपलब्ध विकल्पों के साथ अपने घर को रोशन करें और रचनात्मक रस को बहने दें।

अपनी आखिरी समय की जरूरतों को पूरा करने के लिए सुरुचिपूर्ण पर्दे और कुशन, वॉल हैंगिंग, पेंटिंग, मूर्तियां, कैंडल स्टैंड, और आरामदायक फर्नीचर जैसे सोफा सेट, फिटनेस एंड सपोर्ट उपकरण और अन्य को प्राप्त करें। ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहक 23 अक्टूबर, 2022 तक सिटी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक, रूपे क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ऑन ईएमआई, बजाज फिनसर्व ईएमआई कार्ड नो-कॉस्ट ईएमआई, अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड, अमेजन पे लेटर और चुनिंदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड के उपयोग पर 10 प्रतिशत के इंस्टैंट डिस्काउंट के साथ बचत कर सकते हैं।

**इसके अलावा ग्राहक बचत कर सकते हैं**

1) 10 लाख से ज्यादा उत्पादों पर बाय मोर एंड सेव मोर ऑफर और कूपंस के जरिय 10 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बचत. इसके अलावा ग्राहक चार हजार से ज्यादा उत्पादों पर सेम डे डिलीवरी भी हासिल कर सकते हैं।

2) होम, किचन और आउटडोर्स में अपने पहले ऑर्ड पर बिना किसी न्यूनतम खरीदारी के पाएं 200 रुपये तक का 15 प्रतिशत कैशबैक।

3) अपने पहले ऑर्डर पर 1000 रुपये या इससे अधिक के ऑर्डर पर सभी यूपीआई E´ YOU PRINT!


# पति ने ही हत्या कर सूटकेस में बंद करके फेंका था पत्नी का शव

## घरेलू कलह के कारण की थी पत्नी की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी राहुल।

**इफको** चौक पर झाड़ियों में एक सूटकेस में मिले महिला शव की पहचान के साथ ही उसकी हत्या की गुत्थी भी पुलिस ने सुलझा दी है। महिला की हत्या उनके पति ने ही की थी। गिरफ्तारी के बाद उसने अपराध कबूल करते हुए हत्या के लिए घरेलू कलह को कारण बताया।

बता दें कि बीती 17 अक्टूबर की शाम को इफको चौक के पास झाड़ियों में एक सूटकेस पड़े होने और उसमें से बदबू आने की सूचना एक आटो चालक ने पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो सूटकेस में बंद एक महिला का शव मिला। शव नग्न अवस्था में था। इस मामले में जांच-पड़ताल करते हुए पुलिस ने महिला के पति राहुल को गिरफ्तार किया। महिला का नाम प्रियंका था। आरोपी ने अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या की थी। महिला की पहचान न हो, इसके लिए आरोपी ने हत्या के बाद उसके हाथ पर गुदा अपना नाम चाकू से मिटा दिया था। बाद में उसे निर्वस्त्र कर सूटकेस में भर दिया। आरोपी ने एक दिन तक लाश को अपने पास ही रखा और अगले दिन सूटकेस खरीदकर उसमें लाश को भरकर ई-रिक्शा से सरहौल गांव से इफ्को चौक पहुंचा। जिस स्थान पर उसने लाश को फेंका था। आरोपी सूटकेस लेकर रिक्शा से कुछ दूर पहले ही उतर गया और लाश से भरा सूटकेस घसीटता हुआ झाड़ियों के पास पहुंचा। वहां पर शव को फेंककर फरार हो गया।

आरोपी राहुल से पूछताछ के आधार पर एसीपी क्राइम प्रीतपाल सिंह ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर के रहने वाले हैं। वह गुरुग्राम के सरहौल में किराए पर रहते हुए एक कंपनी में हेल्पर का काम करता है। उसका प्रियंका से प्रेम विवाह वर्ष 2021 में हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद तक सब ठीक था, लेकिन बाद में छोटी-छोटी बातों में दोनों में लड़ाई होने लगी। रविवार को उनका झगड़ा काफी बढ़ गया। इस पर राहुल ने अपनी पत्नी प्रियंका का गला दबाकर हत्या कर दी। जिस वक्त आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया, उस वक्त उनकी एक साल की बेटी भी कमरे में मौजूद थी। लाश को फेंकने के बाद आरोपी इतना बेफिक्र हो गया था जैसे कि वह कभी पकड़ा ही नहीं जाएगा। सीसीटीवी ने पुलिस को आरोपी की पहचान कराने में कामयाबी दिलाई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# मरीजों के लिए नहीं मिलते सिविल अस्पताल में स्ट्रेचर

## अस्पताल में दवाओं का भी है अभाव

कविता। फरीदाबाद


तीमारदार मां और बाप अपने-अपने बेटों को गोद और पीठ पर उठाकर ले जाते हुए

**शहर** के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में दवाओं का भारी अभाव है, लेकिन दवाओं के लिए तो मजबूरी दर्शा दी गई कि गुरुग्राम वेयर हाउस में ही दवाओं का अभाव है।

सूत्रों से पता चला कि प्रबंधन का कहना है कि वेयर हाउस गुरुग्राम में 1195 दवाइयों की लिस्ट में से 1050 उपलब्ध नहीं है और अस्पताल की पीएमओ को मात्र 2500 रुपये की दवाइयां लोकल परचेज की पावर है। वहीं 10 हजार रुपये की दवा अनुबंधित डीलरों से खरीदने की पावर है। इसलिए सिविल अस्पताल में दवाइया नदारद हैं। यह पोस्ट फेसबुक पर वायरल हुई हैं। वहीं दूसरी तरफ यहां दवाइयां ही नहीं, अस्पताल में आने वाले मरीजों को स्ट्रेचर भी प्रबंधन उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है।

अस्पताल में तीमारदारों को अपने बच्चों को गोद या पीठ पर उठाकर ले जाते हुए देखा गया। ऐसा नहीं है कि इस विषय में अस्पताल प्रबंधन अंजान है। यहां मरीजों को तीमारदार मां और बाप गोद में उठाकर यहां से वहां ले जा रहे थे, वहां कैमरे भी लगे हुए थे।

**पहला दृश्य :** पायनियर संवाददाता के कैमरे में कैद पहली तस्वीर अस्पताल के अपातकालीन कक्ष की है। जहां तिगांव निवासी जागीता अपने बेटे हर्ष को अपातकालीन कक्ष के बाहर कार से उतारकर अकेले गोद में उठाकर रूम नम्बर 39 तक पहुंची। हर्ष के पैर में फैक्चर है। जिस कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ है। जागीता ने बताया कि उसने पहले स्ट्रेचर देखा था। लेकिन एक टूटा हुआ स्ट्रेचर था। कर्मचारियों से पूछताछ करने पर भी नहीं मिला, तो उसे हर्ष को बिना स्ट्रेचर के ही गोद में उठाकर ड्रेसिंग रूम तक लाना पड़ा।

**दूसरा दृश्य :** दूसरी तस्वीर बल्लभगढ़ निवासी रतन सिंह की है। जिसमें वह अपने बेटे हर्ष को पीठ पर उठाकर ओपीडी में यहां से वहां जांच करवाने को मजबूर है। उनसे जब पायनियर संवाददाता ने बात पूछा कि क्या उन्हें स्ट्रेचर नहीं मिला, तो उन्होंने कहा कि स्ट्रेचर होता, तो वह पीठ पर उठाकर यहां से वहां जांच करवाने को मजबूर न होते। उन्हें स्ट्रेचर तो दूर यहां बैठने तक को चैयर तक नसीब नहीं हुई। जिस कारण वह जांच कक्षों के बाहर भी पीठ पर हर्ष को उठाकर घूम रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर्ष के पैर की नसों में दिक्कत है। जिस कारण उसके पैर में पट्टियां बंधी है। चिकित्सकों ने जांच लिखी है, ऐसे में वह कक्षों के चक्कर लगा रहे हैं।

## चालक की लापरवाही से डिवाइडर और कार से टकराई स्कूल बस

**फरीदाबाद।** सेक्टर-48 स्थित अनखीर चौक के निकट अरावली इंटरनेशनल स्कूल की बस का एक्सीडेंट हो गया। गनीमत रही कि बस सवार बच्चे बाल-बाल बच गए। सूत्रों द्वारा पता चला है कि ड्राइवर नशे की हालत में बस चला रहा था। ड्राइवर ने पहले तो तेज रफ्तार बस को डिवाईडर पर चढ़ाया, उसके बाद एक कार को टक्कर मार दी। जिससे बस में सवार बच्चे बुरी तरह से डर गए और चिल्लाने लगे। उसी दौरान भीड़ ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस चालक को हिरासत में ले लिया। हालांकि इस दौरान किसी को चोट नहीं आई। वहीं दूसरी तरफ जब इस विषय में पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि बस दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

# महिला की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या, आरोपी किया गिरफ्तार

## आरोपी को महिला पर शक हुआ कि वह किसी ओर व्यक्ति से बात करती है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


हत्या के आरोप में गिरफ्तार सरवन।

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राजीव कुमार की टीम ने 2 सप्ताह पहले मुजेसर एरिया में गला घोटकर की गई महिला की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 20 वर्षीय आरोपी सरवन उत्तर प्रदेश के संभल जिले के निजामपुर गांव का निवासी है। आरोपी के खिलाफ पांच अक्टूबर को हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने उसके साथ रह रही महिला की गला घोटकर हत्या कर दी थी और दरवाजे के बाहर कुंडी लगाकर मौके से फरार हो गया था। आरोपी की धरपकड़ के लिए क्राइम ब्रांच प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया जिसमें उप निरीक्षक विजय कुमार, अनिल, हवलदार अजय तथा सिपाही अजीत का नाम शामिल है। क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी की तलाश में लगी हुई थी जिसने आरोपी को फरीदाबाद सेक्टर 31 एरिया से गिरफ्तार कर लिया।

मामले में गहनता से जांच करने के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी ने चौंकाने वाले खुलासे किए। आरोपी ने बताया कि वह पिछले चार साल से गाजियाबाद में स्थित एक प्राइवेट कंपनी में गाड़ी चलाता था। इसके पश्चात करीब नौ महीने पहले उसकी मुलाकात दिल्ली के मीठापुर एरिया की रहने वाली 28 वर्षीय विवाहित महिला पूजा के साथ हुई थी जिसका पहले से एक चार वर्ष का बेटा भी था। उसने बताया कि महिला उसकी रिश्तेदारी में थी और इसलिए उसका उसके घर आना-जाना था। आरोपी को महिला से प्यार हो गया और वह उसे शादी का झांसा देकर दिल्ली से भगाकर रोहतक ले गया। कुछ समय वहां बिताने के पश्चात वह उसे यूपी के गोरखपुर चला गया। इसके बाद वह उसे वापस मीठापुर लेकर आया तथा एक महीने पहले उसे फरीदाबाद के मुजेसर एरिया में लाकर किराए के मकान पर रह रहा था।

आरोपी ने महिला को अपनी पत्नी बताकर कमरा किराए पर लिया था। मकान मालिक ने भी बिना पुलिस वेरिफिकेशन के कमरा दे दिया। पुलिस जांच में आरोपी ने बताया कि उसे महिला पर शक हुआ कि वह किसी और व्यक्ति से बातचीत करती है। इसी बात को लेकर उसका महिला के साथ झगड़ा हुआ था। आरोपी ने कहा कि वह अपना सब कुछ छोड़-छाड़कर उसके साथ जिंदगी बिताने के लिए उसे लेकर आया था परंतु वह उसे धोखा दे रही है। धीरे-धीरे झगड़ा बढ़ता गया और आखिरकार आरोपी ने गुस्से में आकर महिला की चुन्नी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी तथा उसकी पहचान छुपाने के लिए उसका मोबाइल फोन तथा उसकी आईडी प्रूफ लेकर घर से फरार हो गया। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की गई तथा मकान मालिक के खिलाफ भी पुलिस वेरिफिकेशन न करवाने के जुर्म में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर महिला का मोबाइल फोन तथा आईडी कार्ड बरामद किया जाएगा। पुलिस रिमांड पूरा होने के पश्चात आरोपी को अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेजा जाएगा।

# नाबालिग छात्र की हत्या के मामले में फरार तीसरा आरोपी गिरफ्तार


## फिरौती के लिए किया था अपहरण, पैसे नहीं मिलने वाले तो सिर में ईंट मारकर की हत्या


हत्या के आरोप में गिरफ्तार मिथलेश।

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने हत्या के मामले में शामिल फरार चल रहे तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मिथिलेश (21) है जो यूपी का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के धीरज नगर में रह रहा था। आरोपी ने अपने दो साथी आरोपियों अभिषेक तथा सोनू के साथ मिलकर धीरज नगर के एक 14 वर्षीय छात्र की हत्या कर दी थी। इस मामले में क्राइम ब्रांच द्वारा आरोपी अभिषेक तथा सोनू को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में मरने वाले का नाम भी अभिषेक है और हत्या के मास्टरमाइंड का नाम भी अभिषेक है। शनिवार सुबह पुलिस थाना पल्ला में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें मृतक अभिषेक के पिता विरेश ने बताया कि उनका 14 वर्षीय लड़का अभिषेक 9वीं कक्षा में धीरज नगर के स्कूल में पढ़ता है और शुक्रवार शाम 7:30 बजे से लापता है। उन्होंने बताया कि उसे किसी राजा नाम के लड़के का फोन आया था और उसने कुछ किताबें मंगवाई थी जिसे देने के लिए उनका लड़का अभिषेक शाम को गया था परंतु वापस नहीं आया। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करके अभिषेक की तलाश शुरू की गई। मामले में अन्य दो तो गिरफ्तार हो गए थे। लेकिन इनका तीसरा साथी मिथिलेश फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच ने आरोपी अभिषेक तथा सोनू की निशानदेही पर फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह एक फैक्ट्री में काम करता था और उसकी जॉब छूटने के पश्चात वह बेरोजगार था जिसकी वजह से उसने पैसे कमाने के लालच में अपने साथियों के साथ मिलकर छात्र का अपहरण किया तथा पैसे नहीं मिलने पर छात्र की हत्या कर दी। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# महिलाओं में अधिक पाई जाती है ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या


डॉ. सुमित बत्रा।

**फरीदाबाद।** हर साल 20 अक्टूबर को 'वर्ल्ड ऑस्टियोपोरोसिस डे' मनाया जाता है। हड्डी की इस गंभीर समस्या के बारे में मैरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल से ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर डॉ. सुमित बत्रा ने बताया कि ऑस्टियोपोरोसिस एक ऐसा रोग है जिसमें हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा कम हो जाती है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ हड्डियों भुरभुरी हो जाती हैं जिससे हड्डियों में फ्रैक्चर होने का खतरा बढ़ जाता है।

ऑस्टियोपोरोसिस से संबंधित फ्रैक्चर आमतौर पर कूल्हे, कलाई या रीढ़ में होते हैं। रोजाना ओपीडी में 20-25 मरीज आते हैं जिनमें 60 साल से अधिक उम्र के 90 फीसदी लोगों में ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या देखने को मिलती हैं। रोजाना ओपीडी में ऑस्टियोपोरोसिस के मरीजों में 70 फीसद महिलाएं और 30 फीसद पुरुष होते हैं। महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा अधिक होता है और उनमें इस बीमारी की शुरुआत भी जल्दी हो जाती है क्योंकि महिलाओं में 45-50 वर्ष की उम्र में रजोनिवृत्ति के बाद एस्ट्रोजन नामक हार्मोन तेजी से घटने लगता है या बनना बंद हो जाता है और हड्डियों में कैल्शियम कम होने लगता है। दरअसल एस्ट्रोजन हार्मोन हड्डियों को मजबूत बनाये रखने के लिए बहुत जरूरी है। सामान्य तौर पर महिलाएं पुरुषों की तुलना में शारीरिक क्रियाएं भी कम होती हैं जिससे उन्हें धूप कम मिलती है और व्यायाम भी कम करती हैं जिससे उनमें ऑस्टियोपोरोसिस की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है।

# प्रेरणा दिवस में दी निकिता को श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में प्रेरणा दिवस के अवसर छात्रा निकिता तोमर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त।

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्रेरणा दिवस मनाया गया। ज्ञात है कि 26 अक्टूबर 2020 को महाविद्यालय की बीकॉम थर्ड ईयर कंप्यूटर एप्लीकेशन की छात्रा निकिता तोमर का अपहरण करने की कोशिश की गई, जब निकिता तोमर ने इसका विरोध किया तो उसी क्षण हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

महाविद्यालय की छात्राकी इस तरह से दुर्घटना होने पर महाविद्यालय और उनके परिवार के लिए बड़ी क्षति थी, इस कारण इस दिवस को महाविद्यालय के छात्रों के लिए प्रतिवर्ष प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर निकिता तोमर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें निकिता तोमर के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए किसी भी अन्याय का डटकर मुकाबला करने का संदेश दिया।

समाजसेवी विनीत गौड़ ने महाविद्यालय प्रशासन का इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद किया और छात्राओं को साहसी बनने के लिए प्रेरित किया। निकिता तोमर की मां विजया तोमर ने भी भावुक शब्दों से अपनी पुत्री के साहस और बलिदान को व्यर्थ न करने की अपील की। निकिता तोमर के पिताजी मूलचंद तोमरने डिजिटल माध्यम से अपना संदेश कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं तक पहुंचाया। इस अवसर पर निकिता तोमर के भाई नवीन तोमर, रिश्तेदार एवं समाज के गणमान्य लोग सुनील कुमार, संदीप भाटी, महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. रेखा सेन, वरिष्ठ प्रवक्तागण कमल टंडन, डॉ. मनोज शुक्ला और डॉ. जयपाल सिंह अन्य प्रवक्ता गण उपस्थित रहे।

## निगम मुख्यालय को ताला लगा कर्मियों ने शुरू की हड़ताल

**फरीदाबाद।** नगर पालिका संघ हरियाणा के आह्वान पर 18 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर निगम मुख्यालय पर हड़ताल की गई जिसमें नगर निगम हेड ऑफिस के और ओल्ड फरीदाबाद के दफ्तर और बल्लभगढ़ के दफ्तर तीनों जोनों के कर्मचारी शामिल रहे। जिसमें नगर पालिका संघ हरियाणा से संबंधित फेडरेशन ने भी हड़ताल में बढ़-चढ कर भाग लिया। इस दौरान कर्मचारी निगम कार्यालय पर एकत्रित हो गए। जहां उन्होंने मुख्यालय पर ताला जड़ दिया और जमकर नारेबाजी शुरू करते हुए प्रदर्शन करने लगे।

धरने की अध्यक्षता अध्यक्षता जिला के प्रधान दलीप बहुत ने की और मंच का संचालन जिला सचिव नानक चंद खेरालिया लिया ने किया। हड़ताल को सफल बनाने के लिए सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांड्या आदि मौजूद रहे।

# कीचड़ में नहाने के बाद नहीं हो रहा सीवर की समस्या का समाधान

## सीवर के पानी से नहाए आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


एनआईटी विधान सभा क्षेत्र में भरे सीवर के पानी में बैठ कर नहाते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

**वर्तमान** विधायक एवं पूर्व विधायक ने एनआईटी विधानसभा क्षेत्र को लूटने का काम किया है। एक तरफ तो वह मुख्यमंत्री का स्वागत करते हैं और उनकी वाहवाही लूटकर बेस्ट विधायक का अवॉर्ड लाते हैं। मगर, जब जनता की समस्याओं की बात आती है, तो वो बोलते हैं कि मुख्यमंत्री जी उनकी सुनते नहीं।

भड़ाना अपने सैकड़ों समर्थकों मेहरचंद हर्षाना, भीम यादव, राम गौर, सुभाष बघेल, मंगत भड़ाना, जीतराम पोसवाल, संतोष हर्षाना, सुनीता प्रधान, रेखा प्रधान, जितेन्द्र प्रधान, नरेन्द्र प्रधान, डॉ. निशान, आशाराम भाटी, चरण सिंह, राजू खटाना, विरेन्द्र नागर, देवेन्द्र नागर, जयप्रकाश राठी, हरेन्द्र भड़ाना, चटकी भड़ाना, महेन्द्र बैसला, पटवारी, जयपाल, ऋषि भड़ाना, मनजीत अवाना, श्याम पंडित, रतन भड़ाना, कृष्णपाल भड़ाना, रामचन्द बैसला, ओमप्रकाश राठी, भागमल भामला, राकेश भड़ाना, पुनीता भड़ाना एवं भानू आदि के साथ एनआईटी क्षेत्र के वार्ड नं. 9 में सीवर के पानी में बैठ गए और सीवर के पानी से उन्होंने स्नान किया। जनता ने विधायक एवं पार्षद के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। विधायक एवं पार्षद को मौके पर बुलाने की बात की।

धर्मबीर भड़ाना स्वयं लौटा लेकर सीवर के पानी में बैठे और सीवर के गंदे पानी से स्नान किया। भड़ाना ने कहा कि वर्तमान एवं पूर्व विधायक केवल पैसे खाने का काम करते हैं, इसलिए अधिकारी उनकी नहीं सुनते। फरीदाबाद के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है, जब नेता एवं जनता को विकास कार्य न होने के कारण सीवर के गंदे पानी में नहाने को मजबूर होना पड़ रहा है। भड़ाना ने कहा कि पहले एनआईटी विधानसभा क्षेत्र को पूर्व विधायक ने लूटा और अब वर्तमान विधायक क्षेत्र की जनता को लूटने का काम कर रहे हैं।

## रिटायर्ड शिक्षा अधिकारियों पर मानहानि का केस दर्ज

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में शिक्षा अधिकारी रही रितु चौधरी ने रिटायर्ड डिप्टी डीईओ मनजीत सिंह और डीईईओ रामकुमार फलसवाल पर 50 लाख रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर कराया है। इन दोनों को 28 अक्टूबर को कोर्ट में उपस्थित होने के आदेश दिए हैं। उन्हें इस बारे में समन भी मिल गए हैं।

रितु चौधरी गुड़गांव में रिसर्च एंड स्टेट काउंसिल फॉर एजुकेशन में डिप्टी डायरेक्टर हैं। मनजीत सिंह ने कई वर्ष पहले रितु चौधरी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे और वे इस मामले को लेकर लोकायुक्त तक भी गए। जिसमें रितु चौधरी को लोकायुक्त हरियाणा ने आरोप मुक्त कर दिया था यानि उन पर लगे आरोपों से बरी कर दिया था। बावजूद मनजीत सिंह उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते रहे। अभी हाल ही में मनजीत सिंह ने प्रेस वार्ता करके रितु चौधरी को भ्रष्टाचार के कटघरे में खड़ा किया। वहीं रितु चौधरी का कहना है कि मनजीत सिंह ने झूठे आरोप लगाकर उनकी छवि को खराब किया है।

# हरियाणा सिविल सर्विस न्यायिक पास करने पर दी बधाई


बच्चों का हरियाणा सिविल सर्विस में न्यायिक पास करने पर पिता महेश शर्मा का मुंह मिठा करवा कर बधाई देते अधिवक्ता।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 12 जिला अदालत में महेश शर्मा वकील के रूप मे प्रैक्टिस करते है और वकील दिनेश शर्मा की करीब चार महीने पहले हदयाघात की वजह से निधन हो चुका है। बुधवार को अदालत में खुशी का माहौल रहा।

जिला अदालत में वकालत करने वाले वकीलो दो बच्चे कार्तिक शर्मा व जीतेश शर्मा ने हरियाणा सिविल सर्विस न्यायिक पास की है। सीनियर अधिवक्ता महेश शर्मा को वकीलो ने सीट पर जाकर बधाई दी। बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने उन्हें मिठाई खिलाकर कर बधाई दी। वशिष्ठ ने कहा ने कहा जीतेश शर्मा, कार्तिक शर्मा, ने जिला फरीदाबाद व जिला बार एसोसिएशन का नाम रोशन किया है। उनके पिता महेश शर्मा ने कहा वर्ष 2019 मे जीतेश शर्मा ने कुरुक्षेत्र से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद न्यायाधीश बनने के सपने को पूरा करने के लिए दिन रात पढ़ाई में जुट गए आज उनका सपना पूरा हो गया। जिला बार असोसिएशन के पूर्व महासचिव सतवीर शर्मा, सीएस शर्मा, जिला बार सदस्य कुलदीप जोशी सतपाल नागर, विजय यादव, रवि शर्मा, कमल दलाल, मनोज, देवेन्द्र खर्ब और बिललू धनकड आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## हुम्मा ने दौड़ और रांची का पेंटिंग में प्रथम स्थान




**फरीदाबाद।** बीके अस्पताल के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंदावली के प्रांगण में आयोजित दौड़ व पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हुम्मा ने द्वितीय स्थान सामिया ने एवं लड़कों में प्रथम स्थान हारिस ने हासिल किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रांची ने द्वितीय स्थान प्रीति ने एवं तृतीय स्थान फिरदौस ने हासिल किया। इस अवसर पर निवर्तमान सरपंच निसार,बीके अस्पताल से डाक्टर शोभा डागर एवं विद्यालय की प्राचार्या शशि यादव, जनहित सेवा संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा एवं जोगेन्दर चपराना एवं सभी अध्यापकों ने अपने कर कमलों से प्रंशसा पत्र व उपहार भेंट कर विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की। इस मौके पर विशेष रूप से निवर्तमान सरपंच निसार ने कहा इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में प्रतिभा निखरती है। विद्यालय की प्राचार्या शशि यादव ने कहा कि ग्रामीण स्कूलों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। समय-समय पर आपसी सहयोग से इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा।इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरती है ओर विद्यार्थीयों में जागरूकता भी आती है। इस मौके पर विशेष रूप से विद्यालय की प्राचार्या शशि यादव, निवर्तमान सरपंच निसार, कृष्ण चन्द शुक्ला, जोगिंदर चपराना, नरेंद्र डागर, संत सिंह हुड्डा, अनिल, पुनीत दहिया, अभैयन्दर, सुधीर यादव, सत्यवान शर्मा, कमल किशोर, अमित, आकांक्षा जैन, सुजीता, रेनू, सुषमा, मनिंदर एवं स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान, गांव के गणमान्य व्यक्ति व समस्त अध्यापकगण विशेष रूप से मौजूद थे।

## एलसीडीसी कैंपिंग में दौरा करने पहुंची पंचकुला की टीम

**फरीदाबाद।** लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपिंग एलसीडीसी यह प्रोग्राम नेशनल लेप्रसी इरेडिकेशन प्रोग्राम एनएलईपी के अंतर्गत छह से 19 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पंचकुला से एक टीम ने दौरा भी किया, जिसमें डॉ. गुलशन और तलविन्द्र शामिल थे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने टीवी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत, पीएमडब्ल्यू वीरेंद्र सिंह के साथ एसी नगर का दौरा किया। वहां के इंचार्ज डॉ. दीपक चोपड़ा, एएनएम पूजा और आशा वर्कर सोनी के साथ दौरा किया। 22 जिलों में से यह प्रोग्राम सिर्फ छह जिलों में चलाया जा रहा है। पानीपत, फरीदाबाद, करनाल, गुड़गांव, अंबाला, झज्जर क्योंकि फरीदाबाद में माइग्रेट पॉपुलेशन होने के तहत पिछले वर्ष भी 2021 में 52 केस पाए गए थे और अभी तक 2022 में 32 नए केस पाए गए हैं। डॉ शीला भगत ने बताया कुष्ठ रोगी की पहचान करना बहुत आसान है और यह दवाइयों से पूरी तरह ठीक हो सकता है। सिविल सर्जन डॉक्टर विनय गुप्ता ने भी डॉक्टरों को बताया यह एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है और पूरी मेहनत और लगन से करना है।

## डीएवी में हुआ इंटरक्लास प्रतियोगिता का आयोजन



**फरीदाबाद।** डीएवी कॉलेज के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट थीम को लेकर इंटरक्लास प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बेकार चीजों का उपयोग कर उपयोगी चीजें बनाना था। प्रतियोगिता में तीनों वर्षों के तकरीबन चौदह छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने वेस्ट मेटेरियल से कुछ अनोखी और उपयोगी चीजें बनाईं। डॉ. सविता भगत ने विजेताओं की घोषणा करते हुए बताया कि उनके लिए सभी छात्रों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा और सभी छात्रों ने वेस्ट मेटेरियल का उपयोग करते हुए बहुत सुंदर और अच्छी चीजें बनाई। प्रतिभागी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद भी दिया। विभाग अध्यक्ष रचना कसाना कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों की क्रिएटिविटी को निखारना है ताकि वे अपने अंदर छुपी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। प्रतियोगिता में तीसरे वर्ष के एक प्रतिभागी छात्र राशिद ने घर के खराब हो चुके बल्ब का उपयोग करते हुए एक सुंदर सा गुलदस्ता बनाया। द्वितीय वर्ष की छात्रा ईशा गुप्ता ने पुराने अखबार से एक गुड़िया बनाई। अभिषेक कर्ण, निक्की, चेतना और जितेंद्र ने पूरे कार्यक्रम का न्यूज पैकेज भी तैयार किया। प्रथम स्थान पर वर्षा, दूसरे स्थान पर हिमांशी राय और तीसरे स्थान पर राशिद अली रहे। तीनों ही छात्र तीसरे वर्ष के थे।

## वकालत के 50 वर्ष पूरे होने पर किया स्वागत समारोह

**फरीदाबाद।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट बार काउंसिल के पूर्व वाइस चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी शर्मा के वकालत के क्षेत्र में बेमिसाल 50 साल पूरे होने पर जिला बार एसोसिएशन द्वारा उनके सम्मान में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया। स्वागत समारोह में जिला मुख्य एवं सत्र न्यायाधीश वाईएस राठौर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमृत सिंह चालिया, विद्वान न्यायाधीश राजेश भाखड़, न्यायाधीश नरेन्द्र शर्मा, फैमिली कोर्ट की न्यायाधीश यासिका यादव, फरीदाबाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, पूर्व मंत्री विपुल गोयल, पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा, पलवल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, हरियाणा अभिभावक एकता मंच से कैलाश शर्मा के अलावा सैकड़ों की तादाद में धार्मिक-सामाजिक एवं पत्रकार जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने शर्मा का पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिह्न भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर अभूतपूर्व स्वागत किया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष जेपी अधाना, जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजीव पाराशर, अधिवक्ता ओमदत्त कौशिक, नरेन्द्र पाराशर, एनएल जांगिड़, पूर्व अध्यक्ष सतेन्द्र भड़ाना, राकेश कौशिक, विष्णुदत्त कौशिक, राजेश बैंसला, सुन्दर नरवत, राकेश रावत, अनिल पाराशर, निबरास अहमद, अर्जुन पंड़ित, अजय सिंह, ललिता यादव, प्रेम सिंह धनखड़, कुंवर बालू सिंह, कुंवर दलपत सिंह, कन्हैयालाल वशिष्ठ आदि ने भी वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी शर्मा का स्वागत किया।

## बदलती जीवनशैली बढ़ा रहा हड्डियों का रोग : डॉ. युवराज



**फरीदाबाद।** विश्व भर में ताबही मचा चुकी कोरोना महामारी से भले ही राहत लग रही है लेकिन कोरोना पोस्ट कोविड इफैक्ट आज बड़ी चिंता बन गए हैं। कोरोना के बाद के असर के रूप में जहां एक तरफ मरीजों में नई-नई बीमारियां सामने आ रही हैं। कोरोना में स्टेरॉयड का सेवन और बदलती जीवनशैली लोगों की हड्डियों को कमजोर कर रहा है। यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल आर्थोपेडियक डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार का। उन्होंने कहा की किडनी, लीवर, हार्ट के बाद अब कोरोना का असर हड्डियों पर भी सामने आ रहा है। कुछ साल बाद हड्डियों की प्रमुख बीमारी ऑस्टियोपोरोसिस बड़ी संख्या में मरीजों को अपना शिकार बना सकती है। डॉ. युवराज कुमार ने बताया कि कुछ साल पहले तक हड्डियों का घनत्व कम होने, हड्डियां खोखली होने की यह बीमारी सबसे ज्यादा महिलाओं में सामने आ रही थी लेकिन कोरोना के बाद यह पुरुषों को भी तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रही है। उन्होंने कहा कि यह चुपचाप बढ़ने वाली बीमारी है जो धीरे-धीरे शरीर को अपनी जकड़ में लेती जाती है और लोगों को इसका पता भी नहीं चलता, हालांकि इसके परिणाम काफी भयानक हो जाते हैं। भारत में इस बीमारी के सालाना एक करोड़ मरीज सामने आ रहे थे, बहुत सारे ऐसे भी मरीज हैं जो इससे जूझ रहे हैं लेकिन इसे नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन अब गंभीर कोरोना बीमारी से जूझ चुके लोग जिन्हें बीमारी के इलाज के दौरान स्टेरॉयड दिए गए हैं या जो किसी भी अन्य वजह से स्टेरॉयड ले रहे हैं वे ओस्टियोपोरोसिस के संभावित मरीज हो सकते हैं। इसके अलावा लोगों दिनभर ऑफिस में बैठकर काम करना, रात देर से घर पहुंचना, सुबह देर से उठना, व्यायाम, सुबह की सैर बंद करना, ज्यादा देर तक एक ही पोजिशन में बैठना आदि ऑस्टियोपोरोसिस का शिकार बना रहे है। इस बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है, लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से जांच कराएं। समय पर इलाज शुरू होने से बीमारी को बढ़ने से रोका जा सकता है।

# हलाल का विरोध

## कर्नाटक में अभियान

**कर्नाटक** में 'हलाल' उत्पादों के खिलाफ अभियान चल रहा है, लेकिन आशंका है कि इससे भारत में निवेश आकर्षित करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। भारत में अनेकानेक समस्यायें हैं जिनकी सूची अनन्त है। इनमें हवा, पानी व भूमि प्रदूषण, व्यापक गरीबी, भूख, बच्चों में बौनापन, जेंडर भेदभाव व बेरोजगारी शामिल हैं। इन समस्याओं का सब पर असर होता है, चाहे वे हिंदू हों या मुसलमान, युवा या वृद्ध तथा पुरुष हों अथवा महिलायें व बच्चे। लेकिन तथाकथित 'भगवा एक्टिविस्टों' को देश में कोई चीज महत्वपूर्ण नहीं लगती है, जब तक इसका संबंध मुसलमानों से न हो। शायद ऐसे लोग मस्जिदों में शिवलिंग तलाशने तथा गौहत्या के संदेह में मुसलमानों की पिटाई करने से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने कर्नाटक में दीपावली के अवसर पर हलाल उत्पादों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। एक खबर के अनुसार, 'हाशिए पर पड़े इन संगठनों' ने केएफसी व मैक्डोनाल्ड दूकानों के बाहर प्रदर्शन कर मांग की कि उनको गैर-मुस्लिमों को हलाल प्रमाणपत्र वाला मांस नहीं बेचना चाहिए। इस प्रकार उन्होंने गैर-मुस्लिमों के पक्ष में अभियान चलाने का निर्णय किया है, हालांकि अधिकांश गैर-मुसलमान इस लफ्फाजी भरे अभियान के साथ स्वयं को नहीं जोड़ते हैं। हिंदू जनजागृति समिति प्रवक्ता मोहन गौड़ा ने एक खबरिया एजेंसी को बताया कि यह अभियान कर्नाटक, गोवा तथा महाराष्ट्र में शुरू हुआ है। एक अन्य संगठन श्रीराम सेना भी इसमें शामिल हो गई है। गौडा ने कहा, 'मैक्डोनाल्ड व केएफसी केवल हलाल प्रमाणित मांस ही बेचते हैं। इस प्रकार वे हिंदुओं को यह मांस खाने पर मजबूर करते हैं जो हिंदू विश्वास के खिलाफ है।' लेकिन यह कहना उचित नहीं है कि केएफसी या मैक्डोनाल्ड अपने ग्राहकों को चिकन उत्पाद खाने पर बाध्य करते हैं। सवाल है कि क्या ये संगठन अथवा सत्तारूढ़ दल में उनके राजनीतिक समर्थक सोचते हैं कि उनकी कार्रवाइयों के कोई अवांछनीय परिणाम नहीं होंगे? सांप्रदायिक ध्रुवीकरण लाभदायक हो सकता है। शायद भाजपा को राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' में उमड़ती भीड़ को देख कर अगले साल होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनावों के प्रति चिन्ता पैदा हो गई है और वह चुनाव एजेंडे में सांप्रदायिक मुद्दों को हवा देना चाहती है।



लेकिन उसे दूसरे एजेंडों के बारे में भी सोचना चाहिए जिनमें आर्थिक विकास व बिजनेसों को प्रोत्साहन, निवेश आकर्षित करना तथा रोजगार सृजन शाामिल हैं। उसे सोचना चाहिए कि इस प्रकार के संकुचित दृष्टिकोण वाले अभियानों से खासकर खाद्य व पेय उद्योग तथा सामान्य रूप से पर्यटन प्रभावित हो सकते हैं। सरकार द्वारा स्थापित ट्रस्ट 'इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन'-आईबीईएफ के अनुसार खाद्य एवं पेय उद्योग भारत की जीडीपी में लगभग 3 प्रतिशत का जिम्मेदार है और यह देश का एक सबसे बड़ा सेवायोजक है। इसमें 7.3 मिलियन से अधिक कामगार काम करते हैं। आईबीईएफ वेबसाइट के अनुसार, 'सेवायें ज्यादा व्यक्तिगत व ग्राहक केन्द्रित होंगी, रचनात्मक सेवा के प्रस्ताव दिए जाएंगे तथा स्वास्थ्य व सुरक्षा का मानकीकरण होगा।' क्या हिंदू जन जागृति समिति व श्रीराम सेना जैसे संगठन खाद्य एवं पेय उद्योग को ज्यादा व्यक्ति-केन्द्रित बनाना चाहते हैं? क्या एक खास समुदाय को निशाना बनाने वाले 'अराजक तत्व' चिकित्सा पर्यटन को बाधित नहीं करेंगे क्योंकि मुस्लिम देशों से बहुत से लोग इलाज कराने भारत आते हैं। सवाल है कि वे 'हलाल-विरोधी अभियान' को किस प्रकार देखते हैं? समय आ गया है कि भाजपा इन 'हाशिए पर पड़े तत्वों' के विकृत अभियानों के प्रति गंभीरता बरते तथा उनकी अराजकता पर लगाम लगाए।

# जेनेटिक इंजीनियरिंग से जोखिम संभव

### जीन-एडिटिंग एक बड़ा वैज्ञानिक विकास है, लेकिन इसमें पहलों की सीमा है। हमें इस प्रक्रिया में आगे बढ़ते समय उसके अंतर्निहित खतरे भी समझने चाहिए।



**बीकेपी सिन्हा**
(लेखक, सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी हैं)



बायोटेक्नोलोजी को उद्योग की बायलोजी भी कहा जा सकता है। इसे लघु जीवों के जीन्स या उनके हिस्सों में परिवर्तन भी कहा जा सकता है। जेनेटिक इंजीनियरिंग के माध्यम से नए वाणिज्यिक उत्पाद, जैसे एंटीबायोटिक व हार्मोन, आदि तैयार किए जा सकते हैं। इस प्रकार हम तेजी से एक 'अप्राकृतिक दुनिया' में प्रवेश कर रहे हैं। हालांकि, हम में से बहुत से लोगों का मानना है कि प्रकृति का संरक्षण होना चाहिए क्येंकि यह उपयोगिता के साथ ही जैव-विविधता की दुनिया को एक आंतरिक मूल्य प्रदान करती है। लेकिन अप्राकृतिक दुनिया में प्रवेश के साथ ही प्रकृति के संरक्षण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिए, सूखा झेलने की क्षमता वाले संकर बीजों तथा रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के बिना तेजी से बढ़ती जनसंख्या को भोजन देना असंभव है। चूंकि संकर बीजों व रासायनिक उर्वरकों का स्थान लेने की कोई नई तकनीक उपलब्ध नहीं है, इसलिए हमें चौगुनी कृषि भूमि की जरूरत है। मनुष्यों की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है और इसके कारण प्राकृतिक स्थानों व अभयारण्यों पर भारी दबाव पड़ रहा है। जैवतकनीकी से पैदा फसलें अत्यधिक सक्षम और उत्पादक होंगी जिससे हमें खेती की जमीन घटाने में सहायता मिलेगी, जबकि वर्तमान तरीकों से यह सोचना असंभव है। इसी प्रकार जेनेटिक इंजीनियरिंग के बिना जीन चिकित्सा संभव नहीं हो सकती है। जीन थेरेपी वैज्ञानिक रोगियों का डीएनए बदलने में सक्षम हुए हैं। इसका अर्थ जीन एडिटिंग न हो कर रोगी की कोशिका में इंजीनियर्ड डीएनए डालना है जो बीमारी पैदा करने वाले विकृत जीन को निष्प्रभावी कर देगा।

जीन थेरेपी हमेशा सटीक नहीं थी। अमेरिका में एक युवा की मृत्यु एक वाइरस द्वारा प्रत्यारोपित जीन के कारण पैदा भारी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से मर गया क्योंकि उसने कैंसर-कारक जीन को बढ़ावा दिया था। इस कारण ल्यूकेमिया से पांच रोगी मर गए। लेकिन जीन एडिटिंग में धीरे-धीरे सुधार से ज्यादा महत्वाकांक्षी जीन एडिटिंग की नीव पड़ी। मूलत: जीन एडिटिंग से वे रास्ते प्रभावित होते हैं जिनका परिणाम रोगी की संबंधित कोशिका में डीएनए की गलत श्रृंखला में सुधार होता है। इससे जीन एडिटिंग का मार्ग प्रशस्त हुआ। जीन एडिटिंग की खोज के दो चरण होते हैं। पहला, शोधकर्ता को उचित एन्जाइम तलाशना होता है जो डीएनए की दुहरी श्रृंखला तोड़ सके। इसके बाद एक 'गाइड' की जरूरत होती है जो कोशिका के उन डीएनए पर प्रहार करता है जिनको काट कर हटाना होता है। इस एन्जाइम को न्यूक्लिएजेज़ कहते हैं। 2000 में वैज्ञानिकों ने एक औजार खोजा जिसे 'फ़ोकी एन्जाइम' कहा गया जो मृदा व तालाब के बैक्टीरिया में पाया जाता है। इसके दो आयाम होते हैं, पहला डीएनए को कैंची की तरह काटता है और दूसरा एक गाइड की तरह काम करते हुए बताता है कि उसे कहां जाना है। इन आयामों को अलग किया जा सकता है जिसमें पहले को कहीं भी जाने के लिए तैयार किया जा सकता है।

इसके बाद 'क्रिस्पर' की भूमिका होती है जो एक कटिंग एन्जाइम है। इसमें एक कैस9 व एक गाइड होता है जो एन्जाइम को डीएनए श्रृंखला तक पहुंचाता है। क्रिस्पर गाइड एक प्रोटीन के बजाय आरएनए का टुकड़ा होता है। लेकिन जेनेटिक इंजीनियरिंग को बढ़ावा देना जोखिम भरा है। परिस्थितिकी के साथ छेड़छाड़ के भयानक नतीजे हो सकते हैं। जैव-विविधता परिस्थितिकी तंत्रों का आधार होती है। यह एक प्रकार से उड़ते हुए विमान की तरह है, यदि एक बोल्ट गिर जाए तो विमान उड़ता रह सकता है और यदि दो बोल्ट गिर जाएं तो भी विमान उड़ता रह सकता है। लेकिन यदि कई बोल्ट गिर जाएं तो विमान गिर सकता है। इसी प्रकार परिस्थितिकी में संतुलन इस कारण होता है कि शिकार और शिकारी के बीच प्राकृतिक संतुलन बन जाता है। इससे एक समग्र व संपूर्ण खाद्य श्रृंखला बनती है। सरल भाषा में कहें तो मृदा में गहराई से लेकर पेड़ों की चोटियों तक लघु जीव या माइक्रोब पाए जाते हैं। सभी जीवन रूप एकसाथ काम कर एक मोटा संतुलन बनाते हैं जो लगातार उठता व गिरता रहता है। कम से कम परिस्थितिकी तंत्र का यही सिद्धान्त है।


मनुष्यों द्वारा प्रयोग बहुत तेजी से बढ़ा है तथा इसके साथ ही दुनिया भर में संरक्षण वाले क्षेत्र भी बढ़े हैं। आस्ट्रेलिया में 'केन टोड' एक उदाहरण है। आस्ट्रेलिया में गन्ने की फसल पर बीटल्स या पतंगे हमला करते हैं। दुनिया के दूसरे हिस्सों में 'केन टोड' इन पतंगों पर हमला करते हैं। इसे देखते हुए आस्ट्रेलिया में गन्ने की फसलों की सुरक्षा के लिए 'केन टोड' लाए गए। लेकिन यह योजना विफल हो गई क्योंकि टोड की संख्या तेजी से बढ़ी और यह 200 मिलियन तक पहुंच गई। उन्होंने पतंगों के बजाय देशी कीटों, मेढकों, चिड़ियों के अंडों को खाना शुरू कर दिया। जहरीले होने के कारण टोडों के कारण अनेक संभावित शिकारी भी मारे गए जिनको नियंत्रित किया जा सकता था। इस प्रकार लाभदायक होने के बजाय टोड अपने आप में एक बड़ी समस्या बन गए। अभी यह नहीं समझा जा सका है कि उनकी बढ़ती संख्या पर कैसे नियंत्रण किया जाए।

लेकिन उपरोक्त कैस्पर-केस9 में संभावना है कि इसे उन कोशिकाओं पर केन्द्रित किया जा सकता है जो केवल नर म्यूटेशन या मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों पर नियंत्रण करती हैं। इस प्रकार मलेरिया फैलाने वाले मादा एनोफिलीज़ मच्छरों को समाप्त किया जा सकता है। परिवर्तित मच्छर बायोटेक्नोलोजी की संभावनायें उजागर करते हैं। लेकिन परिवर्तित मच्छर जीन्स में एक घातक परिवर्तन कर ऐसे एक्टीवेटर को जन्म दे सकते हैं जो अपने आप प्रोटीन पैदा करने लगें। ऐसे निर्णयों से संरक्षण पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अनेक संवेदनशील परिस्थितिकी तंत्रों पर घुसपैठ करने वाली प्रजातियां खतरा पैदा कर सकती हैं। साल वनों में लैंटाना कैमेरा व प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा ने पतझड़ वाले वनों में भारी परिवर्तन किया है। ऐसे में सवाल है कि क्या कोई जीन परिवर्तित प्रजाति स्थानीय वन्यजीवों को प्रभावित कर सकती है और यह कृषि या वृक्ष प्रजातियों की बागवानी में कीटों का नियंत्रण करने वाले कीटनाशकों की तुलना में ज्यादा गंभीर हो सकता है? इस प्रकार जीन संचालित तकनीकें हमारे सामने वह सारा अतीत लाती हैं जब हम परिस्थितिकी तंत्रों को बदलने में विफल रहे। लेकिन चिन्ता यह है कि कहीं हम गन्ने के खेतों में कीटों पर नियंत्रण के लिए नए प्रकार के टोड न खोजने लगें। डीएनए संबंधी व्यवस्थाओं पर नियंत्रण के लिए अतिरिक्त परिष्कृत तकनीकों की खोज हो रही है जो किसी प्रजाति की संख्या पर नियंत्रण के साथ ही उसे घटा भी सकती हैं। इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि हमारे निर्णयों के लिए शिक्षा जरूरी है। हमें टेक्नोलोजी के जीवित प्राणियों पर प्रयोग के नतीजे समझने होंगे। जीवरूपों के कामकाज का अध्ययन करने में गहराई तक जाने तथा एक कदम पीछे हट कर देखने से ज्यादा लाभ हो सकते हैं।

जेनेटिक इंजीनियरिंग का अंतिम मोर्चा मानव की बुद्धि व स्मृति में सुधार करने की संभावना है। लंबाई के बजाय मानसिक कौशल अनेक प्रकार से ज्यादा लाभदायक हो सकता है। यदि सभी लोग या जनसंख्या का एक हिस्सा भी 'स्मार्ट' हो जाए तो समाज बेहतर हो जाएगा। लेकिन सारे जटिल मानसिक कौशलों में विवेक को समझना सर्वाधिक भ्रामक है। विवेक के विभिन्न आयाम समझने के लिए हमें चेतना को समझना होगा। बिना विवेक के प्रयोग खतरनाक हो सकते हैं। लेकिन जेनेटिक इंजीनियरिंग में महत्वपूर्ण सवाल यह है कि निर्णय कौन करेगा? जीन एडिटिंग की सीमारेखा तय करने के लिए विश्व स्तर पर व्यापक सार्वजनिक चर्चा की जरूरत है। इसके बाद जैव-नैतिकता का सवाल भी पैदा होता है। व्यापक सामाजिक चर्चा का परीक्षण इस बात से होगा कि जीन एडिटिंग औजारों के प्रयोग के तरीकों के बारे में फैसला किसे करना चाहिए। जान राल की 'थ्यौरी आफ जस्टिस' या राबर्ट नोजिक की 'एनार्की, स्टेट एंड यूटोपिया' सिद्धान्तों के बारे में दो आधुनिक आधार हैं जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नैतिक आधारों पर जोर देते हैं। डीएनए वैक्सीनों ने यह संभव किया है कि मानव कोशिकाओं में जेनेटिक सामग्री प्रवेश करा कर एक वाइरस के तत्व तैयार किए जाएं जो डीएनए या आरएनए के आयाम या जेनेटिक कोड तैयार कर सकें। इस प्रकार कोशिकायें वैक्सीन निर्माण सुविधा में परिवर्तित हो जाएंगी। लेकिन जेनेटिक इंजीनियरिंग की सभी संभावनाओं को देखते हुए यह पूरी तरह अनिश्चित है कि इससे परिस्थितिकी में व्यापक खतरनाक परिवर्तन हो सकते हैं जिसका मनुष्यों के साथ सभी जीव रूप हिस्सा हैं।

# भारत-चीन संघर्ष और शांति की कल्पना

**नीरज सिंह मन्हास**
(लेखक रायसीना हाउस में भारत-प्रशांत संघ के निदेशक हैं)



भारत और चीन के बीच शांति की कल्पना उनके बीच संघर्ष की गतिशीलता को पूर्वव्यापी में समझे बिना असंभव है। अक्टूबर 2022 भारत और चीन को उच्च हिमालयी सीमाओं में अपने पहले और एकमात्र युद्ध में लगे हुए 60 साल का प्रतीक है, जो 20 अक्टूबर से 21 नवंबर, 1962 तक 31 दिनों तक चला। एक अप्रत्याशित आक्रमण में, चीन ने भारत पर भारी पराजय की, जबकि दुनिया का ध्यान बड़े पैमाने पर क्यूबा मिसाइल संकट (16-29 अक्टूबर, 1962) पर केंद्रित था, जो लगभग उसी समय चल रहा था।

चीनी अपने समय को पूरी तरह से चुनने के लिए जाने जाते हैं। दो परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र वर्तमान में अप्रैल 2020 के अंत से पूर्वी लद्दाख में तनावपूर्ण सैन्य गतिरोध में लगे हुए हैं। देश में एक अरब से अधिक आबादी के साथ, 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) है। दुनिया की सबसे लंबी विवादित भूमि सीमा। भारत और चीन के बीच किसी भी भावी संघर्ष के न केवल एशिया के लिए, बल्कि वैश्विक राजनीतिक-आर्थिक स्थिरता के लिए भी विनाशकारी परिणाम होंगे।

जबकि एक अनिर्धारित चीन-भारतीय सीमा एक औपनिवेशिक अतीत की विरासत है, एलएसी ने 1950-51 में तिब्बत पर चीनी आक्रमण के बाद खुद को सुलझा लिया। तीन साल बाद, एक बड़ी कूटनीतिक चाल में, भारत ने तिब्बत पर चीन की संप्रभुता को मान्यता दी और पंचशील संधि, या शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों पर हस्ताक्षर किए, जिसका सम्मान करने का चीन का कोई इरादा नहीं था। उस दशक के अंत में, 1962 के युद्ध से पहले, तिब्बती विद्रोहियों ने तिब्बत में चीनी शासन के खिलाफ विद्रोह शुरू कर दिया था, और इस क्षेत्र के आध्यात्मिक नेता, दलाई लामा को मार्च 1959 में भारत भागने के लिए मजबूर किया गया था।

कुछ महीने बाद, उसी वर्ष, चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) पूर्वी सेक्टर के लोंगजू में भारतीय सैनिकों से भिड़ गई। अगले वर्ष, चीनी प्रधान मंत्री झोउ एनलाई ने अपने भारतीय समकक्ष



जवाहरलाल नेहरू के साथ बातचीत की, लेकिन जल्द ही समाप्त हो गया। भारत ने फिर 1961 में एक टकराव और जल्द ही विनाशकारी फॉरवर्ड पॉलिसी शुरू की, जिसमें नई दिल्ली ने विवादित क्षेत्रों में मौजूदा चीनी चौकियों के उत्तर में नई सैन्य चौकियों की स्थापना की। यह भारतीय पक्ष की ओर से एक घातक गलत आकलन साबित हुआ। 1967 में पूर्वी क्षेत्र में नाथू ला और चो ला में झड़पें हुईं, जिसमें भारत सिक्किम के पास चीनी आक्रमण को सफलतापूर्वक पीछे धकेलने में कामयाब रहा। दो दशक बाद, अरुणाचल प्रदेश के सुमदोरोंग चू में संघर्ष फिर से शुरू हो गया। सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ गतिरोध एक आवर्ती घटना बन गया, जैसा कि 2013 में देपसांग मैदानों के मामले में, 2014 में डेमचोक, 2017 में डोकलाम में हुआ था। 45 वर्षों में पहली बार, 2020 के गैलवान गतिरोध के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की जान चली गई। जब से अप्रैल 2020 के अंत में चल रहे गतिरोध की शुरुआत हुई, भारत और चीन ने 16 दौर की सैन्य-स्तरीय वार्ता की, नवीनतम जुलाई 2022 में हुई, और विभिन्न क्षेत्रीय और बहुपक्षीय समारोहों के दौरान समानांतर रूप से उच्च-स्तरीय राजनयिक वार्ता हुई। पूर्वी लद्दाख में शेष दो घर्षण बिंदु 2013-14 के हैं। दोनों पक्षों ने 1993 और 2012 के बीच पांच विश्वास-निर्माण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें सीमावर्ती क्षेत्रों में आग्नेयास्त्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना शामिल है। उनमें से लगभग सभी को चल रहे गतिरोध से प्रभावी रूप से कोमा की स्थिति में रखा गया है। डेपसांग और डेमचोक विरासत के घर्षण बिंदु के रूप में बने रहेंगे, संभावित विघटन की संभावना जल्द ही किसी भी समय होने की संभावना नहीं है, विशेष रूप से इस तथ्य पर विचार करते हुए कि भारत अब क्वाड जैसे बहुपक्षीय समूहों का हिस्सा है, जिसे चीन अमेरिका के नेतृत्व वाली पहल के रूप में देखता है। अपने उदय को समाहित करने के लिए।

क्षेत्रीयता की धारणाओं के ओवरलैप के साथ, भारत और चीन दोनों सीमावर्ती क्षेत्रों में अपनी सैन्य तैयारियों और बुनियादी ढांचे के निर्माण को बढ़ा रहे हैं, चीन के पास एक उच्च व्यापक राष्ट्रीय शक्ति है। हालांकि, भारत का लाभ बहुत अनुभवी सशस्त्र बलों में निहित है। दुर्भाग्य से, हालांकि, आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति को देखते हुए, सैनिकों की युद्धभूमि वीरता का पारंपरिक पहलू चीन के साथ पूर्ण पैमाने पर युद्ध की स्थिति में जीत में कम भूमिका निभाने के लिए तैयार है, बाद की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-समर्थित युद्ध मशीन क्षमता को ध्यान में रखते हुए।

जबकि चीन, भारत और चीन के बीच समग्र द्विपक्षीय संबंधों में सीमा विवाद को केवल उचित स्थान पर रखना चाहता है, भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सीमा की स्थिति काफी हद तक संबंधों की स्थिति का निर्धारण करेगी। जैसा कि चीन अपने पड़ोस में क्षेत्र पर दावा करने के लिए विद्रोही विचारों का आह्वान करना जारी रखता है और पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों में भारतीय क्षेत्र में अपनी विस्तारवादी मुद्रा जारी रखता है, भारत के राजनयिक और सैन्य प्रतिष्ठानों के लिए चुनौती समय के साथ बढ़ने की ओर अग्रसर है, खासकर समग्र संबंधों के रूप में विवाद के परमाणु दृष्टिकोण और भारत के बढ़ते व्यापार घाटे और चीन पर लगातार आर्थिक निर्भरता द्वारा और अधिक जटिल बना दिया गया है।

## आप की बात

### आवारा कुत्तों का आतंक

**शहरी** क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के द्वारा लोगों को जख्मी करने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। यह घटनाएं ना केवल मन को विचलित करती हैं बल्कि एक डर बैठ जाता है कि कहीं मेरे मासूम बच्चे के साथ भी ऐसा ना हो जाए। नोएडा स्थित बेलवर्ड सोसाइटी में आवारा कुत्तों ने एक 8 माह के बच्चे को बुरी तरह जख्मी कर दिया था आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन किया और प्राधिकरण पर लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया है जिसकी जांच जरूरी है। आखिरकार अधिकारियों की लापरवाही की वजह से ही 8 माह बच्चे की जान गई है। पिछले दिनों नोएडा में भी एक बच्चे को लिफ्ट के अंदर कुत्ते ने मालकिन के साथ होने के बावजूद बुरी तरह जख्मी कर दिया था। दिल्ली के भलस्वा डेयरी क्षेत्र में भी एक पिटबुल ब्रीड के पालतू कुत्ते ने एक कारोबारी महिला को बुरी तरह जख्मी किए जाने की घटना सामने आई है। दिल्ली एनसीआर में कुत्तों के काटे जाने की घटनाएं नहीं आवारा पशुओं की द्वारा राह चलते लोगों की जख्मी करने की घटना सामने आती रही है। अधिकांश घटनाएं प्रिंट मीडिया और पुलिस तक नहीं पहुंचती हैं लेकिन इन हिंसक घटनाओं को स्थानीय प्रशासन इस पर रोक लगाने में नाकाम रहता है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### केरल में बलि

**भारत** देश का सबसे शिक्षित और प्रगतिशील समाज वाला राज्य।जहाँ शत प्रतिशत साक्षरता है। उस राज्य में दो महिलाओं को एक तांत्रिक के इशारे पर एक दम्पत्ति धन पाने के लालच में दो महिलाओं को धन और ऐक्टिंग का लालच देकर बुलाया जाता है। फिर तांत्रिक के साथ मिलकर उन दोनों की बर्बरता से हत्या कर शरीर के टुकड़े टुकड़े करके उन्हें घर मे ही गाड़ दिया गया था। इस वीभत्स घटना के गुनहगारों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन ऐसे घटनाएं अक्सर केरल में ही नही दूसरे राज्यो में होती रहती है। इन्हें रोकने के लिये सरकार को सख्त कानून बनाना चाहिए। समाज में फैले अंधविश्वास और रूढ़िवादिता से निपटने के लिये सरकार को कानून बनाकर लोगो को जागरूक करने की ओर ध्यान देना चाहिए।शिक्षित लोग जब इस तरह की बर्बर घटनाओं को करते है। तो लोगों के शिक्षित होने पर सवाल उठते है।पढ़ा लिखा मनुष्य धन,संतान और पद पाने के लिये अंधविश्वासों पर आंखे बंद करके विश्वास कर लेता है और मानवता को शर्मसार करने वाले कुकृत्य कर बैठता है। जिसका फल कुछ नही मिलता उलटा जिंदगी भर समाज मे कलंकित और राजदण्ड को भोगता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### बदलाव की जरूरत

**निश्चित** रूप से हमारा देश एक बड़े बदलाव की ओर आगे की दिशा में बढ़ रहा है। विद्यमान विविध प्रकार की प्रणालियों में आमूलचूल परिवर्तन होना समय की मांग है जिसे धीरे-धीरे मूर्तरुप दिया जा रहा है। अब तक चिकित्सा शिक्षा पूरी तरह अंग्रेजीयत पर निर्भर रही है जिससे प्रतिभावान होते हुए भी कई योग्य छात्र वंचित होते आये हैं। तारीफ करना होगी मध्यप्रदेश शासन की जिसने एमबीबीएस की पढ़ाई को हिंदी में करवाने की हिम्मत की है। बकायदा इसके लिए पुस्तकों का हिंदी में प्रकाशित होना एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्रणाली से हिंदी भाषी क्षेत्र के विद्यार्थियों में मेडिकल चिकित्सा के प्रति उत्साह बढ़ेगा। अब जरूरत इन पुस्तकों के नाम शाब्दिक रूप से हिंदी में लिखने की बजाय इनका सिर्फ नाम भी हिंदी में किए जाने चाहिए। इसके साथ ही दवाओं के नाम और डॉक्टरों की चिट्ठियों का हिंदी करण भी जरूरी है। इन प्रयासों से चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में नई क्रांति होगी और देश में मध्य प्रदेश उसका मॉडल बन सकेगा।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**भारत** जोड़ो यात्रा से गैर-भाजपा समर्थक व कांग्रेस समर्थक समान रूप से प्रभावित हुए हैं।

– **संदीप दीक्षित**
कांग्रेस नेता



**राहुल** गांधी की भारत जोड़ो यात्रा दिशाहीन है और इसका एकमात्र उद्देश्य आरएसएस पर हमला करना है।

– **के. सुधाकर**
कर्नाटक भाजपा नेता



**सीबीआई** ने मेरे घर पर 14 बार छापे मारे, मेरे बैंक लाकर खंगाले गए, लेकिन उनको कुछ नहीं मिला।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री

# विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं: सीएम

## प्रत्येक नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य कर रही डबल इंजन की सरकार

● उनवल में बाईपास और नगर पंचायत भवन का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। विकास की प्रक्रिया का लाभ समाज के हर तबके को बिना भेदभाव के प्राप्त होए इसका दायित्व जनप्रतिनिधियों व प्रशासन का है। आवश्यकता इस बात की भी है कि नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए जागरूक होकर विकास के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में सहभागी बनें। सीएम योगी बुधवार को कस्बा संग्रामपुर उर्फ उनवल में 20.27 करोड़ रुपये की लागत से बने 3.50 किमी लंबे बाईपास एवं 2.12 करोड़ रुपये की लागत वाले नगर पंचायत कस्बा संग्रामपुर उर्फ उनवल के कार्यालय भवन का लोकार्पण करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास कार्यों के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य कर रही है। विकास में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब नगर पंचायतों का गठन किया जा रहा था तो जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायतों में से एक कस्बा संग्रामपुर उनवल को उस समय प्रदेश की पहली नगर पंचायत के रूप में गठित किया गया। इस नगर पंचायत के अपने भवन के लिए 2.12 करोड़ तथा अन्य विकास कार्यों के लिए 12.85 करोड़ रुपए भी स्वीकृत किए गए। इस नगर पंचायत में गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 4168 आवास स्वीकृत किए गए जिनमें से 2692 आवास पूर्ण हो चुके हैं। यहां 329 लोगों को पीएम स्वनिधि योजना की सुविधा मिली है जबकि 750 लोगों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत शौचालय योजना का लाभ मिला है। साथ ही सात सामुदायिक व एक पिंक शौचालय का निर्माण किया गया है। इस नगर पंचायत में 338 पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन तथा 152 निराश्रित महिलाओं को पेंशन का लाभ मिल रहा है। उनवल को नगर पंचायत का दर्जा देने के साथ ही लोगों की आवागमन की सुविधा हेतु 20 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बाईपास भी बनवाया गया। मुख्यमंत्री ने लोगों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध करते हुए कहा कि स्वच्छताए स्वास्थ्य के साथ ही क्षेत्र की पहचान से जुड़ी होती है। गांव, कस्बा गंदा रहेगा तो लोगों की धारणा ठीक नहीं रहेगी जबकि साफ-सफाई दिखने पर लोग तारीफ करेंगे। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर 2014 को गांधी जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत कर घर-घर शौचालय की सुविधा दी। साफ-सफाई के कार्यक्रम बड़े पैमाने पर चलने लगे। स्वच्छ भारत मिशन सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंदगी से बीमारियों को पनपने का मौका मिलेगा। गंदगी समाप्त होने पर बीमारी भी स्वत: समाप्त हो जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि नगरीय कूड़ा प्रबंधन अभी भी चुनौती बना हुआ है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की

## धर्मवीर प्रजापति ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल से बुधवार को राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को कारागार एवं होमगार्डस विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का संकलन प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने धर्मवीर प्रजापति द्वारा कराये जा रहे कार्यों की तारीफ की एवं उन्हें बधाई दी। उन्होंने होमगार्ड्स विभाग द्वारा चलाए गए पौधरोपण अभियान एवं कारागार में महिलाओं के लिए करायी गयी करवा चौथ की व्यवस्था समेत अन्य उल्लेखनीय विभागीय कार्यों की भी तारीफ की। धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि इस भेंट के दौरान राज्यपाल का अमूल्य आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनके द्वारा दिए गए समय एवं सुझाव के लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

## कानपुर के चार नए थानों के लिए शासन ने सृजित किए 140 पद

**लखनऊ।** प्रदेश शासन ने कानपुर नगर के चार नए थानों के लिए 140 पद सृजित किए हैं। कानपुर नगर में जाजमऊ, रावतपुर, हनुमंत विहार, गुजैनी में नए थानों का सृजन किया गया था। इन्हीं थानों में 35-35 विभिन्न पदों का सृजन किया गया है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। जिसके मुताबिक जो 35-35 पद सृजित किए गए हैं उनमें एक इंस्पेक्टर, दो सब इंस्पेक्टर, नौ हेड कांस्टेबल, 15 कांस्टेबल, तीन कंम्प्यूटर आपरेटर, दो चालक व तीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद शामिल हैं। गृह विभाग ने बीती 18 मई को कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में चार नए थानों के सृजन का आदेश जारी किया था। गृह विभाग ने थाना चकेरी के अन्तर्गत जाजमऊ, कल्याणपुर के अन्तर्गत रावतपुर, नौबस्ता के अन्तर्गत हनुमंत बिहार और बर्रा के अन्तर्गत गुजैनी को नाए थाने के रूप में स्थापित किया था।

## यह निर्णय किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करने में अपना योगदान देगा: योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी ने अन्नदाता किसानों को फसलों के लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2023-24 के लिए रबी की 6 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी में वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया है। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल का एमएसपी में वृद्धि का यह निर्णय अभिनन्दनीय है। यह किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करने में अपना योगदान देगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा रबी फसलों के विपणन सीजन 2023-24 के लिए एमएसपी में वृद्धि की गयी है ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। इनमें मसूर के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 500 रुपये प्रति कुन्तल, सफेद सरसों और सरसों में 400 रुपये प्रति कुन्तल, कुसुंभ में 209 रुपये प्रति कुन्तल, गेहूं में 110 रुपये प्रति कुन्तल, चना में 105 रुपये प्रति कुन्तल तथा जौ में 100 रुपये प्रति कुन्तल की वृद्धि की गयी है।

### सीएम ने लोक सेवा आयोग चयनित अभ्यर्थियों को दी बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश की सम्मिलित राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा सामान्य चयन एवं विशेष चयन परीक्षा 2021 में सफल समस्त अभ्यर्थियों तथा उनके मार्गदर्शक माता-पिता एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी सफल अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परीक्षा के माध्यम से चयनित अभ्यर्थीगण प्रदेश की विभिन्न सेवाओं में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किये जाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सम्बन्धित सेवा में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त सभी सफल अभ्यर्थी पूर्ण समर्पण व सेवाभाव के साथ अपने दायित्वों का उत्साहपूर्वक निवर्हन करते हुए नये उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

## फर्जी आधार कार्ड से अपनी पहचान छिपाने वाले अपराधियों की होगी धरपकड़

● डीजीपी ने सभी पुलिस कर्मियों को अपने मोबाइल फोन पर आधार क्यूआर कोड स्कैनर एप डाउनलोड करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जाली** आधार कार्ड का उपयोग करके हो रही जालसाजी और आर्थिक अपराध की घटनाओं पर डीजीपी डीएस चौहान ने चिंता जताई है। ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उन्होंने प्रदेश में सभी पुलिस कर्मियों के मोबाइल पर आधार क्यूआर स्कैनर एप डाउनलोड करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने कहा है कि इस एप की मदद से संदिग्धों के आधार कार्डों की जांच के साथ थाने, होटल, लाज, सराय, धर्मशालाओं, बैंक आदि में जमा किए जाने वाले आधार कार्डों की जांच में आसानी होगी। इससे फर्जी आधार कार्ड के जरिए अपनी पहचान छिपाने वाले अपराधियों की भी आसानी से धरपकड़ संभव हो सकेगी। इस एप के प्रशिक्षण और इसके इस्तेमाल को लेकर डीजीपी ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में समस्त पुलिस अधिकारियों को जारी परिपत्र में डीजीपी ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में कूटरचित/ फर्जी आधार कार्ड का प्रयोग करके विभिन्न आपराधिक घटनाएं कारित करने, हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशनो, होटलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रवेश के समय अपनी सही पहचान छिपाने आदि के विभिन्न दृष्टांत प्रकाश में आते रहते हैं। आधार कार्ड /आधार नम्बर के दुरुपयोग को रोकने तथा इस प्रकार का कृत्य करने वालों को चिन्हित करने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) 'आधार क्यूआर कोड स्कैनर' नामक एक मोबाइल एप विकसित किया गया है। आधार कार्ड प्रमाणीकरण के लिए इस एप के द्वारा आधार कार्ड बार को स्कैन करके एयरपोर्ट, रेलवे यात्रा, होटल, अस्पताल एवं अन्य हाई सिक्योरिटी स्थलों पर प्रवेश के समय व्यक्ति की पहचान सत्यापित करते हुए अवांछित गतिविधि को रोका जा सकता है।

## भाजपा सरकार में मातृशक्ति सशक्त व आत्मनिर्भर हुई

**लखनऊ।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में मातृशक्ति सशक्त व आत्मनिर्भर हुई है। महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा में ही मिल रहा है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में बढ़.चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। इससे देश को मजबूती मिल रही है। प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सहजनवा नगर पंचायत स्थित सभागार में महिला मोर्चा के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन का कार्यकर्ता ही रीढ़ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पथ की पथिक है जिसके मूल में यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते का विचार निहित है। भाजपा ही एक मात्र राजनीतिक दल है जिसमें मातृशक्ति को नेतृत्व के अपार अवसर हैं। भाजपा की विकास यात्रा में मातृशक्ति का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा भाजपा की विचारधारा को माताओं-बहनों तक पहुंचाकर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने आधी आबादी तक पार्टी को पहुंचाने में अथक परिश्रम किया है। श्री चौधरी ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई जी जैसे मनीषियों के त्याग और तपस्या की बदौलत ही भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हैं। उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पूर्व में मिली ऐतिहासिक सफलता की चर्चा करते हुए आगामी नगर निकाय चुनाव और 2024 में होने लोकसभा चुनाव में जीत का मंत्र भी दिया।

## दीपोत्सव पर हनुमान चालीसा के नए संस्करण का विमोचन करेंगे सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ 23 अक्टूबर को दीपोत्सव पर अयोध्या में हनुमान चालीसा के नए संस्करण का शुभारंभ करेंगे। इसे पार्श्व गायक व पद्मश्री सोनू निगम ने स्वर दिया है। श्री हनुमान चालीसा का यह गायन मधुर, सुखदायक और भव्य है। सोनू निगम अयोध्या में श्रोताओं के बीच अपनी गायिकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

मुख्यमंत्री के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी रविवार को अयोध्या में भव्य दीपोत्सव समारोह में शामिल होंगे क्योंकि करीब 17 लाख दीये मिट्टी के जिसमें गाय के गोबर से बने 1.25 लाख से ज्यादा दीये अयोध्या को रोशन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। दीपोत्सव को दिव्यतम व भव्यतम बनाने के लिए देश.विदेश व प्रदेश के कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

## इमरान मसूद बसपा में शामिल मिली पश्चिमी यूपी की जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पश्चिमी** यूपी के बड़े मुस्लिम चेहरे के रूप में शामिल इमरान मसूद ने बुधवार को समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम लिया है। बसपा सुप्रीमो मायावती की उपस्थिति में सदस्यता लेने के बाद पार्टी की तरफ से उन्हें पश्चिमी उत्तरप्रदेश का संयोजक बनाकर पार्टी को हर स्तर पर मज़बूत बनाने व ख़ासकर अक़लीयत समाज को पार्टी से जोड़ने की भी विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।



इमरान मसूद के बसपा ज्वाइन करने के बाद मायावती ने ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश व ख़ासकर पश्चिमी यूपी की राजनीति में इमरान मसूद एक जाना.पहचाना नाम है। जिन्होंने आज अपने करीबी सहयोगियों के साथ मुझसे मुलाकात की और वे समाजवादी पार्टी छोड़कर, अच्छी नीयत व पूरी दमदारी से काम करने के वादे के साथ बीएसपी में शामिल हो गए। जिसका तहेदिल से स्वागत। पार्टी में काम करने के इनके जबर्दस्त जोश व उत्साह को देखकर आज ही उन्हें पश्चिमी यूपी बीएसपी का संयोजक बनाकर वहाँ पार्टी को हर स्तर पर मज़बूत बनाने व ख़ासकर अक़लीयत समाज को पार्टी से जोड़ने की भी विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## खड़गे के अध्यक्ष बनने पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर मनाया गया जश्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री मल्लिकार्जुन खड़गे के ऑल इंडिया कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर जश्न मनाया गया।

प्रदेश अध्यक्ष खाबरी ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि उनके अनुभव का लाभ कांग्रेस संगठन को मिलेगा और उनके कुशल नेतृत्व में कांग्रेस नए आयाम स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से कांग्रेस की सरकार बनेगी। प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खबरी, प्रांतीय अध्यक्ष व मीडिया चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ओर कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाते हुए मिष्ठान वितरण एवं आतिशबाजी की। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मल्लिकार्जुन खड़गे के अध्यक्ष बनने पर बधाई।



### यूपी में महिलाओं के प्रति अपराधों की झड़ी लग गई है: नसीमुद्दीन सिद्दीकी

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने प्रदेश में अपराधों में दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी पर चिन्ता जाहिर करते हुए कहा कि अपराधी किसी न किसी प्रकार की घटना को अंजाम दे रहे हैं। समाज में महिलाओं के प्रति अपराधों की तो झड़ी ही लग गई है। प्रदेश की राजधानी में बीते एक सप्ताह में दिनदहाड़े 4 बलात्कार की घटनाएं, जनपद आजमगढ़, सुल्तानपुर, लखीमपुर, अम्बेडकरनगर एवं गाजियाबाद में गैंगरेप की घटनाओं ने उत्तर प्रदेश वासियों को झकझोर कर रख दिया। अब तो राजधानी में पार्क भी सुरक्षित नहीं है जहां महिलाएं सुबह शाम टहलती हैं जबकि पार्कों के बगल में ही पुलिस चौकियां भी हैं। उसके बावजूद भी रेप जैसे जघन्य अपराधों को अपराधी अंजाम देने में सफल हैं जबकि चुनाव पूर्व देश के गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश में आकर कहा था कि उत्तर प्रदेश में महिलायें रात के 12 बजे घर से बाहर सुरक्षित निकल सकती हैं।

## विधि मंत्री के बयान पर कांग्रेस ने साधा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वरिष्ठ** कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि आज भारत के विधि एवं न्याय मंत्री किरन रिजिजू के 'पांचजन्य' मे छपे लेख से उनका खतरनाक और चौकाने वाला बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि न्यायाधीशों की नियुक्ति मे कॉलेजियम प्रणाली पर सहमत नहीं हैं। तिवारी ने कहा कि मै भारत के न्याय मंत्री से जानना चाहता हूं कि क्या वे न्यायपालिका की स्थिति भी उन सरकारी संवैधानिक एजेंसियो की तरह करना चाहते है, जिनकी कार्य करने की शैली और विश्वसनीयता पर आज प्रश्न वाचक चिन्ह लग रहे हैं। तिवारी ने कहा कि न्याय का प्रचिलित एवं प्रतिपादित सिद्धांत न्याय होना ही नहीं चाहि बल्कि न्याय होता हुआ दिखना भी चाहिए। ज्यादातर वाद मे सरकार एक वादी या प्रतिवादी पक्ष होती है। ऐसी स्थिति मे सरकार द्वारा नामित न्यायाधीश फैसला करेंगे तो उनकी भी वही स्थिति होगी जो आज सरकार द्वारा योग्यता हटाकर पार्टी के प्रति निष्ठा के आधार पर ज्यादातर सरकारी वकीलों का चयन किया जा रहा है और जहां ऐसा चयन हो रहा है उनकी कार्य दक्षता पर स्वयं वरिष्ठ अधिवक्ता सवाल उठा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा है कि सरकारे आती-जाती रहती है कानून मंत्री और प्रधानमंत्री बदलते रहते हैं परन्तु न्यायपालिका से जुड़ा हुआ न्यायाधीश पहले दिन से और अपने कार्य दिवस के अन्तिम दिन तक न्यायपालिका से जुड़े अधिवक्ताओं को करीब से देखते हैं और उनकी कार्यदक्षता को बेहतर पहचानते हैं। आज भी कॉलोजियम संस्तुति करती है, फिर केन्द्रीय सरकार से सिफारिश करती है, उनके आचरण एवं उनके चरित्र प्रमाणपत्र सरकार ही देती है तथा केन्द्र सरकार की राय के बाद ही राष्ट्रपति को संस्तुति के लिए भेजा जाता है।

# डिफेंस एक्सपो गुजरात में यूपीडा ने साइन किए 13 एमओयू

## यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में होगा 564 करोड़ का निवेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र** ने गुजरात में आयोजित डिफेंस एक्सपो-2022 में रक्षा आयुध बनाने वाली विभिन्न कम्पनियों के साथ 13 एमओयू साइन किए हैं। जिसके जरिये विभिन्न कम्पनियां उप्र एक्सप्रेसवे डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा डेवलप किए जा रहे उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में 564 करोड़ रूपए का निवेश करेंगी। डिफेंस एक्सपो में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी डिफेंस एक्सपो में शामिल हुए। जिन्होंने निवेशकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और सुझावों के आधार पर सहुलियतें उपलब्ध कराए जाने का भरोसा जताया।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किए जा रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के प्रदर्शनी का उदघाटन किया। जहां रक्षा आयुध बनाने वाली कई महत्वपूर्ण कम्पनियों ने सम्पर्क करते हुए 13 एमओयू साइन किए जिसके जरिये उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में 564 करोड़ रूपए का निवेश होगा। मंत्री नन्दी ने यूपीडा के स्टॉल पर यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में निवेश करने वाले निवेशकों से बातचीत की। उनके सुझाव सुने और उत्तर प्रदेश रक्षा एवं एयरोस्पेसए रोजगार प्रोत्साहन नीति 2018 संशोधित के विषय में जानकारी दी। निवेशकों के सुझाव सुनने के बाद मंत्री नन्दी ने कहा कि एमएसएमई के लिए इस कॉरिडोर में व्यापक सम्भावनाएं मौजूद हैं। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रदेश सरकार उप्र को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, बेहतर कनेक्टिविटी और पॉलिसी सपोर्ट के साथ रक्षा औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करने के लिए समर्पित है। प्रदेश में 25 सेक्टोरल पॉलिसी के साथ निवेश मित्र पोर्टल 30 से अधिक विभागों की लगभग 350 सेवाएं देने की क्षमता से लैस है। यह राज्य को मजबूत बनाने और आधुनिक औद्योगिक बुनियादी ढांचे, उन्नत तकनीकी का माहौल प्रदान कर रहा है। जिससे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संयुक्त संकल्प को बल मिल रहा है। रक्षा क्षेत्र के उद्योगों का समर्थन करने के लिए न केवल आाईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू जैसे उन्नत तकनीकी संस्थानों के साथ भागीदारी की गई है। बल्कि इन उद्योगों को स्वदेशी रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण को विकसित करने और पोषित करने के लिए उपयुक्त वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए देश के शीर्ष बैंकों के साथ भी भागीदारी की है। मंत्री नन्दी ने कहा कि डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को आगामी रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हुए रक्षा और एयरोस्पेस नीति की सब्सिडी में उन्हें एकीकृत करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा तकनीकी सहायता और परीक्षण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय द्वारा झांसी नोड पर नया प्रौद्योगिकी केंद्रए विस्तार केंद्र टीसीईसी स्थापित किया जा रहा है। इन सभी कदमों के साथ उत्तर प्रदेश सरकार रक्षा निर्माण के क्षेत्र को नेक्स्ट लेवल तक ले जाने के लिए रक्षा और एयरोस्पेस के क्षेत्र में इच्छुक निवेशकों के साथ नए संबंध स्थापित करने के लिए डिफेंस एक्सपो 22 में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है।

## भैयादूज पर्व पर जेलों में समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश

**लखनऊ।** राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही ने महानिदेशक कारागार को प्रदेश की सभी जेलों में भैयादूज के अवसर पर नियमानुसार समुचित व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए हैं। राही ने कहा है कि जेलों में निरूद्ध बंदियों से मिलने आने वाली बहनों के लिए समय निर्धारित किया जाए जिससे उन्हें मिलने एवं इस पर्व की गरिमा के अनुरूप मनाने में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। राही ने कहा कि इस पर्व को प्रदेशवासी बड़े धूमधाम से मनाते हैं। इसी के दृष्टिगत उक्त निर्णय लिया गया है। सभी जेल अधीक्षक अपने-अपने जेलों में इस पर्व के दृष्टिगत तैयारी रखें। इस संबंध में उनको समय से पूर्व आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिया जाए।

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने पीएम का आभार प्रकट किया

**लखनऊ।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। श्री सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार किसानों की आय दोगुना करने की प्रतिबद्धता के तहत स्वामीनाथन आयोग के सुझावों को लागू करते हुए लगातार फसलों की एमएसपी में वृद्धि कर रही है। इसी के तहत वर्ष 2023.24 के लिए रबी की छह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि किसानों की आर्थिक उन्नति का माध्यम बनेगी।श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना,



प्रधानमंत्री पशुधन बीमा योजना, कृषि यंत्र सब्सिडी योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, राष्ट्रीय गोकुल मिशन सहित प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसान कल्याण की विभिन्न योजनाएं किसानों की आत्मनिर्भरता से राष्ट्र की आत्मनिर्भरता के संकल्प की सिद्धि हैं। उन्होंने कहा कि रबी फसलों के विपणन सीजन 2023-24 के लिए मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मसूर, सरसों, कुसुंभ, गेहूं, चना तथा जौ के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि किसानों की समृद्धि का आधार बनेगी।

## निर्माण कार्यों के गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर होगी कठोर कार्रवाई

**लखनऊ।** लोक निर्माण मंत्री ज़ितिन प्रसाद ने राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ बुधवार को हज़रतगंज स्थित महाराणा प्रताप मार्ग पर कराये जा रहे मार्ग सुधार कार्य का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ज़ितिन प्रसाद ने निरीक्षण के समय निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जाँच के लिए मौक़े पर ही सड़क की खुदाई करवाई तथा मार्ग के दो स्थानों पर चौड़ाई की माप करवायी। इसके उपरांत उन्होंने कार्यस्थल पर ही कार्य से सम्बन्धित वांछित अभिलेख एवं सम्पादित कराये गये कार्यों की परीक्षण रिपोर्ट का अवलोकन भी किया। मार्ग पर कराये गये डीबीएम कार्य की मोटाई जाँची गई। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में मानक एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर सम्बंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मार्ग पर कराये जा रहे अवशेष कार्य मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण तथा शीघ्र पूर्ण कराया जाये।

पायनियर
नई दिल्ली , बृहस्पतिवार, 20 अक्टूबर, 2022



## सीतापुर पहुंचे अर्जेंटीना के पूर्व कृषि मंत्री मैरीयानों बेहरान

# सीतापुर की किस खेती और उद्योग को विदेश में मिलेगा बढ़ावा!

- भारत में मौजूदा उच्चायुक्त है पूर्व कृषि मंत्री मैरीयानों बेहरान
- औषधीय खेती अष्वगंधा, ब्राम्ही और खष के उत्पादन का किया अवलोकन
- गौ आधारित खेती को अर्जेंटीना के किसानों तक पहुंचाएंगे उच्चायुक्त





संवाददाता। बिसवां सीतापुर

**सीतापुर के** अश्वगंधा ब्राम्ही और खश की सुंगध अब विदेश की धरती पर भी फैलेगी। वहां के किसान इन औषधियों की खेती कर कम लागत में अधिक मुनाफ़ा कमाएंगे। इन औषधियों के अलावा सतावर, ड्रैगन फ्रूड, हल्दी आदि को भी विदेश में वृहद स्तर पर उगाया जाएगा। ऐशिया प्रसिद्धि सीतापुर की दरियों को भी अर्जेंटीना की धरती पर नई पहचान मिलेगी। सीतापुर के दरी उद्योग को अर्जेंटीना में बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिलेगा। दरअसल अर्जेंटीना के पूर्व कृषि मंत्री एवं मौजूदा समय भारत में उच्चायुक्त मैरीयानों बेहरान ने बुधवार को बिसवां के कमुआपुर में प्राकृतिक औषधीय, संगध और गौ आधारित खेती को देखा। कृषि मंत्री ने किसानों से संवाद कर तमाम जानकारियां जुटाई। उन्होंने तहसील बिसवां क्षेत्र के भगवानपुर माफी में ओडीओपी योजना से बने कामन फैसिल्टी सेंटर पर जाकर उत्पादको से संवाद किया और हथकरघा उद्योग से बनाई गई दरियों का अवलोकन किया। सबसे पहले वह ग्राम कमुआ में स्थित किसान अशोक गुप्ता के खेत पर गए, यहां प्राकृतिक औषधीय संगध, सतावर, ड्रैगन फ्रूड, हल्दी, अश्वगंधा, ब्राम्ही, हैविसकस खेती का अवलोकन कर किसानों से संवाद किया। बताते है कि अर्जेंटीना में भी रसायनिक खेती से किसान त्रस्त है, सीतापुर में अब बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा गौ आधारित खेती की जा रही है। इसे इस तरह उपयोग में लाकर किसान कम लागत में या जीरो बजट में अच्छा मुनाफ़ा प्राप्त कर सकते है। ऐसी तमाम जानकारियां उच्चायुक्त ने हांसिल की। इन जानकारियों को वह अर्जेंटीना में किसानों तक पहुंचाएगे जिससे वहां भी औषधीय एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। ग्राम भगवानपुर माफी में सेंटर में लगी यार्न काउंट मशीन, जीएसएल मशीन, कलर मैचिंग मशीन, टीएफ़ओ ट्वीस्टर मशीन सहित उत्पादित की जा रही दरियों को देखा और सराहा। बुनकर वेलफेयर सोसायटी के सचिव हयात कौसर ने कृषि मंत्री सहित उनके साथ आए वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मान स्वरूप दरिया भेंट की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के सलाहकार पीएस ओझा, उपकृषि निदेशक एस.के. सिंह और उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## महंत पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**बरेली** । मंदिर के महंत पर जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया उसके पास से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद की गई पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव देश नगर निवासी जयपाल उर्फ पलुआ को पुलिस ने आज गांव के पास स्थित एक मंदिर के महंत शिशुपाल पर लोहे की रॉड से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया ज्ञात हो कि मंदिर के महंत शिशुपाल के पास 17 अक्टूबर को जयपाल दोपहर में आया था उसने मंदिर के महंत से चिलम पिलाने के लिए कहा लेकिन महंत ने इंकार कर दिया जिससे नाराज पलुआ और उसके साथी ने मेहनत पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आज जयपाल को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा पूछताछ के दौरान जयपाल ने बताया कि उसके साथ घटना के समय गांव का रहने वाला रामवीर पुत्र लालाराम भी मौजूद था पुलिस ने गिरफ्तार जयपाल को जेल भेजा ।

## क्विक न्यूज

### खोया मंडी में खाद्य विभाग की टीम ने मारा छापा, लिए दो नमूने

**सीतापुर।** सीतापुर के लालबाग पार्क में लगी खोया मंडी में उस समय छापेमारी से हड़कंप मच गया जब लोग अपना खोया लेकर बिक्री के लिए लाए हुए थे। खोया मंडी में पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावट खोरों पर शिकंजा कस दिया और खोया मंडी में जांच के लिए दो नमूने खाद्य सुरक्षा की टीम ने ले लिए। छापामारी टीम के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी एस.पी सिंह, अजय कुमार, विनय कुमार सिंह, कुसुम सिंह, प्रदीप कुमार, ज्ञान प्रकाश सिंह पटेल मौजूद रहे। जिन्होंने करीब 20 किलो खोया नष्ट कराया। आपको बता दें कि यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य प्रशासन और जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर की जा रही है जो दीपावली त्यौहार को लेकर एक सप्ताह तक चलेगी। आपको बता दें कि अभी तक जगहों से नमूने लिए गए जिनकी रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### स्व. राजकुमार अग्निहोत्री की मनाई गई प्रथम पुण्यतिथि

**सीतापुर।** शिक्षा जगत में जनपद में लंबे समय तक सेवा करने वाले सेवानिवृत्त एबीएसए स्वर्गीय राजकुमार अग्निहोत्री की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनके सुपुत्र भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिला अध्यक्ष एडवोकेट प्रभात अग्निहोत्री द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नगर के पडाव मार्केट पर किया गया तथा विशाल प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी हुआ जहां पर दूर-दूर से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रदेश ब्राह्मण महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री पुलकित शर्मा, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी शशि अग्निहोत्री, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जामिया मिल्लिया विश्वविद्याल साक्षी, बीटीएसएम के महामंत्री शरद श्रीवास्तव, संघ परिवार से नगर प्रचारक कमलेश, वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद मोहन मिश्रा, पंकज अग्निहोत्री, निर्भय ब्राह्मण, भाजपा नेता राजेश शुक्ला, राहुल जायसवाल, पल्लव गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बब्लू सिंह, शिव शंकर दयाल तिवारी, श्रवण बाजपाई, विशंभर दयाल तिवारी, कमलेश पाण्डेय, विष्णु मिश्रा, सतीश राठौर आदि मौजूद रहे।

### अतिक्रमण हटाने गए ईओ को लौटना पड़ा दबे पांव

**हरगांव सीतापुर।** हरगांव नगर में बुधवार की सुबह उस समय व्यापारी आक्रोशित हो गए जब नगर पंचायत हरगांव के अधिशासी अधिकारी अरविंद सिंह बगैर किसी को सूचना दिए त्यौहार में मार्केट का अतिक्रमण हटाने व पालीथीन पर कार्यवाही करने के लिए बुलडोजर के साथ मार्केट में पहुंचे ही थे कि इसकी खबर को पाकर व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सेठ व सैकड़ों की संख्या में व्यापारी वहां पहुंच गए और इस कार्यवाही का विरोध करना शुरू कर दिया। व्यापारी नेता राकेश सेठ ने कहा कि त्यौहार के बाद आप कोई भी कार्यवाही कर सकते हैं आपको रोंका नहीं जाएगा लेकिन त्यौहार में छोटे बड़े व्यापारी सभी परेशान हैं वह ऑनलाइन व्यापार के चक्कर में व्यापार ठप है उस पर ऐसी कार्रवाई करना कहीं से उचित नहीं है। सूत्रों के अनुसार अधिशासी अधिकारी द्वारा की जा रही उक्त कार्यवाही किसी एक व्यापारी को लेकर टारगेट की गई थी जिस पर व्यापारी भड़क गए व अधिशासी अधिकारी व व्यापार मंडल अध्यक्ष के बीच जमकर नोकझोंक होने लगी। अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध मुर्दाबाद के नारे भी लगे इसी बीच मौके पर हरगांव थाना अध्यक्ष आलोक मणि त्रिपाठी ने आकर बीच बचाव किया व मामले को शांत कराया। व्यापारियों का विरोध देखते हुए अधिशासी अधिकारी अरविंद सिंह ने चुपचाप वहां से निकलना ही मुनासिब समझा।

### भारतीय किसान मंच का हुआ विस्तार, बनाए गए पदाधिकारी जिलाध्यक्ष सुनील राजवंषी ने पदाधिकारियों को सौंपे दायित्व



**सीतापुर।** भारतीय किसान मंच का विस्तार किया गया। मंच के प्रदेष सचिव शैलेन्द्र राज ने बताया कि जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने नए पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे है। संगठन में अशोक कुमार को लहरपुर तहसील अध्यक्ष नसीम खांन को मिश्रिख तहसील अध्यक्ष, दिनेष कुमार मौर्या को तहसील महासचिव मिश्रिख, छविलाल को ब्लाक अध्यक्ष लहरपुर, माता प्रसाद राजवंषी को अध्यक्ष सीतापुर, अशर्फीलाल को ब्लाक अध्यक्ष हरगांव और अनूप कुमार राजवंषी को जिला उपाध्यक्ष सीतापुर के पद पर मनोनीत किया गया।

## तीन गैंगेस्टर की जब्त हुई तीन करोड़ 50 लाख की सम्पत्ति

- अपराध से अर्जित 4 गैंगेस्टरों की सम्पत्ति को किया गया कुर्क



संवाददाता। सीतापुर

**योगी सरकार** की पुलिस अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसती जा रही है, साथ अपराधियों की अपराध से अर्जित की गई सम्पत्तियों को भी कुर्क करने की कार्रवाई करती नजर आ रही है। बुधवार को सीतापुर में अपराध से अर्जित तीन गैंगेस्टरों की करीब 3 करोड़ 50 लाख की सम्पत्ति को मुनादी कराकर एलाउंस करते हुए नोटिस बोर्ड चस्पा करते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने जब्त किया गया है। यह अपराधी गौकशी जैसे अपराधिक कृत्यों में लिप्त पाए गए थे जिनपर विभिन्न धाराओं में सदरपुर थाने में मुकदमा पंजीकृत था। गौकशी के आरोपी गुफ्रान उर्फ पहाड़ी पुत्र शेर अली निवासी गुरूखेत का एक पक्का मकान, 4 दुकाने करीब 90 लाख, डोगल उर्फ हसीब जिसका एक पक्का मकान 50 लाख थाना सदरपुर तथा नसीर आलम पुत्र जहूर कुरैशी निवासी मोहल्ला चिकवन टोला थाना खैराबाद का पांच कमरो का एक पक्का मकान व सवा 4 बीघा जमीन जिसकी कीमत एक करोड़ 10 लाख रूपये है जिसे तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने कुर्क किया है। इन तीनों के खिलाफ गोवध निवारण तथा गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई जिला मजिस्टेऊट के आदेश पर जब्तीकरण सम्बंधी चलाए जा रहे अभियान के तहत सदरपुर पुलिस ने की है। इन अपराधियों की और भी सम्पत्तियों का पता चलाकर कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। उधर थाना पिसावां क्षेत्र के सेज खुर्द निवासी गैंगस्टर मोहम्मद शादाब का 16 लाख 73 हजार का मकान जब्त कर सीज करने की कार्रवाई महोली तहसील के नायब तहसीलदार आलोक कुमार यादव तथा एसएस आई राजपाल सिंह ने पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर की। अपराधी मोहम्मद शादाब के गैंगस्टर होने की सूचना एलाउंस कर ग्रामीणों को दी गई और कहा गया कि आरोपी ने बेसहारा गौवंशों का वध कर मांश की बिक्री कर अर्जित की गई सम्पत्ति को जब्त किया गया है।

## गांजर में निकली पदयात्रा, प्रशासन को पड़ा दौड़ना

- तंबौर से गोबरहिया पुल तक निकाली गई पदयात्रा
- रालोद कार्यकर्ताओं ने प्रदेश पदाधिकारियों के नेतृत्व में भरी हुंकार
- पुल का निर्माण न होने से क्षेत्रवासिसयों को 110 किलो मीटर तय करनी पड़ती है दूरी

संवाददाता। सीतापुर

**बीते एक वर्ष** से अधिक समय से क्षतिग्रस्त लहरपुर तंबौर मार्ग पर स्थित गोबरहिया पुल के निर्माण को लेकर भले ही एक तरफ सीतापुर सांसद राजेश वर्मा प्रयासरत हों किंतु प्रशासनिक उदासीनता के चलते पिछले बाढ़ के समय क्षतिग्रस्त हुए इस पुल को अभी तक जीर्णोद्वार नहीं कराया जा सका है। जबकि यहां से हजारों की संख्या में प्रतिदिन निकलने वाले वाहनों को दुश्वारियो का सामना करना पड़ रहा है, इसी को लेकर मंगलवार को रालोद प्रदेश अध्यक्ष मंजीत सिंह चौधरी, प्रदेश महासचिव आर. पी. सिंह चौहान की अगुवाई में तंबौर से गोबरहिया पुल तक पैदल यात्रा निकाली गई। क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण न होने से क्षेत्र के लाखों लोग प्रभावित है, जिला मुख्यालय की दूरी 60 किलोमीटर के बजाय 110 किलोमीटर की तय करना पड़ता है। पैदल यात्रा के दौरान रास्ते मे पहुंचे नायब तहसीलदार दिलीप सिंह से रालोद नेताओं की वार्ता हुई। जिस पर रालोद नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि पंद्रह दिन के अंदर पुल निर्माण का कार्य शुरू न किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। पैदल यात्रा के पूर्व कस्बे के रेउसा मोड़ तिराहे पर रालोद नेताओं द्वारा इस समस्या को लेकर सम्बोधित भी किया गया। इसके बाद यात्रा नाउन पुरवा के पास खत्म कर दी गयी। यात्रा के दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल मुस्तैद रहा। पदयात्रा में रालोद युवा मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा के आरिफ महमूद, अफ्सर अली गाजी, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक यादव, सपा नेता जहीर अब्बास, तौकीर खान अह्लन, नगर पंचायत तंबौर के पूर्व चेयरमैन नसीम खान, इश्तियाक अहमद, पूर्व सभासद जावेद खान, बृज बिहारी वर्मा, रस्तोगी सहित भारी संख्या में कई दलों के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## उपचुनाव व आगामी त्यौहारों को लेकर आईजी ने की समीक्षा गोष्ठी

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ लक्ष्मी सिंह द्वारा गोला तहसील में पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन व अपर पुलिस अधीक्षक के साथ संयुक्त रूप से जनपद के क्षेत्राधिकारीगण ,प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षों व प्रभारी चुनाव सेल के साथ गोष्ठी की गई।

गोष्ठी के दौरान आईजी द्वारा जनपद खीरी में आगामी गोला विधानसभा उपचुनाव 2022 की तैयारियों, आगामी त्यौहारों तथा जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं तथा कृत कार्यवाही की समीक्षा की गई। आगामी गोला विधानसभा उपचुनाव,2022 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा की गई एवं चुनाव को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान पूर्व के चुनावों में घटित घटनाओं की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने, चुनाव को प्रभावित करने वाले संभावित अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने, हिस्ट्रीशीटरों की जांच कर सक्रिय एचएस के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों/किसी भी प्रकार के मुकदमें के अभियुक्तों के शस्त्र जमा कराने की कार्यवाही करने, गंभीर अपराधों में जमानत पर बाहर आए अभियुक्तों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही करने, अवैध शराब के निष्कर्षण, ब्रिकी व परिवहन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पुलिस के मददगार व्यक्तियों की सूची बनाकर उनसे लगाकर संपर्क में रहकर लाभप्रद सूचनायें संग्रहित करने, समस्त बूथों का भौतिक निरीक्षण करके आवश्यक मूलभूत सुविधायें जैसे- बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी त्यौहारों धनतेरस, दीपावली, भैया दूज, गोवर्धन पूजा आदि को शांति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## नैट परीक्षा का किया गया आयोजन

- 904 बच्चों के सापेक्ष 824 बच्चे परीक्षा में बैठे



**निघासन-खीरी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही विकास क्षेत्र रमियाबेहड़, जनपद लखीमपुर खीरी में विभाग के निर्देशानुसार नैट परीक्षा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि या परीक्षा राज्य परियोजना के दिशानिर्देशों में उत्तर प्रदेश के दो मंडलों अयोध्या और लखनऊ मे एक साथ आयोजित की गई। इसी कड़ी में लखीमपुर जनपद में भी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आयोजित की गई। परीक्षा का आयोजन जनपद स्तर पर जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशन और जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डा. लक्ष्मीकांत पांडे के मार्गदर्शन में तथा विकास खंड में खंड शिक्षा अधिकारी हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ। बच्चों ने गजब के उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। सभी उपस्थित बच्चों को ब्लैक बाल प्वाइंट पेन का वितरण किया गया एवं सभी का मुंह टाफियों से मीठा किया गया और परीक्षा की शुभ कामनाएं दी गई। नामांकन 904 के सापेक्ष 824 बच्चे परीक्षा में बैठे। विद्यालय के दिव्यांग बच्चे अरुण जिसके जन्म से ही दोनो हाथ अल्प विकसित हैं ने और दो मानसिक मंदित बच्चों ने भी परीक्षा दी।इस परीक्षा में बहुत से बच्चों के माता-पिता स्वयं अपने बच्चों को विद्यालय तक लेकर आए। कई अभिभावक पूरी परीक्षा में विद्यालय में ही उपस्थित रहे जिनके बैठने की व्यवस्था एक रूम मे की गई थी। पहली बार बच्चो के साथ अभिभावकों में भी किसी प्राइवेट स्कूल की तरह बच्चों में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर नैट परीक्षा संबंधी तैयार की गई सेल्फी स्टैंड में बारी बारी से बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने फोटो भी खिंचवाए। अभिभावकों ने वर्तमान में शिक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों की विद्यालय और विभाग की प्रशंसा की। विशेषकर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश ने बताया कि परीक्षा के आयोजन में परीक्षा प्रभारी के रूप मे सहायक अध्यापक सखाराम सिंह, कम्प्यूटर अनुदेशक केशव, ने टेक्निकल कार्यों, गरिमा गुप्ता सहायक अध्यापक ने सेल्फी स्टैंड अनुदेशक शारीरिक शिक्षा कपिल मौर्य ने अनुशासन तथा पर्यवेक्षक के रूप में सहायक अध्यापक मल्लबेहड़ अनिल कुमार ने परीक्षा में पूर्ण मनोयोग से सहयोग किया। कक्ष निरीक्षक के रूप में ओम प्रकाश, सखाराम सिंह, गरिमा गुप्ता, सुनीता सैनी कपिल कुमार मौर्य, केशव कुमार मौर्य, तथा अनिल कुमार कार्य किया। शिक्षक ब्रह्म प्रकाश प्राथमिक विद्यालय दमनाबेहड में पर्यवेक्षक के रुप में उपस्थित हुवे। निश्चित ही इस प्रकार की परीक्षाएं शिक्षकों एवं बच्चों का मनोबल तो बड़ा ही रही है ,साथ ही साथ विभाग के मान सम्मान की बढ़ोतरी का कार्य भी करेंगी, और मील का पत्थर साबित होगी।

## डीएस कॉलेज में मतदान कार्मिकों का हुआ प्रशिक्षण डीएम ने लिया जायजा

### डीएम ने समझाई कार्मिकों को निर्वाचन में उनकी भूमिका



**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 139 गोला गोकरननाथ उप निर्वाचन 2022 के लिए मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण स्थल धर्म सभा इंटर कॉलेज में दो पालियों में प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में 441 पोलिंग पार्टियों के पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम सहित 38 माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्रशिक्षण स्थल डीएस कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण का जायजा लिया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान कार्मिकों को निर्वाचन में उनकी भूमिका समझाइ। उन्होंने कार्मिकों से प्रशिक्षण में ईवीएम के संबंध में दी गई जानकारी के संबंध में कई प्रश्न पूछे। निर्देश दिए कि सभी मतदान कार्मिक मतदान के संबंध में सभी जिज्ञासाओं का समाधान प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनर से अवश्य कर लें, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्रशिक्षण कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट कि न केवल वर्किंग समझाई बल्कि निर्वाचन के दिवस सभी गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने प्रशिक्षण स्थल पर बनाए गए मॉडल पोलिंग बूथ का भी अवलोकन किया।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण के प्रथम शिफ्ट में डीएस कॉलेज पहुंचकर प्रशिक्षण का जायजा लिया एवं कार्मिकों को मतदान की बारीकियां समझाई।

## पेज एक का शेष

### मुश्किल दौर...

आवास पहुंचीं और उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य नेताओं ने भी खड़गे को कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष भारत के लोकतांत्रिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले खड़गे मूल रूप से कर्नाटक के रहने वाले हैं। वह पिछले पांच दशकों से सक्रिय राजनीति में हैं और उन्हें गांधी परिवार का विश्वासपात्र माना जाता है। अपनी शुरुआती जिंदगी में बहुत ही गरीबी और संघर्ष का सामना करने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस अध्यक्ष पद के रूप में सबसे चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उनके सामने पहली बड़ी चुनौती गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव हैं।

### साधारण कार्यकर्ता...

यूनियन नेता के रूप में शुरू हुआ और वर्ष 1969 में वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हुए तथा गुलबर्ग शहरी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने। अपनी युवावस्था में जाने माने कबड्डी और हॉकी खिलाड़ी रहे खड़गे दशकों तक चुनावी राजनीति में अजेय रहे। कर्नाटक के बीदर जिले के वारावट्टी में 21 जुलाई, 1942 को गरीब परिवार में जन्मे खड़गे ने स्कूली पढ़ाई के अलावा स्नातक की पढ़ाई कलबुर्गी में की। विधि में स्नातक खड़गे राजनीति में आने से पहले वकालत के पेशे में थे।

### नए अध्यक्ष...

को सुधारते हुए उन्होंने कहा कि जो कोई भी चुना जाएगा, वह सज्जन फैसला करेंगे। राहुल ने कहा कि खड़गे और थरूर व्यापक अनुभव व समझ वाले लोग हैं। उन्हें मेरी सलाह की जरूरत नहीं।

### पटाखे जलाने...

पटाखे रखने एवं इसे जलाने पर पाबंदी लगाने की भी आवश्यकता है। पटाखों को लेकर वर्ष 2021 में भी पाबंदी लगाई गई थी। लेकिन इसके बावजूद पटाखे जलाने के मामले सामने आए थे। इसे ध्यान में रखते हुए ही इस बार सख्ती बरतने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए दिल्ली पुलिस, राजस्व विभाग एवं दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के अधिकारियों के साथ बैठक की गई है। बैठक में खासतौर से पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि पटाखों के बेचने, भंडारण एवं जलाने पर सख्ती से कार्रवाई करे। इसके लिए दिल्ली पुलिस की 210 टीम, राजस्व की 165 टीम और डीपीसीसी की 33 टीम बनाई गई हैं।

### रोहिणी जेल...

मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के अलावा महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) और आईटी कानून के तहत पहले से ही जांच चल रही है। उम्मीद है कि इस कदम से, लंबे समय से लंबित जांच जल्दी पूरी हो जाएगी। घटना के समय चंद्रशेखर को रोहिणी जेल की जेल संख्या 10 में रखा गया था। ईओडब्ल्यू ने बताया था कि मामले में जांच के दौरान आरोपी द्वारा चलाए जा रहे गिरोह को मदद पहुंचाने के आरोप में सात अधिकारियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच के दौरान पता लगा कि 82 अन्य अधिकारियों की भी इस मामले में भूमिका थी।

### डिफेंस एक्सपो...

सुरक्षा से लेकर वैश्विक कारोबार तक, समुद्री सुरक्षा वैश्विक प्राथमिकता के रूप में उभरी है। वैश्विकरण के युग में मर्चेंट नेवी की भूमिका भी विस्तारित हुई है। उन्होंने कहा, भारत से दुनिया की उम्मीदें बढ़ी हैं और मैं वैश्विक समुदाय को आश्वस्त करता हूं कि भारत इन्हें पूरा करेगा। इसलिए यह डिफेंस एक्सपो भारत के प्रति वैश्विक भरोसे का भी प्रतीक है। मोदी ने अफ्रीका के साथ भारत के संबंधों के बारे में कहा कि यह समय की कसौटी पर खरे साबित हुए भरोसे पर आधारित है जो समय के साथ और गहराता जा रहा है और नए आयामों को छू रहा है। अफ्रीका और गुजरात के बीच पुराने संबंधों का जिक्र करते हुए उन्होंने याद किया कि अफ्रीका में पहली रेलवे लाइन में कच्छ के लोगों की भागीदारी थी। मोदी ने कहा कि रक्षा बल बुधवार को 101 और वस्तुओं की सूची जारी करेंगे जिन्हें केवल भारत में खरीदा जा सकता है। इससे रक्षा संबंधी 411 वस्तुएं स्थानीय स्तर पर ही खरीदी जा सकेंगी। उन्होंने कहा, इससे भारतीय रक्षा उद्योग को बहुत बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला भारत की आत्मनिर्भरता की क्षमता को भी दिखाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रक्षा उत्पादों का निर्यात पिछले कुछ वर्षों में आठ गुना बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया भारतीय प्रौद्योगिकी पर भरोसा कर रही है क्योंकि हमारे सशस्त्र बलों ने अपनी क्षमताओं को साबित किया है। हम 75 से अधिक देशों को रक्षा सामग्री एवं उपकरणों का निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी नीतियों, सुधारों और व्यापार सुगमता ने इस मुकाम तक पहुंचने में बड़ी भूमिका निभाई है। भारत ने अपने रक्षा बजट का 68 प्रतिशत भारतीय कंपनियों के लिए निर्धारित किया है। यह एक बड़ा निर्णय है और भारतीय सशस्त्र बलों के प्रगतिशील नेतृत्व के कारण संभव हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में बने अधिकांश उपकरणों को खरीदने का भारतीय रक्षा बलों का निर्णय आत्मनिर्भर भारत की क्षमता को दिखाता है और यह भारत में निर्मित रक्षा सामग्री पर बढ़ते विश्वास का प्रतीक भी है। मोदी ने कहा, 400 से अधिक ऐसे उपकरण होंगे जिन्हें सिर्फ मेक इन इंडिया (पहल) के तहत खरीदा जाएगा। कल्पना कीजिए इतना बड़ा बजट भारतीय कंपनियों का आधार मजबूत करेगा। इस क्षेत्र में भविष्य के अवसरों के बारे में मोदी ने कहा कि भारत को अपनी तैयारियों को बढ़ाना होगा।

### गाजियाबाद में...

चले गए। निपुण अग्रवाल ने कहा कि शुरुआत में उसने कहा कि दो लोग थे, लेकिन बाद में उसने बताया कि पांच लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। उनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला और आरोपियों के बीच संपत्ति को लेकर विवाद है। यह मामला पहले से ही कड़कड़डूमा अदालत में है। मामले की जांच की जा रही है। जीटीबी अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, महिला की हालत स्थिर है और किसी तरह की अंदरूनी चोट के बारे में पता नहीं चला है। जीटीबी अस्पताल के मीडिया प्रवक्ता डॉक्टर रजत झांब ने एक बयान में कहा कि महिला को मंगलवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने कहा कि उसकी हालत स्थिर है। पीड़िता स्त्री रोग विभाग में भर्ती है। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने मामले के संबंध में गाजियाबाद पुलिस को नोटिस जारी किया। आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने नोटिस में कहा कि इस प्रकरण ने उन्हें निर्भया मामले की याद दिला दी।

### रुपया 61...

गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.82 प्रतिशत बढ़कर 90.77 डॉलर प्रति बैरल हो गया। इसके अलावा, बीएसई सेंसेक्स 146.59 अंक की तेजी के साथ 59,107.19 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी है। उन्होंने मंगलवार को 153.40 करोड़ रुपए की शुद्ध बिकवाली की थी।

### आतंकवाद पर...

2015 से कम से कम जून 2016 तक फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (एफआईएफ) का उपाध्यक्ष रहा जो लश्कर की धन जुटाने वाली इकाई है। वेबसाइट के अनुसार, 2014 में महमूद कराची में एफआईएफ का सदस्य था। अगस्त 2013 में उसकी पहचान लश्कर की प्रकाशन इकाई के एक सदस्य के तौर पर की गई थी। यह पिछले चार महीने में चौथी बार है जब चीन ने 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत पाकिस्तान स्थित किसी आतंकवादी को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव को बाधित किया है। चीन ने इस साल जून में पाकिस्तानी आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की प्रतिबंधित सूची में शामिल करने के भारत तथा अमेरिका के संयुक्त प्रस्ताव को आखिरी क्षण में बाधित कर दिया था। मक्की लश्कर-ए-तैयबा के सरगना एवं 26।11 मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता हाफिज सईद का रिश्तेदार है। चीन ने इस साल अगस्त में जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के भाई एवं पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन के दूसरे नंबर के आतंकवादी अब्दुल रऊफ़ अजहर को काली सूची में डालने के अमेरिका और भारत के प्रस्ताव में भी टांग अड़ाई थी। पाकिस्तान में 1974 में जन्मे अब्दुल रऊफ़ अजहर पर दिसंबर 2010 में अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए थे।

### दिल्ली-गुरुग्राम...

की शुरुआत से ईंधन की खपत, वाहन परिचालन लागत और यात्रा के समय में कमी आएगी। सड़क हादसों की संख्या, प्रदूषण के स्तर और सड़क रखरखाव की लागत में गिरावट इसके अन्य लाभ होंगे।

# 5जी दूरसंचार सेवा देश में शिक्षा को अगले स्तर तक ले जाएगी: मोदी

**भाषा।** अडालज (गुजरात)

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने बुधवार को कहा कि हाल ही में शुरू की गई 5जी दूरसंचार सेवा देश में शिक्षा प्रणाली को अगले स्तर तक ले जाएगी क्योंकि नवीनतम प्रौद्योगिकी चीजों को स्मार्ट सुविधाओं, स्मार्ट कक्षाओं और स्मार्ट शिक्षा से भी आगे पहुंचाएगी। नई शिक्षा नीति (एनईपी) देश को अंग्रेजी भाषा से जुड़ी गुलाम मानसिकता से बाहर निकालेगी। प्रधानमंत्री ने गांधीनगर जिले के अडलाज शहर में गुजरात सरकार के मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पहल की शुरुआत करने के बाद यह बात कही। पहले अंग्रेजी के ज्ञान को बौद्धिक होने की निशानी के रूप में माना जाता था, जबकि अंग्रेजी भाषा केवल संवाद का माध्यम है।

मोदी ने कहा कि मिशन नई कक्षाओं, स्मार्ट कक्षाओं, कंप्यूटर प्रयोगशालाओं की स्थापना और राज्य में स्कूलों के बुनियादी ढांचे के समग्र उन्नयन के माध्यम से शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, 5जी सेवा स्मार्ट सुविधाओं, स्मार्ट क्लासरूम और स्मार्ट शिक्षण से आगे जाएगी। यह हमारी शिक्षा प्रणाली को अगले स्तर पर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्र अब 5जी सेवा की मदद से अपने स्कूलों में वर्चुअल रीअलिटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों का अनुभव कर सकते हैं।

मोदी ने यह सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय भाषाओं के उपयोग की वकालत की कि अंग्रेजी में असहज लोग पीछे न रहें। प्रधानमंत्री ने कहा, पहले, अंग्रेजी भाषा के ज्ञान को बौद्धिक होने की निशानी माना जाता था। वास्तविकता यह है कि अंग्रेजी भाषा केवल संवाद का एक माध्यम है। यह भाषा बाधा एक बाधा थी। गांवों की कई युवा प्रतिभाएं डॉक्टर और इंजीनियर नहीं बन सकीं क्योंकि उन्हें अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के पास अब दूसरी भाषाओं में पढ़ाई करने का विकल्प है।

मोदी ने कहा, हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गरीब माता-पिता के बच्चे डॉक्टर और इंजीनियर बनें, भले ही वे अंग्रेजी (माध्यम) में शिक्षित न हों। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अंग्रेजी भाषा की कमी के कारण कोई भी पीछे न रहे। उन्होंने कहा, केंद्र की नई शिक्षा नीति देश को अंग्रेजी भाषा से जुड़ी गुलाम मानसिकता से बाहर निकालेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात ने पिछले दो दशकों के दौरान शिक्षा परिदृश्य में बड़े बदलाव का अनुभव किया है।

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा, पिछले दो



दशकों के दौरान, गुजरात सरकार ने 1.25 लाख नई कक्षाएँ स्थापित की हैं और लगभग दो लाख शिक्षकों को शामिल किया है। एक दशक पहले 15,000 कक्षाओं में टेलीविजन सेट पहले ही लगाए जा चुके थे। आज ऑनलाइन माध्यम से लगभग एक करोड़ छात्रों और चार लाख स्कूली शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत राज्य सरकार 50,000 नई कक्षाओं का निर्माण करेगी और सरकार द्वारा संचालित स्कूलों की लगभग एक लाख मौजूदा कक्षाओं को 5जी तकनीक का उपयोग कर स्मार्ट कक्षाओं में परिवर्तित करेगी। उन्होंने कहा, इस तकनीक का उपयोग करके, कोई शिक्षक ऑनलाइन माध्यम से गांवों में कई स्कूलों को रीअल-टाइम शिक्षा प्रदान कर सकता है। अब, सबसे अच्छी शिक्षा और सामग्री सभी तक पहुंचेगी। इस पहल से गांवों के छात्र सबसे अधिक लाभान्वित होंगे।

मोदी ने कहा कि मिशन के तहत छात्रों को छोटी उम्र से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा और कला एवं रोबोटिक्स जैसे अन्य विषयों से भी अवगत कराया जाएगा। प्रधानमंत्री ने याद किया कि मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने गुजरात में शिक्षा परिदृश्य में सुधार के लिए शाला प्रवेशोत्सव और शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने वाले त्योहार गुणोत्सव जैसी कई योजनाएं शुरू की थीं। मोदी ने अपने संबोधन से पहले, कुछ युवाओं के साथ बातचीत की और कहा कि उनकी उपस्थिति में कई साल पहले छात्रों का नामांकन बढ़ाने संबंधी राज्य सरकार की पहल शाला प्रवेशोत्सव के दौरान इन युवाओं ने गुजरात के एक गाँव में स्कूल में पहली कक्षा में दाखिला लिया था।

## धर्म परिवर्तन के बाद एससी व एसटी को नही मिलना चाहिए आरक्षण का लाभ : विहिप

**जयपुर।** विहिप ने ईसाई धर्म अपनाने वाले एससी और एसटी हिन्दुओं को पहले मिल रहे आरक्षण का लाभ धर्मपरिवर्तन के बाद ना मिले यह सुनिश्चित करने की मांग बुधवार को केन्द्र सरकार से की है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय शंकर तिवारी ने कहा कि जो लोग धर्मांतरण के बाद ईसाई बन गए हैं, वे अब भी दस्तावेजों में अपने हिंदू नाम और क्रेडेंशियल का उपयोग कर रहे हैं और एससीएसटी की श्रेणी में आरक्षण का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विहिप आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर जन जागरूकता अभियान चलाएगी। विहिप के प्रवक्ता ने कहा, केंद्र सरकार को एक योजना बनानी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए एक सर्वेक्षण करना चाहिए कि एससीएसटी समुदाय के जिन लोगों ने ईसाई धर्म अपना लिया है, उन्हें एससीएसटी श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ ना मिले।

# हिंद महासागर क्षेत्र की क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए काम करता रहेगा भारत: राजनाथ



गांधीनगर में आयोजित डिफेंस एक्सपो के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के सुरक्षा सलाहकार तारिक अहमद सिद्दीकी

**गांधीनगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में अपनी भागीदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक है, ताकि यह सुनिश्चित हो कि आईओआर वैश्विक अर्थव्यवस्था को गति देने वाले इंजन के रूप में अपना सही स्थान हासिल कर सके। राजनाथ ने कहा कि भारत एक जिम्मेदार भूमिका निभाने और आईओआर की क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा की दिशा में काम करते रहने के लिए प्रतिबद्ध है। गांधीनगर में डिफेंस एक्सपो-2022 के इतर हुई आईओआर बैठक में 44 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में राजनाथ ने कहा कि भारत इस क्षेत्र में सभी के लाभ के लिए नियम-आधारित समुद्री सीमा सुनिश्चित करने के वास्ते प्रत्एक हितधारकों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रभुत्व के बजाय परस्पर निर्भरता का भाव ही इस अहम व्यापार एवं ऊर्जा जलमार्ग को स्थिर रखने का एकमात्र तरीका है। रक्षा मंत्री ने आईओआर देशों का क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में मौजूद वर्तमान और भावी खतरों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के इच्छुक देशों के बीच सहयोग और संपर्क को बढ़ावा देने के लिए सहयोगी देशों की सरकारों, उद्योगों और शिक्षाविदों के प्रतिनिधियों के साथ काम करने को तत्पर है। आईओआर और रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा, भारत वैश्विक व्यवस्था की किसी भी पदानुक्रमित अवधारणा को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। वह आपसी सम्मान और हर देश की भलाई पर आधारित अवधारणा में विश्वास करता है। उन्होंने कहा, भारत एक जिम्मेदार भूमिका निभाने और क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा की दिशा में काम करते रहने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने हिंद महासागर क्षेत्र के विभिन्न द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर संगठनात्मक और परिचालन पहलुओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी भागीदारी को आगे बढ़ाने को तत्पर हैं कि आईओआर निकट भविष्य में वैश्विक अर्थव्यवस्था को गति देने वाले इंजन के रूप में अपनी सही जगह हासिल कर ले।

राजनाथ ने कहा कि 21वीं सदी में आईओआर क्षेत्र के देशों के सतत विकास के लिए समुद्री संसाधनों का दोहन महत्वपूर्ण स्रोत होगा। उन्होंने कहा, इसलिए हमें यह सुनिश्चित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयास पर जोर देना चाहिए कि हिंद महासागर क्षेत्र का समुद्री विस्तार शांतिपूर्ण ढंग से हो और इसका क्षेत्रीय एवं वैश्विक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बेहतर इस्तेमाल किया जा सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि समुद्री मार्गों से निर्यातित, समर्थित या समन्वित आतंकवाद चिंता का मुख्य विषय बना हुआ है और भारत समुद्री मार्गों से आतंकवाद के प्रसार के खिलाफ अपने सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाना जारी रखता है। उन्होंने समुद्री मार्गों से मादक पदार्थों की बढ़ती तस्करी और मछली पकड़ने की अवैध एवं अनियंत्रित गतिविधियों को उन प्रमुख चुनौतियों के रूप में रेखांकित किया।

# आतंकी हमले के मामले में जैश प्रमुख समेत 12 के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू कश्मीर** में अनुच्छेद 370 के प्रावधान समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सांबा की प्रथम यात्रा से पहले अप्रैल में हुए एक आतंकवादी हमले के सिलसिले में दर्ज मामले में जिन 12 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है, उनमें प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद के सरगना समेत पांच पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम हैं। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के एक प्रवक्ता ने कहा कि एजेंसी ने जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख और बहावलपुर (पाकिस्तान) के निवासी मसूद अजहर अल्वी उर्फ मौलाना, उसके चार पाकिस्तानी साथियों, दो मारे जा चुके आतंकवादियों और पांच कश्मीरी नागरिकों के खिलाफ यहां एक विशेष अदालत में आरोप पत्र दायर किया। सीमापार से एक भूमिगत सुरंग के जरिए घुसपैठ करने वाले और सांबा से जम्मू पहुंचने वाले पश्तो भाषी दो आतंकवादी 22 अप्रैल को एक मुठभेड़ में मारे गए थे, वहीं प्रधानमंत्री की निर्धारित यात्रा से महज दो दिन पहले हुए आतंकवादी हमले में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक अधिकारी की जान चली गई तथा दो पुलिसकर्मी समेत नौ अन्य घायल हो गए। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा, कश्मीर में गतिविधियां चलाने वाले आतंकवादियों, उनके पाकिस्तानी आकाओं और प्रतिबंधित संगठन जैश के आतंकवादियों के बीच साजिश रचे जाने से जुड़े मामले में 12 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया। एनआईए ने कहा कि जम्मू कश्मीर के सांबा सेक्टर में बॉर्डर आउट पोस्ट चाक फकीरा के तहत आने वाले इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरंग खोदी गई ताकि जम्मू क्षेत्र में प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा को बाधित किया जा सके।

## नीमच में कार से 15 करोड़ रुपए मूल्य की स्मैक जब्त, एक व्यक्ति पकड़ा गया

**नीमच (मप्र)।** मध्य प्रदेश के नीमच जिले में पुलिस ने एक कार से करीब 15 करोड़ रुपए मूल्य की 14.5 किलोग्राम स्मैक जब्त की है और एक कथित मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिले के पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा ने बताया कि असम से लाई जा रही प्रतिबंधित सामग्री को राजस्थान ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए पुलिस की टीम ने मंगलवार को एक कार को रोका और वाहन से 15 पैकेटों में रखी 14.5 किलोग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने कथित मादक पदार्थ तस्कर शाहरुख खान (25) को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 करोड़ रुपए आंकी गई है। आरोपी से शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि यह खेप असम से लाई जा रही थी और इसे राजस्थान के प्रतापगढ़ ले जाया जा रहा था।

# हिमाचल चुनाव: भाजपा ने जारी की 62 उम्मीदवारों की सूची

**भाषा।** नई दिल्ली

**● एक मंत्री सहित 11 विधायकों के कटे टिकट**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को 62 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने एक मंत्री सहित 11 विधायकों का टिकट काट दिया है जबकि दो मंत्रियों की सीटों में बदलाव किया है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सिराज विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखराम के बेटे अनिल शर्मा को भाजपा ने मंडी से उम्मीदवार बनाया है। आज जारी 62 उम्मीदवारों की सूची में पांच महिलाओं को भी टिकट दिया गया है। भाजपा नेताओं ने बताया कि अगले दो दिनों के भीतर भाजपा शेष बची छह सीटों पर भी उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 68 सीटें हैं।

पार्टी ने दो मंत्रियों सुरेश भारद्वाज तथा राकेश पठानिया की सीटों में भी बदलाव किया है। भारद्वाज राज्य में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता हैं और वह शिमला शहरी निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा विधायक हैं। उन्हें कसुम्पटी से चुनाव मैदान में उतारा गया है जबकि नूरपुर से विधायक पठानिया को पड़ोसी फतेहपुर से टिकट दिया गया है। पार्टी की ओर से जारी सूची में एक कैबिनेट मंत्री समेत 11 मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दिया गया है। धर्मपुर से विधायक व राज्य सरकार में मंत्री महेंद्र सिंह की जगह उनके बेटे रजत ठाकुर को उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा ने जुब्बल-कोटखाई से चेतन बरागटा को मैदान में उतारा है, जिन्होंने पार्टी द्वारा उन्हें टिकट देने से इनकार करने के बाद उपचुनाव में निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था। सिंह के अलावा भाजपा ने जिन मौजूदा विधायकों के टिकट काटे हैं, उनमें बिलासपुर से सुभाष ठाकुर, अन्नी के विधायक किशोरी लाल, करसोग के विधायक हीरालाल, दरंग से जवाहर ठाकुर, सरकाघाट से कर्नल इंद्र सिंह, भोरंज से कमलेश कुमारी, जवाली से अर्जुन सिंह, धर्मशाला से विशाल नैहरिया, भरमौर से जिया लाल और चंबा से पवन नैय्यर शामिल हैं।

बिलासपुर में ठाकुर की जगह भाजपा ने त्रिलोक जम्बाल, अन्नी से लाल की जगह लोकेंद्र कुमार, करसोग से हीरालाल की जगह दीपराज कपूर, दरंग से ठाकुर की जगह पूरन चंद ठाकुर, सरकाघाट से सिंह की जगह दलीप ठाकुर, भोरंज से कमलेश कुमारी की जगह अनिल धीमान, जवाली से अर्जुन सिंह की जगह संजय गुलेरिया, धर्मशाला से नैहरिया की जगह आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राकेश चौधरी, भरमौर से जिया लाल की जगह जनक राज और चंबा से नैय्यर की जगह इंदिरा कपूर को टिकट दिया है। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए कांगड़ा के पूर्व विधायक पवन काजल और नालागढ़ के पूर्व विधायक लखविंद्र राणा को भी पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है।



गांधीनगर में लगे डिफेंस एक्सपो में जनता के दर्शनार्थ रखे भारतीय सेना के आयुध

## असम के कामाख्या मंदिर का ठीक से रखरखाव नही हो रहा: न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि असम में कामाख्या मंदिर का रखरखाव ठीक से नहीं किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने साथ ही कहा कि स्वच्छता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की पीठ मंदिर के रखरखाव से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति रस्तोगी ने कहा, मैं छुट्टियों के दौरान वहां गया था और मंदिर का रखरखाव तब भी ठीक से नहीं किया जा रहा था। यह मेरी निजी राय है। लेकिन स्वच्छता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता है। मंदिर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने कहा कि यह एक ऐसा मामला है, जहां केवल कुछ लोगों ने पत्र लिखकर कहा है कि स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। अदालत को बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे विशेषज्ञ निकायों को शामिल कर मंदिर के रखरखाव का कार्य किया जा रहा है।

# भाजपा के संपर्क में हैं नीतीश कुमार: प्रशांत

**भाषा।** नई दिल्ली

**राजनीतिक रणनीतिकार** प्रशांत किशोर ने बुधवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संपर्क में हैं और अगर स्थिति की मांग हुई तो वह फिर से उस पार्टी के साथ गठजोड़ कर सकते हैं। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यू) ने उनकी इस टिप्पणी को खारिज करते हुए इसे भ्रामक बताया और कहा कि इसका मकसद भ्रम फैलाना है। किशोर इन दिनों बिहार में पदयात्रा कर रहे हैं और उनकी इस यात्रा को सक्रिय राजनीति में आने के पहले के कदम के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुमार ने जद (यू) सांसद और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के जरिए भाजपा के साथ संवाद के लिए एक रास्ता खुला रखा है।

इस संबंध में हरिवंश को उनकी प्रतिक्रिया के लिए भेजे गए सवाल का कोई जवाब नहीं मिला। लेकिन उनकी पार्टी ने इस दावे को खारिज करते हुए जोर दिया कि कुमार फिर कभी भाजपा से हाथ नहीं मिलाएंगे। किशोर ने कहा, जो लोग यह सोच रहे हैं कि नीतीश कुमार भाजपा के खिलाफ राष्ट्रीय गठबंधन बनाने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं, वे यह जानकर चकित रहे जाएंगे कि उन्होंने भाजपा के साथ रास्ता खुला रखा है। वह अपनी पार्टी के सांसद और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश जी के जरिए भाजपा के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि हरिवंश को इस कारण से अपने पद से इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा गया है, जबकि जद (यू) भाजपा से अलग हो गई है। उन्होंने कहा, "लोगों को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि जब भी ऐसी कोई परिस्थिति आती है, तो वह भाजपा की ओर वापस जा सकते हैं और उसके साथ काम कर सकते हैं।

जद (यू) ने किशोर की खिंचाई की और पार्टी प्रवक्ता के. सी. त्यागी ने कहा कि कुमार ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की है कि वह अपने जीवन में फिर कभी भाजपा से हाथ नहीं मिलाएंगे। त्यागी ने कहा, हम उनके दावे का खंडन करते हैं। कुमार 50 साल से अधिक समय से सक्रिय राजनीति में हैं जबकि किशोर छह महीने से हैं। किशोर ने भ्रम फैलाने के लिए इस प्रकार की भ्रामक टिप्पणी की है। किशोर ने अपनी पदयात्रा दो अक्टूबर को पश्चिम चंपारण के भितिहरवा स्थित गांधी आश्रम से शुरू की थी। वह व्यवस्था में बदलाव की खातिर लोगों के समर्थन के लिए अगले 12-15 महीनों में 3,500 किलोमीटर की यात्रा करेंगे।

## विपक्षी एकता के लिए खरगे के साथ काम करने को लेकर उत्सुक: पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी का नया अध्यक्ष चुने जाने पर मल्लिकार्जुन खरगे को बधाई देते हुए कहा कि वह विपक्षी दलों के बीच एकता बनाने के लिए उनके साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। शरद पवार ने ट्वीट किया, श्री मल्लिकार्जुन खरगे को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई। मैं उन्हें एक सफल और प्रेरक कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता हूं। विपक्ष को एकजुट और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित हूं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे (80) बुधवार को आए चुनाव परिणाम में पार्टी के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर (66) को 6,825 मतों के अंतर से पराजित किया। अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को मतदान हुआ था। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने मल्लिकार्जुन खरगे को निर्वाचित घोषित किया। उन्होंने बताया कि खरगे को 7,897 वोट मिले तथा थरूर को 1,072 वोट हासिल हुए। मिस्त्री ने बताया कि चुनाव में 9,385 वोट पड़े थे और इनमें से 416 वोट अवैध करार दिए गए। गौरतलब है कि पवार और खरगे दोनों ही राज्यसभा के सदस्य हैं।

# नेताजी के नाम के फिल्म में दुरुपयोग को रोकने के लिए परिजनों की जनहित याचिका दायर करने की योजना

**कोलकाता।** अगस्त 1945 में हुए विमान हादसे के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवित बचने की धारणा पर आधारित एक फिल्म के रिलीज होने से कुछ दिन पहले उनके परिजनों ने कहा कि वे आर्थिक लाभ के लिए नेताजी के नाम के दुरुपयोग को रोकने के लिहाज से जनहित याचिका दायर करने पर विचार कर रहे हैं। फिल्म इसी सप्ताह रिलीज होने वाली है। इससे पहले 2019 में भी एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आई ऐसी अन्य फिल्म में नेताजी के दुर्घटना में जीवित बचने की बात दर्शाई गई। सुभाष चंद्र बोस के पौत्र चंद्र कुमार बोस ने विवादास्पद विषय पर आधारित फिल्मों को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा मंजूरी दिए जाने पर सवाल उठाया।

बोस ने कहा, यह सामान्य बात हो गई है। फिल्मकार ताइपे दुर्घटना में नेताजी की मृत्यु की जांच करने वाले आयोग की रिपोर्ट पढ़े बिना उन पर फिल्म बना रहे हैं। उन्होंने कहा, नेताजी को गलत तरह से प्रस्तुत किया गया है। आप ऐसा नहीं कर सकते। नेताजी पर अनुसंधान करने का दावा करने वाले लेखकों और फिल्मकारों ने बिना किसी सबूत के उनकी तुलना एक संन्यासी (गुमनामी बाबा) से करके उनकी छवि खराब की है। बोस ने दावा किया कि ऐसी किताबों और फिल्मों से नेताजी की छवि खराब की जा रही है। उन्होंने कहा, हम इस संबंध में एक जनहित याचिका दायर करने पर विचार कर रहे हैं और वकीलों से सलाह ले रहे हैं। हम इसे कलकत्ता उच्च न्यायालय में या राष्ट्रीय विषय होने के नाते उच्चतम न्यायालय में दायर करने पर विचार कर रहे हैं। अमलान कुसुम घोष के निर्देशन में बनी फिल्म संन्यासी देशोनायक 28 अक्टूबर को रिलीज होगी।

## मजदूरों की मौत के बाद गिरफ्तार लश्कर का हाइब्रिड आतंकवादी मारा गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में ग्रेनेड फटने से दो मजदूरों की मौत के बाद गिरफ्तार किया गया लश्कर-ए-तैयबा का हाइब्रिड आतंकवादी आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान मारा गया। कश्मीर जोन पुलिस ने बुधवार को ट्वीट किया, गिरफ्तार हाइब्रिड आतंकवादी के खुलासे के आधार पर और पुलिस व सुरक्षा बलों की सिलसिलेवार छापेमारी के दौरान शोपियां के नौगाम में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों का एक बार फिर आमना-सामना हुआ, हाइब्रिड आतंकवादी इमरान बशीर गनी एक अन्य आतंकवादी की तरफ से की गई गोलीबारी में मारा गया। मुठभेड़ स्थल से अपराध में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने कहा, छापेमारी अब भी जारी है। शोपियां के हरमैन में मंगलवार तड़के हुए ग्रेनेड हमले में उप्र के कन्नौज इलाके के दो मजदूरों की मौत हो गई थी। पुलिस ने घटना में शामिल होने के आरोप में गनी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया था।


# आतंकवाद से लड़ना वैश्विक प्राथमिकता होना चाहिए: संरा प्रमुख

**मुंबई।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बुधवार को कहा कि आतंकवाद से लड़ना वैश्विक प्राथमिकता होना चाहिए और किसी भी तरह के आतंकवाद को जायज नहीं ठहराया जा सकता। मुंबई में ताज महल पैलेस होटल में 26।11 के आतंकवादी हमलों में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए गुतारेस ने कहा कि लोगों को एकसाथ रहने के लिए संस्कृतियों की विविधता और समृद्धि को समझना होगा। उन्होंने कहा, आतंकवाद से लड़ना हर देश की वैश्विक प्राथमिकता होनी चाहिए। आतंकवाद पूरी तरह एक बुराई है और आज की दुनिया में इसकी कोई जगह नहीं है। कोई वजह और कोई वाकया आतंकवाद को जायज नहीं ठहरा सकते। उन्होंने कहा, महासचिव बनने के बाद मेरा पहला काम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग, मार्गदर्शन और देशों को तैयार करने के लिए आतंकवाद निरोधक कार्यालय स्थापित करना था। गुतारेस ने कहा, यह कार्यालय हिंसक उग्रवाद की जड़ों के खिलाफ लड़ रहा है। धर्म हो, जातीयता हो या आस्था, कुछ भी हिंसक उग्रवाद को जायज नहीं ठहरा सकता। 26/11 के आतंकी हमलों को इतिहास में आतंकवाद का सबसे बर्बर कृत्य बताते हुए गुतारेस ने कहा कि हमलों में मारे गए 166 लोग हमारी दुनिया के नायक हैं।

भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए गुतारेस के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी थे। गुतारेस ने होटल में 26।11 हमलों के स्मारक पर पुष्प अर्पित किया। ताजमहल पैलेस होटल उन स्थानों में से एक था, जिन्हें 26 नवंबर 2008 को हुए भयानक आतंकवादी हमलों के दौरान निशाना बनाया गया था। जनवरी में दूसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। उन्होंने इससे पहले अपने पिछले कार्यकाल के दौरान अक्टूबर 2018 में देश का दौरा किया था। गुतारेस बुधवार मध्यरात्रि के बाद लंदन से एक व्यावसायिक उड़ान के जरिए मुंबई पहुंचे। उनके आगमन पर महाराष्ट्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। गुतारेस ने गुजरात रवाना होने से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई में संयुक्त राष्ट्र - भारत साझेदारी विषय पर भाषण दिया।

### जलवायु परिवर्तन पर विकसित और विकासशील देशों के बीच ऐतिहासिक समझौते की जरूरत

**मुंबई।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बुधवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन को हराने तथा वैश्विक तापमान को नियंत्रण में रखने के लिए विकसित और विकासशील देशों के बीच एक ऐतिहासिक समझौते की आवश्यकता है। आईआईटी, बंबई में एक कार्यक्रम में गुतारेस ने कहा कि 80 फीसदी वैश्विक उत्सर्जन के लिए जी20 देश जिम्मेदार हैं और उन्हें ग्रीनहाउस गैसों की कटौती में सबसे आगे होना चाहिए। हमें ऐतिहासिक समझौते की आवश्यकता है जिसमें विकसित देश वित्तीय और तकनीकी संसाधनों के साथ जलवायु परिवर्तन को हराने तथा तापमान को नियंत्रण में रखने के लिए उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को अतिरिक्त आवश्यकताओं के साथ संयुक्त प्रयास करने के लिए कड़ा समर्थन करें। गुतारेस ने उभरती हुई



अर्थव्यवस्थाओं से उत्सर्जन कम करने के अंतर को खत्म करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने का अनुरोध किया। लेकिन ए देश विकसित देशों के वित्तीय और तकनीकी समर्थन के साथ ही ऐसा कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, अगर विकसित देशों और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के बीच कोई ऐतिहासिक समझौता नहीं होता है तो जलवायु परिवर्तन हमें हमेशा के लिए पराजित कर देगा। जलवायु संकट सामूहिक विकास की आकांक्षाओं का सबसे बड़ा अवरोधक हो सकता है और भारत कोई अपवाद नहीं है। यह पहले ही भारत की अर्थव्यवस्था, कृषि एवं खाद्य क्षेत्र और करोड़ों लोगों के स्वास्थ्य, जीवन और आजीविका के लिए गंभीर खतरा है। भारत के कई हिस्सों में रिकॉर्ड तोड़ने वाली गर्म हवाएं, सूखा और बाढ़ पहले ही तबाही मचा रही हैं। यह इस बात का पूर्वाभास है कि वैश्विक स्तर पर जलवायु संबंधी बड़ा कदम उठाए बिना क्या हो सकता है। अहम नवीनीकरण प्रौद्योगिकियों जैसे कि बैटरी स्टोरेज को वैश्विक रूप से सार्वजनिक उपयोग के संसाधन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। दुनिया की कुल आबादी का छठा हिस्सा तथा सबसे बड़ी युवा आबादी होने के कारण भारत 2030 के एजेंडे व सतत विकास लक्ष्यों को हासिल कर सकता है।

# पुतिन ने रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के क्षेत्रों में मार्शल लॉ की घोषणा की

**एपी।** मॉस्को

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के चार क्षेत्रों में मार्शल लॉ घोषित कर दिया और रूस के सभी क्षेत्रों के प्रमुखों को अतिरिक्त आपातकालीन शक्तियां प्रदान कर दीं। पुतिन ने मार्शल लॉ के तहत उठाए जाने वाले कदमों को तत्काल स्पष्ट नहीं किया, लेकिन कहा कि उनका आदेश बृहस्पतिवार से प्रभावी होगा। उन्होंने अपने आदेश में कानून प्रवर्तन एजेंसियों को विशिष्ट प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए तीन दिन का समय दिया है। रूस की संसद के ऊपरी सदन ने चार क्षेत्रों में मार्शल लॉ लागू करने के पुतिन के फैसले पर तुरंत मुहर लगा दी। मसौदा कानून इंगित करता है कि इसमें यात्रा और सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध, सख्त सेंसरशिप और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए व्यापक अधिकार शामिल हो सकते हैं। पुतिन ने अपने आदेश के तहत रूसी क्षेत्रों के प्रमुखों को दी जाने वाली अतिरिक्त शक्तियों का विवरण भी नहीं दिया। उन्होंने कहा, मौजूदा स्थिति में, मैं सभी रूसी क्षेत्रों के प्रमुखों को अतिरिक्त शक्तियां देना आवश्यक समझता हूं। रूसी नेता ने यूक्रेन में लड़ाई के मद्देनजर विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच संवाद बढ़ाने के लिए एक समन्वय समिति की स्थापना का भी आदेश दिया, जिसे उन्होंने विशेष सैन्य अभियानै कहा।


यूक्रेन के रक्षा विभाग ने यह तस्वीर जारी कर रूसी रॉकेट को मार गिराने का दावा किया

## रूस के ताबड़तोड़ हमलों से यूक्रेन में विद्युत संकट और गहराया

**कीव।** रूस के लगातार जारी मिसाइल हमलों और गोलाबारी से बुधवार को यूक्रेन के और अधिक गांवों, कस्बों तथा दो शहरों के कुछ हिस्से बिजली के बिना अंधकार में डूब गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कीव को झुकाने के लिए मॉस्को इसके ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बीती रात हुए हमलों से पहले यूक्रेनियों से देश के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को बचाने का प्रयास करने का आग्रह किया था। एनरहोदर के मेयर दिमित्रो ओरलोव ने कहा कि शहर पर की गई गोलाबारी में बिजली और पानी के केंद्रों को निशाना बनाया गया। दक्षिणी शहर उस ज़ापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास स्थित है जो लगभग आठ महीने से चले आ रहे हमलों का मुख्य निशाना रहा है। क्षेत्रीय गवर्नर ने बताया कि यूक्रेन के दक्षिण-मध्य क्षेत्र में स्थित क्रीवई रिह में एक बिजली संयंत्र मिसाइल हमलों से बुरी तरह नष्ट हो गया। क्रीमिया को देश से जोड़ने वाले पुल पर हमले के बाद रूस बेहद आक्रामक हो गया है और उसने यूक्रेन के महत्वपूर्ण स्थलों, खासकर ऊर्जा संयंत्रों पर हमलों की झड़ी लगा दी है।

# अमेरिका ने भारत को लौटाई 307 प्राचीन वस्तुएं

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका** ने करीब 15 साल की जांच के बाद 307 प्राचीन वस्तुओं को भारत को लौटाया जिन्हें चुराकर या तस्करी के जरिए देश से बाहर ले जाया गया था। इन वस्तुओं की कीमत करीब 40 लाख अमरीकी डॉलर है। इनमें से अधिकतर वस्तुएं कुख्यात व्यापारी सुभाष कपूर के पास से बरामद की गईं। मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने भारत को करीब 40 लाख डॉलर की 307 प्राचीन वस्तुएं लौटाने की सोमवार को घोषणा की। ब्रैग ने बताया कि इनमें से 235 वस्तुओं को मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय द्वारा कपूर के खिलाफ की गई छापेमारी में जब्त किया गया था। कपूर अफगानिस्तान, कंबोडिया, भारत, इंडोनेशिया, म्यांमा, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, थाईलैंड और अन्य देशों से वस्तुओं की तस्करी करने में मदद करता है। मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार, न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में एक समारोह के दौरान ए प्राचीन वस्तुएं भारत को सौंपी गईं। भारत के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल और अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के इंवेस्टिगेशन एक्टिंग डिप्टी स्पेशल एजेंट-इन-चार्ज क्रिस्टोफर लाउ ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। ब्रैग ने कहा, इन प्राचीन वस्तुओं को तस्करों के गिरोहों ने कई स्थानों से चोरी किया था। इन गिरोह के सरगनाओं ने वस्तुओं के सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व के प्रति कोई सम्मान नहीं दिखाया। उन्होंने कहा, हमें भारत के लोगों को ए सैकड़ों वस्तुएं लौटाने पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान पिछले साल भी अमेरिका ने 157 प्राचीन वस्तुएं लौटाई थीं।



# अमेरिका ने तेल उत्पादन को लेकर ओपेक प्लस के फैसले को भूल करार दिया

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** ने कहा है कि पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और उसके सहयोगियों का तेल उत्पादन में कटौती का फैसला एक भूल है, जिससे रूसियों को फायदा हुआ है और अमेरिका, सऊदी अरब के साथ अपने संबंधों का फिर से मूल्यांकन करने जा रहा है। तेल की कीमतों में गिरावट के बीच ओपेक के सदस्य और उसके रूसी नेतृत्व वाले सहयोगी इस महीने की शुरुआत में तेल उत्पादन में बड़ी कटौती करने पर सहमत हुए थे। 13 देशों के संगठन ओपेक और उसके रूसी नेतृत्व वाले 10 सहयोगी वियना में हुई बैठक में नवंबर से प्रतिदिन 20 लाख बैरेल की कटौती पर सहमत हुए थे। 2020 में कोविड-19 महामारी के बाद से तेल उत्पादन में यह सबसे बड़ी कटौती है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पियरे ने मंगलवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ओपेक प्लस ने पिछले हफ्ते जो निर्णय लिए, हमारा मानना है कि वे रूसियों के पक्ष में और अमेरिकी लोगों व दुनिया भर के परिवारों के हितों के खिलाफ थे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, हम मानते हैं कि यह निर्णय निम्न-आय वाली अर्थव्यवस्था वाले देशों को आहत करने और नुकसान पहुंचाने वाला है। यह गुमराह करने वाला फैसला है और यह एक भूल है तथा अदूरदर्शी निर्णय है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन सऊदी अरब के साथ अपने संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, इस प्रशासन की शुरुआत से ही उन्होंने इसकी बात की है। सऊदी अरब के साथ अपने संबंधों की बात करें तो वह इसे द्विदलीय तरीके से करना चाहते हैं, जैसा कि पिछले आठ दशकों से किया गया है। प्रेस सचिव ने इस संबंध में अधिक जानकारी साझा किए बिना कहा, इसलिए, वह इसे एक व्यवस्थित तरीके से, रणनीतिक तरीके से करने जा रहे हैं।



ब्राजील में पूर्व राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला डा सिल्वा के समर्थन में नारेबाजी करते छात्र

# माली ने फ्रांस पर आक्रामक कार्रवाई और जासूसी कराने का आरोप लगाया

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**माली** के विदेश मंत्री अब्दुल्ला दयूब ने मंगलवार को फ्रांस पर अशांत पश्चिमी अफ्रीकी देश पर आक्रामक कार्वाई करने के साथ ही उसकी जासूसी कराने का आरोप लगाया। हालांकि फ्रांस ने इन आरोपों को झूठा और मानहानिकारक बताते हुए खारिज कर दिया। दोनों देशों के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में तीखी बहस हुई। इस दौरान माली ने अगस्त 2020 में हुए तख्तापलट और फ्रांसीसी सैनिकों की पूरी तरह से वापसी के बाद से दोनों देशों के संबंधों में आई खटास को रेखांकित किया। फ्रांस ने माली सरकार के अनुरोध पर इस्लामी चरमपंथियों से लड़ने के लिए 2013 में अपने सुरक्षा बलों को माली भेजा था। माली के विदेश मंत्री अब्दुल्ला दयूब ने एक बार फिर वही आरोप दोहराए, जो अगस्त में अंतरिम सरकार ने लगाए थे। सरकार ने कहा था कि फ्रांस के विमानों ने माली के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया और वह आम नागरिकों के लिए समस्याएं पैदा कर रहे अपराधी समूहों को सहायता प्रदान कर रहा है। उन्होंने फ्रांस द्वारा माली के खिलाफ जासूसी कराने और अस्थिरता पैदा करने संबंधी सबूतों पर प्रकाश डालने के लिए सुरक्षा परिषद की विशेष बैठक बुलाने का अनुरोध किया। हालांकि संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के राजदूत निकोलस डि रिवेएरे ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह माली की अंतरिम सरकार के झूठे व मानहानिकारक आरोपों के बाद सच्चाई को फिर से सामने लाना चाहते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि फ्रांस ने कभी भी माली के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन नहीं किया। डि रिवेएरे ने कहा, फ्रांस साहेल, गिनी की खाड़ी और चाड झील क्षेत्र में उन सभी राज्यों से जुड़ा रहेगा, जिन्होंने आतंकवाद का मुकाबला करने और समुदायों के बीच स्थिरता व शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का सम्मान करने का विकल्प चुना है।

# भारत के साथ व्यापार समझौता पूरा करने के लिए ब्रिटेन उत्सुक: ब्रेवरमैन

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौता पूरा करने के लिए उनका देश उत्सुक है ताकि दोनों अर्थव्यवस्थाओं को मजबूती मिल सके।

ब्रेवरमैन ने मंगलवार शाम को यहां इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) की तरफ से दीपावली के पहले आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रेक्सिट के बाद व्यापार या वीजा को लेकर ब्रिटेन की सोच यूरो-केंद्रित नहीं रह गई है।

भारतीय मूल की ब्रेवरमैन ने हाल ही में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर अपने बयान के बाद उपजे विवाद को देखते हुए अपनी स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश करते हुए कहा कि ब्रिटेन के गांवों, कस्बों एवं शहरों का भारत से आने वाले लोगों से काफी संवर्धन हुआ है।

ब्रेवरमैन ने कहा, "स्वाभाविक रूप से हमारे देशों को एक साथ मिलकर काम करने के लिए एक आर्थिक अनिवार्यता है। इसीलिए हम एक व्यापार समझौता संपन्न होने के लिए इतने उत्सुक हैं।"

> भारत मेरे दिल में है, मेरी आत्मा और मेरे खून में है। मुझे इसका बेहद गर्व है कि मेरे पिता की जड़ें गोवा से जुड़ी रही हैं और मेरी माता के भी संबंध मद्रास से रहे हैं। भारत मेरी अपनी विरासत का हिस्सा है।
>
> **सुएला ब्रेवरमैन**
> **गृह मंत्री, ब्रिटेन**

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्थाओं को सशक्त करने के साथ वर्ष 2030 तक आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने का भी साझा संकल्प है। उन्होंने कहा कि भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय रिश्तों के अलावा हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भी यह काफी महत्वपूर्ण है।

भारत और ब्रिटेन ने एफटीए पर बातचीत दीपावली तक पूरी हो जाने की समयसीमा रखी हुई थी लेकिन ब्रेवरमैन के विवादास्पद बयान के बाद इसके निर्धारित समय पर पूरा हो पाने की संभावनाएं क्षीण हो गई हैं।

परंपरागत भारतीय परिधान में कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं ब्रेवरमैन ने कहा, "भारत मेरे दिल में है, मेरी आत्मा और मेरे खून में है। मुझे इसका बेहद गर्व है कि मेरे पिता की जड़ें गोवा से जुड़ी रही हैं और मेरी माता के भी संबंध मद्रास से रहे हैं। भारत मेरी अपनी विरासत का हिस्सा है।

## ब्रिटेन में मुद्रास्फीति चालीस साल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

**लंदन।** ब्रिटेन में खाद्य उत्पादों के दाम बढ़ने से सितंबर में मुद्रास्फीति 40 साल के उच्च स्तर 10.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय ने बुधवार को सितंबर के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि इस महीने में सूचकांक 10.1 प्रतिशत उछल गया। अगस्त में मुद्रास्फीति में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मुद्रास्फीति के नए आंकड़ों से पता चलता है कि ब्रिटेन में मुद्रास्फीति वर्ष 1982 के शुरुआती समय के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। इस दौरान जुलाई 2022 में भी मुद्रास्फीति ने इस स्तर को छुआ था। सांख्यिकीय कार्यालय ने कहा कि सितंबर में मुद्रास्फीति की तीव्र वृद्धि में खाद्य उत्पादों का बड़ा योगदान रहा है। इस दौरान खाद्य मुद्रास्फीति एक साल पहले की तुलना में 14.5 प्रतिशत तक बढ़ गई। यह 1980 के बाद की सर्वाधिक खाद्य मुद्रास्फीति है। मुद्रास्फीति के इस उच्च स्तर को देखते हुए बैंक ऑफ इंग्लैंड की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में एक बार फिर बढ़ोतरी किए जाने की आशंका बढ़ गई है। ब्रिटिश केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत तक लाने की कोशिशों में लगा हुआ है लेकिन इसमें अभी तक उसे नाकामी का ही सामना करना पड़ा है। इसके साथ ही नए वित्त मंत्री जेरमी हंट के लिए भी वित्तीय स्थिरता की बहाली अधिक चुनौतीपूर्ण बन जाएगी। पिछले हफ्ते ही कार्यभार संभालने वाले हंट ने कहा है कि सरकार कमजोर लोगों को मदद पहुंचाने को प्राथमिकता देगी।

# फ्लेक्सी ईंधन वाले वाहनों को अलग-अलग दाम पर लेकर आएं विनिर्माता: पुरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**पेट्रोलियम** मंत्री हरदीप पुरी ने बुधवार को कहा कि देश के वाहन उद्योग को मिश्रित ईंधन वाली प्रौद्योगिकी अपनाने की दर तेज करने के लिए फ्लेक्सी ईंधन वाले वाहनों को विभिन्न कीमत स्तरों पर मुहैया कराना होगा। पुरी ने वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार फ्लेक्सी ईंधन की बिक्री के लिए आपूर्ति, नीति एवं मांग से जुड़े बिंदुओं पर उद्योग जगत को पूरा समर्थन देगी। फ्लेक्सी ईंधन यानी एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से चलने वाले वाहनों को सरकार प्रोत्साहन देने की नीति पर चल रही है। ई10 श्रेणी वाले फ्लेक्सी ईंधन में पेट्रोल के साथ 10 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जाता है जबकि ई20 श्रेणी वाले फ्लेक्सी ईंधन में 20 प्रतिशत एथेनॉल का मिश्रण होता है। पुरी ने कहा, मुझे लगता है कि हमें फ्लेक्सी ईंधन से चलने वाले वाहनों को विभिन्न कीमत स्तरों पर मुहैया कराने की जरूरत है। इसमें दोपहिया और तिपहिया वाहन भी शामिल हैं। इसके साथ ही हमें यह विकल्प जल्दी मुहैया कराना होगा। उन्होंने हाल ही में जापानी कार विनिर्माता टोयोटा की तरफ से फ्लेक्सी ईंधन पर चलने वाली हाइब्रिड कार को पायलट स्तर पर पेश किए जाने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि यह घटनाक्रम मिश्रित ईंधन के मामले में तेजी से बदलती स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार ई20 ईंधन पेश करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, "हमें यकीन है कि इस ईंधन का 1,000 करोड़ लीटर उत्पादन का लक्ष्य पांच साल के पहले ही हासिल कर लिया जाएगा। अप्रैल 2023 तक चुनिंदा पेट्रोल पंप पर ई20 ईंधन को उपलब्ध कराने की पायलट परियोजना के लिए हम तैयार होंगे उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनाल मिश्रण वाले ई20 ईंधन से भारतहर साल करीब 30,000 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत कर पाएगा।

## देश में अप्रैल से अगस्त के बीच खनिज उत्पादन 4.2 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश के खनिज उत्पादन में चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों के दौरान सालाना आधार पर 4.2 फीसदी की संचई वृद्धि हुई है। आईबीएम के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार खनन और संबद्ध क्षेत्र के खनिज उत्पादन का सूचकांक अगस्त 2022 में 99.6 रहा, जो अगस्त 2021 की तुलना में 3.9 प्रतिशत कम है। अगस्त माह के दौरान महत्वपूर्ण खनिजों में कोयला उत्पादन 580 लाख टन, लिग्नाइट 29 लाख टन, प्राकृतिक गैस 282.9 करोड़ घन मीटर, पेट्रोलियम (कच्चा) 24 लाख टन, बॉक्साइट 14.5 लाख टन रहा। इस दौरान कोयला, सीसा, जस्ता और चूना पत्थर जैसे कुछ खनिजों के उत्पादन में सकारात्मक वृद्धि हुई है। वहीं इस अवधि के दौरान अन्य महत्वपूर्ण खनिजों जैसे प्राकृतिक गैस, मैंगनीज अयस्क, पेट्रोलियम (कच्चा) और मैग्नेसाइट के उत्पादन में कमी देखने को मिली।

**सार्वजनिक सूचना**

हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि स्वर्गीय शीतल दास जैन पुत्र स्वर्गीय केसर दास जैन निवासी बी-06/806, सहारा ग्रेस, एम. जी. रोड, सेक्टर-28, चक्करपुर, गुड़गांव, हरियाणा-122002 की मृत्यु दिनांक 08-04-2015 को हो गई थी। इनकी मृत्यु के उपरान्त निम्नलिखित कानूनी वारिसान है 1. श्रीमती कान्ता जैन (पत्नी), 2. नीरज जैन (पुत्र), 3. रजत कुमार जैन (पुत्र), 4. श्रीमती नीरू कपूर (पुत्री) है। इनके अलावा स्वर्गीय शीतल दास जैन पुत्र स्वर्गीय केसर दास जैन के अन्य कोई कानूनी वारिसान नहीं है।

अगर उपरोक्त वारिसान मे किसी को कोई भी एतराज है तो वह प्रकाशन प्रकाशित होने से 15 दिन तक सब रजिस्ट्रार वजीराबाद जिला गुरूग्राम के कार्यालय मे अपना एतराज दर्ज करवा सकता है।

SANTOSH KUMAR PANDEY (ADVOCATE)
Enrl. No. D/5288/2018
Resident at Flat No. F-704, Sujjan Vihar AWHO,GH-4, Sector-43, Gurugram-122009,
Mob: +91-9810822851

# भारत के पास बाहरी जोखिमों से निपटने के लिए पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद: फिच

**भाषा।** नई दिल्ली

**रेटिंग** एजेंसी फिच ने बुधवार को कहा कि अमेरिका में मौद्रिक नीति मामले में सख्ती बरतने और वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति बढ़ने से जुड़े जोखिमों का सामना करने के लिए भारत के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है। इसके साथ ही फिच रेटिंग्स ने कहा कि बाह्य दबावों से भारत की साख को लेकर जोखिम सीमित ही है। फिच ने कहा, ऐसा लगता है कि अमेरिका में तेजी से मौद्रिक सख्ती किए जाने और वैश्विक स्तर पर जिंसों के बढ़ते दामों से जुड़े जोखिमों से निपटने के लिए भारत के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है। एजेंसी ने कहा कि उसे विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत बने रहने की उम्मीद है और भारत का चालू खाते के घाटे (सीएडी) को एक उपयुक्त स्तर पर थामा जा सकेगा और चालू वित्त वर्ष में यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 3.4 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा जो कि पिछले वित्त वर्ष में 1.2 प्रतिशत था। फिच ने कहा कि सार्वजनिक वित्त की स्थिति रेटिंग के लिए प्रमुख घटक बना हुआ है और भारत बाह्य वित्तपोषण पर सीमित निर्भरता की वजह से वैश्विक उतार-चढ़ाव से सापेक्षिक तौर पर बचा हुआ है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार इस साल के नौ महीनों में करीब 100 अरब डॉलर तक घट चुका है। हालांकि अब भी इसका आकार करीब 533 अरब डॉलर है। विदेशी मुद्रा भंडार में आई यह बड़ी गिरावट बढ़ते सीएडी और डॉलर के मुकाबले रुपए को संभालने के लिए रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप को दर्शाती है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार अब भी 8.9 महीनों के आयात व्यय के लिए पर्याप्त है और किसी भी बाहरी संकट का का सामना करने की क्षमता देता है। फिच ने कहा, "इस बड़े विदेशी मुद्रा भंडार से कर्ज पुनर्गठन क्षमता को आश्वासन मिलता है। इसके अलावा अल्पकालिक बाह्य बकाया ऋण भी कुल भंडार का सिर्फ 24 प्रतिशत ही है। फिच ने भारत को निवेश के लिहाज से सबसे निचले स्तर की रेटिंग बीबीबी- दी हुई है। जून में इसने रेटिंग परिदृश्य को नकारात्मक से सुधारकर स्थिर कर दिया था।

## बीईएल का अमेरिकी कंपनी के साथ करार

**बेंगलुरु।** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने हाइड्रोजन ईंधन सेल के उत्पादन के लिए अमेरिकी कंपनी टीईवी के साथ एक एमओयू किया है। बीईएल ने एक बयान में इस एमओयू की जानकारी देते हुए कहा है कि इस समझौते के साथ प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण भी शामिल है।

# बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स 147 अंक चढ़ा

- रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लिमिटेड में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला

**भाषा।** मुंबई



**घरेलू** शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 146 अंक से अधिक के लाभ में रहा। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी लिमिटेड में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 146.59 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,107.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 439.09 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 11 शेयर लाभ में, जबकि 19 नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 25.30 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,512.25 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नेस्ले में भारी लिवाली से बाजार बढ़त में बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचडीएफसी सबसे अधिक 2.13 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा, नेस्ले इंडिया, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, आईटी, दवा और ज्यादातर बैंक शेयरों में बिकवाली दबाव रहा। एनटीपीसी सबसे अधिक 1.77 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, डॉ रेड्डीज, इन्फोसिस और मारुति भी नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख, ब्रिटेन में खुदरा मुद्रास्फीति के 40 साल के उच्च स्तर पर पहुंचने से यूरोपीय बाजारों में तेजी बाधित हुई। हालांकि, कंपनियों के बेहतर परिणाम से मजबूत अमेरिकी बाजार से घरेलू बाजार में तेजी का रुख रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि शुरूआती बढ़त के बाद बाजार बाद में कुछ नीचे आया। इसका कारण प्रतिभागियों ने मुनाफावसूली को तरजीह दी। बीएसई मिडकैप सूचकांक (मझोली कंपनियों से जुड़ा सूचकांक) मामूली 0.13 प्रतिशत ऊपर चढ़ा जबकि स्मॉलकैप (छोटी कंपनियों से जुड़े सूचकांक) सूचकांक 0.03 प्रतिशत नीचे आया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि जापान का निक्की लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी शेयर बाजार वाल स्ट्रीट मंगलवार को बढ़त में रहा था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.54 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को 153.40 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 61 पैसे लुढ़क कर 83 रुपए से नीचे पहुंच गया जो अबतक का सबसे निचला स्तर है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) TATAMOTORS_T1518FBGD REG. NO.HR38Z2646-YOM -2018
2) MAH_BOLERO_MUV REG. NO. HR06AH2353-YOM-2015

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : JAGBIR SIR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO.9999996157
EMAIL-jagbir.singh@kotak.com

# अयोध्या शोध संस्थान दीपोत्सव पर करेगा भव्य रंगारंग आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या



**धार्मिक** नगरी अयोध्या में 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2022 तक आयोजित होने वाले छठवे भव्य दीपोत्सव को रोमांचक एवं मनोरंजक बनाने के लिए संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के अयोध्या शोध संस्थान द्वारा जनपद स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। दीपोत्सव के मुख्य कार्यक्रम के दिवस 23 अक्टूबर को शोभायात्रा एवं झांकी में रामलीला विधा के तहत गणेश झा, मनीष दास, महावीर शरण, संजीवन मिश्रा, विश्राम पांडेय, जोखन प्रसाद शुक्ला भदोहीए श्री शत्रुधन सिंह गोंडाए श्री रामचन्दर ठाकुरए श्री बिसुनदेव रायए श्री नवल किशोर पांडेय व श्री सत्य नारायण मिश्रा के साथ साथ उत्तराखण्डी लोकनृत्य विधा में मुनाल ;श्री विक्रम बिष्टद्धए धोबिया लोकनृत्य विधा में श्री राम जीवन गाजीपुर व मुन्नालाल यादव आजमगढ़ए विविध लोकनृत्य में श्री अजीत उपाध्याय गोरखपुरए सुश्री मंजू सिंह लखनऊ व मैजिक स्प्रिंकल लखनऊए राई लोकनृत्य विधा में सुश्री राधा प्रजापति झांसी व सुश्री वन्दना कुशवाहा झांसीए पाई डण्डा विधा में श्री उमेश प्रसाद पाल बांदाए बीन जोगी विधा में श्री रामबीर नाथ हरियाणाए बहुरूपिया विधा में श्री पुष्पेन्द्र कुमार अयोध्याए फरूवाही विधा में श्री विजय कुमार यादव अयोध्याए रामसेना विधा में श्री सुजीत कुमार अयोध्याए ढेढिया विधा में सुश्री कृति श्रीवास्तव प्रयागराजए मादल वादन विधा में श्री सुक्खन सोनभद्रए रणसिंधा विधा में श्री प्रशांत आर्या झांसीए बम रसिया विधा में श्री खजान सिंह मथुरा तथा मयूर नृत्य में श्री राजेश प्रसाद शर्मा मथुरा द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। इसी क्रम में मंचीय कार्यक्रम के तहत रामकथा पार्क नयाघाट अयोध्या में रामलीला विधा की प्रस्तुति थाईलैंड की रामलीलाए रूस की रामलीलाए इण्डोनेशिया की रामलीलाए मध्य प्रदेश की रामलीला के साथ साथ गुजरात के लोकनृत्य की प्रस्तुति संस्कृति मंत्रालय गुजरात सरकार द्वाराए नृत्य नाटिका की प्रस्तुति कथक कल्चरल सोसाइटी नई दिल्ली सुश्री रूपा लहरी द्वारा व भजन लोकगायन की प्रस्तुति सुश्री प्रीत प्रेरणा मुम्बई द्वारा किया जायेगा।

**अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ** :अयोध्या। डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के तत्वाधान में गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज में अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता की शुरुआत रोली सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष अयोध्या के द्वारा दीप प्रज्वलन कर हुई उन्होंने प्रमुख रूप से बालिकाओं के लिए ताइक्वांडोए जूडो एकराटे आदि को उनके विकास के लिए उनकी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस प्रतियोगिता में गोंडा बलरामपुर सुल्तानपुर बहराइच बाराबंकी आदि जिलों डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय के लगभग 80 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक जिला सचिव भगवान दास अग्रवाल जी ने बताया इस प्रतियोगिता में जो स्वर्ण पदक विजेता होंगे वह अमृतसर में होने वाली ऑल इंडिया ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।इस दौरान गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज के गुरु नानक सभागार में मुख्य अतिथि माननीय रोली सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष अयोध्याए रोहित सिंह भाजपा नेता अयोध्या सरदार प्रतिपाल सिंह पाली सचिव गुरु नानक एजुकेशन सोसायटी अयोध्याए आयोजक अध्यक्ष अमनदीप सिंह सीओ गुरु नानक एजुकेशन सोसायटीए पर्यवेक्षक जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव श्री भगवानदास अग्रवालए आदित्य प्रताप प्राचार्य गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज अयोध्याए संजय शर्मा जिला सचिव बास्केटबॉल अयोध्याए धर्मेंद्र सिंह विद्यालय क्रीडा समिति सचिव अयोध्या मौजूद रहे प्रतियोगिता में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता चल रही जिसमें अंडर 46 ाह में अंजलि तिवारी कमला नेहरू इंस्टीट्यूट अंडर 49 ाह में अनुभवी श्रीवास्तव देव इंद्रावती पीजी कॉलेज अंडर 53 ाह खुशी अस्वाल नंदिनी नगर पीजी कॉलेज अंडर 57 ाह पूजा यादव डॉ राम मनोहर लोहिया अवध अवध विश्वविद्यालय अंडर 62 ाह सौंदर्य अग्रवाल शिव सावित्री महाविद्यालय रुदौली अंडर 6 7 ाह प्रियंका कुमारी देव इंद्रावती पीजी कॉलेज प्लस 6 7 ाह मुस्कान अग्रवाल शिव सावित्री महाविद्यालय रुदौली यह सभी खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता रहे उनसे कंपटीशन में व्यक्तिगत में प्रीति चौबे व टीम स्पर्धा में अंजली सिंह मुस्कान अग्रवाल सुंदर अग्रवाल विजेता रही।

# अतिवृष्टि से हुई फसलों के नुकसान का पुनः सर्वे कराकर किसानों को दिलाएं मुआवजा

### मंत्री राकेश सचान व राज्यमंत्री अनूप प्रधान की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में बाढ़ अतिवृष्टि से हुई सम्पत्तियों, फसलों के साथ जन और पशुहानि को लेकर की गई बैठक

आलोक निगम। बांदा



**मंत्री** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा खादी एवं ग्रामोद्योगए रेशम प्रभारी मंत्री चित्रकूटधाम मण्डल राकेश सचान एवं राज्यमंत्रीए राजस्व विभाग अनूप प्रधान की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में बाढ एवं असामयिक अतिवृष्टि से हुई सम्पत्तियोंए फसलोंए जनहानि एवं पशुहानि आदि की क्षति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उन्होंने समीक्षा करते हुए मण्डल के जनपदों में बाढ़ एवं असामयिक अतिवृष्टि होने से हुई विभिन्न फसलों तिलए मूंगए बाजराए मूंगफली आदि फसलों के क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत लाभान्वित कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि जनपद बांदा बाढ से 862 हे0 फसल क्षतिग्रस्त हुई हैए तथा अतिवृष्टि में तिल की फसल को अधिक नुक्सान हुआ है।मंत्री ने अतिवृष्टि से हुई फसलों के क्षतिग्रस्त होने का पुनः सर्वे कराकर अधिक से अधिक किसानों को उनकी फसलों का मुआवजा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से दिलाये जाने के निर्देश दिये।बैठक में उन्होंने बाढ़ एवं अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हुए मकानों तथा जनहानि एवं पशुहानि की समीक्षा करते हुए पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त लोंगो के मकानों को मुख्यमंत्री आवास योजना में आवास दिलाये जाने के निर्देश दिये। बाढध्अतिवृष्टि से जनपद बांदा में हुई पशु हानि जिसमें अतिवृष्टि से 04 पशु हानि हुई हैए जिसमें से 37500 की धनराशि का भुगतान पशु स्वामियों को किया जा चुका है। बैठक में बताया गया कि जनपद महोबा में मूंगफली की फसल को अत्यधिक नुकशान अतिवृष्टि से हुआ हैए जिसका सर्वे कराकर किसानों को लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि चित्रकूटधाम मण्डल में कृषि क्षेत्र में हुई फसलों के नुकशान का मुआवजा लगभाग 06 करोड़ रूपये धनराशि का भुगतान किसानों को किया जा रहा है।

उन्होंने मण्डल के समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये बाढ़ एवं अतिवृष्टि से हुई जनहानिए पशुहानि एवं फसल के अवशेष बचे लाभार्थियों को शीघ्र लाभान्वित किया जाए। उन्होंने हमीरपुर एवं चित्रकूट जनपद में हुई फसलों एवं जनहानि तथा पशु हानि एवं क्षतिग्रस्त आवासों की समीक्षा करते हुए किसानों की फसलों का शीघ्र मुआवजा दिलाये जाने के निर्देश दिये।

## मंडलायुक्त ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश



**बांदा।** मंडलायुक्तआर0पी0सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुईस बैठक में मंडलायुक्त ने बांदा फतेहपुर मार्ग को गड्ढा मुक्त करने के संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिएए जिस पर एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि बांदा से रायबरेली मार्ग के मरम्मत का कार्य चल रहा हैए जिसमें तिंदवारी से महोखरए चंदौली तक का गड्ढा मुक्त किया गया है तथा 10 नवंबरए 2022 तक सड़क को गड्ढा मुक्त किया जाएगास उन्होंने निराश्रित गोवंश को संरक्षण कर गौशाला में रखे जाने के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारीए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से समन्वय करते हुए निराश्रित गोवंश को गौशालाओं में सुरक्षित रखने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंए जिससे कि गौवंश सड़कों पर ना रहे एवं किसानों की फसलों को किसी प्रकार की क्षति ना होने पाएस उन्होंने गौवंश पालको को खुली सड़कों पर गोवंश को छोड़े जाने पर भी उनके विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने बेसिक शिक्षा के विद्यालयों पर अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने तथा ऐसे अध्यापकों को चिन्हित करने के निर्देश दिएए जो विद्यालयों में नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो रहे हैं और उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश पर अपर शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा को दिए स उन्होंने चिकित्सकों की कमी को दूर करने हेतु संविदा पर चिकित्सकों की नियुक्ति किए जाने हेतु प्रत्येक जनपद में वाक इन इंटरव्यू कराए जाने के निर्देश दिएस उन्होंने मंडल के जिला अस्पताल एवं ए बीब में हेल्थ एटीएम को स्थापित कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा के दौरान संचारी रोग नियंत्रण अभियान संबंधी सेवाओं को बेहतर बनाने के कारणों की समीक्षा हुई। दीपावली त्यौहार को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थो की सघन चेकिंग कराए जाने तथा गुणवत्ता युक्त सामग्री के साथ साफसफाई का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। स उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ट्रैक्टर ट्रॉली दीपावली त्यौहार के दौरान मेलों आदि में सवारियों को ना ले जाया जाएए इसकी सघन चेकिंग भी कराई जाएस उन्होंने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता रखे जाने एवं कानून व्यवस्था को चुस्त.दुरुस्त बनाए रखने के संबंध में भी पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए।



# अखिलेश यादव ने पिता की अस्थियां संगम में विसर्जित कीं

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां संगम में अपने पिता दिवंगत मुलायम सिंह यादव का अस्थित विसर्जन किया। अखिलेश यादव के साथ उनके चाचा और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रमुख शिवपाल यादव और भाई प्रतीक यादव भी अस्थि विसर्जन के दौरान संगम तट पर मौजूद थे। संगम तट पर प्रतीक यादव ने संवाददाओं से कहा, पूरा देश उनके पिता दिवंगत मुलायम सिंह यादव को याद कर रहा है। नेता जी की सियासी विरासत बहुत बड़ी है जिसे अखिलेश भैया आगे बढ़ा रहे हैं। नेता जी ने पिता के तौर पर बहुत कुछ सिखाया है.. बहुत कुछ दिया है। उनकी शिक्षा हमेशा हमारे साथ रहेगी। अखिलेश और शिवपाल के बीच रिश्ते सुधरने के संबंध में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार किया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेश यादव ने बताया कि आज संगम में अस्थि विसर्जन के दौरान अखिलेश यादव, उनके बेटे अर्जुन और बेटी अदिति, चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव, रामगोपाल के बेटे और फिरोजाबाद से सांसद अक्षय प्रताप और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के पुत्र तेज प्रताप (तेजू) मौजूद थे। संगम पर इस दौरान अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव मौजूद नहीं थीं। हालांकि, सोमवार को हरिद्वार में गंगा में अस्थि विसर्जन के दौरान डिंपल अपने पति अखिलेश यादव के साथ मौजूद थीं। उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का गत 10 अक्टूबर को गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। अगले दिन सैफई में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## बाल शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे में समग्र विकास कार्यक्रम शुरू किया

पायनियर समाचार सेवाध्वाराणसी

**उत्तर** प्रदेश मेंए बाल शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले एक प्रमुख गैर सरकारी संगठन खुशी ने 05 सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए एक समग्र विकास कार्यक्रम शुरू किया है। गणितए अंग्रेजी और विज्ञान में अकादमिक सहायता प्रदान करने के अलावाए खुशी मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाताओं के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान करेगी। स्कूलों को कंप्यूटर और आरओ पीने के पानी से भी लैस किया जाएगा। इस पहल ` परिणामस्वरूपए लगभग 9600 विद्यार्थियों लाभान्वित हो चुके हैं।

खुशी वर्तमान में 48 सरकारी स्कूलों के साथ पूरे भारत के 12 राज्यों में काम करती है और 50306 बच्चों का समर्थन करने वाला एक शिक्षण केंद्र है। प्रत्यक्ष रूप से स्व.कार्यान्वयन के रूप में विकसित एक संगठनए खुशी बच्चों के सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए सीखने के अंतराल को दूर करनेए अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करनेए जीवन कौशल प्रदान करने और व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और कौशल अवसर प्रदान करके बच्चों के समग्र विकास में मदद करने में प्रभावी और कुशल दोनों रही है।

# शराब के लिए पैसे नहीं देने पर की मां की हत्या

भाषा। बरेली

**बरेली** जिले के किला क्षेत्र में शराब के लिए पैसे नहीं देने को लेकर पत्नी पर हमलावर शख्स ने बीच बचाव की कोशिश करने पर अपनी बुजुर्ग मां की चाकू से ताबड़तोड़ गोद कर हत्या कर दी। हमले में आरोपी की पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) राहुल भाटी ने बुधवार को बताया कि किला थाना क्षेत्र स्थित चंदन नगर निवासी सूरज (28) मंगलवार की शाम शराब पीकर घर पहुंचा और अपनी पत्नी अनीता से शराब पीने के लिए और रुपए मांगे। उन्होंने बताया कि अनीता के इंकार करने पर वह गालीगलौज करते हुए घर के अंदर से सब्जी काटने वाली छुरी उठा लाया और उसकी पीठ पर वार कर दिया। भाटी ने बताया कि सूरज की मां मंजू देवी (68) ने अनीता को बचाने की कोशिश की तो सूरज उनपर भी हमलावर हो गया और उसने अपनी मां की पीठ पर छुरी से ताबड़तोड़ तीन वार कर दिए और भाग गया। मंजू देवी को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित मंजू देवी को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में अनीता भी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाटी ने बताया कि हत्यारोपी को गिरफ्तार कर आज न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया गया।

**हत्या के दोषी चार लोगों को आजीवन कारावासः** आजमगढ़ आजमगढ़ जिले की एक अदालत ने हत्या के करीब आठ साल पुराने एक मामले में बुधवार को चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 22 जुलाई 2014 को तरवा क्षेत्र में एक बच्चे की मौत पर शोक व्यक्त करने पहुंचे रामजन्म यादव को वापसी में मंहगू गंज के पास कुछ लोगों ने गोली मार दी थी। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में बबलू यादव, रामसुख, श्याम सुंदर, अशोक तथा एक नाबालिग लड़के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। नाबालिग अभियुक्त का मामला किशोर न्याय बोर्ड को भेजा गया है। अपर सत्र न्यायाधीश बी. डी. भारती ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपियों बबलू यादव, रामसुख,श्याम सुंदर तथा अशोक को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा 1212 हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

## नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य का निधन



**बाँदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य की संदिग्ध परिस्थितियों में रात्रि 2 बजे निधन हो गया। जिला अस्पताल के डॉक्टर का कहना है कि ऐसा लगता है कि इनकी हार्टअटैक से भी मौत हो सकती है या कोई सदमा लगने का या फिर कोई मानसिक तनाव मृतक प्रधानाचार्य सुशील मिश्रा की मौत एक मिस्त्री है अभी उनके नौकरी के2 वर्ष और बचे थे बांदा पुलिस जांच में जुटी। टीचर से पूछा गया तो उनका कहना था कि इनकी स्वभाविक हार्ट अटैक से मौत हुई है इसकी सूचना देने जिलाधिकारी बांदा के यहां एक लिखितपत्र लेकर आए थे हालांकि उनके पार्थिव शरीर को उनके गांव एंबुलेंस द्वारा भेज दिया गया है परिजनों के साथ आखिर मौत कैसे हुई एक रहस्य में गुतथी हैं।

## खड़गे के अध्यक्ष चुने जाने पर मिठाई वितरित



**वाराणसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मन्त्री मल्लिकार्जुन खड़गे के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस साथियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया तथा बधाई दी। प्रमुख रूप से रामसुधार मिश्रए राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर किसान कांग्रेसए शैलेन्द्र सिंह पूर्व उपाध्यक्ष छावनी परिषदए विनोद सिंह कल्लू पीसीसी सदस्यए डॉ आशीष पाण्डेय शामिल थे।

## विकास करने वाले ब्रांड ही बनाते हैं पैठ

**वाराणसी।** इमामी ने हेल्दी एण्ड टेस्टी को दोबारा लॉन्च किया है। हेल्दी एण्ड टेस्टी भारत में खाद्य तेल ब्राण्ड्स की प्रमुख और लोकप्रिय रेंज में से एक है। इस रिलॉन्च् के बारे में इमामी एग्रोटेक लिमिटेड में मार्केटिंग के प्रेसिडेंट देबासिस भट्टाचार्य ने कहा एक सफल ब्राण्ड को निरंतर विकास करना पड़ता है ताकि वे उपभोक्ताओं के बीच एकदम नया और प्रासंगिक बना रहे। इस रिलॉन्च के तहत इमामी हेल्दी एण्ड् टेस्टी ने अपने 4 वैरिएंट्स . मस्टर्ड सोयाबीन, सनफ्लावर और राइस ब्रान के बिलकुल नये पैकेजिंग मेकओवर का अनावरण किया है, जिनका लुक काफी आधुनिक, सामयिक और मिनिम्लैकस्टिक है।

## सफल रहा महिला का हार्ट ट्रांसप्लांट

**वाराणसी।** कावेरी ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स की इकाई, कावेरी हॉस्पिटल चेन्नई में हाइपरट्रॉफिक ऑब्सट्रक्टिव कार्डियोमायोपैथी से वीडियो 35 साल की महिला का हार्ट ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह एक ऐसी बीमारी हैए जिसमें हृदय की मांसपेशियां मोटी हो जाती हैं और इस तरह हृदय के लिए रक्त परिसंचरण, यानी ब्लड को पंप करना बेहद कठिन हो जाता है। डा. मणिवन्नन सेल्वाराज मैनेजिंग डायरेक्टर कहते हैं हमारे अस्पताल में बेहतरीन चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ.साथ अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जिनकी मदद से हम आगे भी नई ज़िंदगी की जरूरत वाले लोगों के लिए ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। नई ट्रांसप्लांट यूनिट के बारे में बात करते हुए डा. अरविंदन सेल्वाराज ने कहा अपने अस्पताल की ट्रांसप्लांट टीम की मदद से हमने हार्ट एवं लंग्स फेल्योर के अंतिम चरण में ज़िंदगी के लिए संघर्ष कर रहे लोगों की जान बचाने में सफलता पाई है।

## सदाबहार प्रदर्शन करें

**लखनऊ।** दिवाली के शुभ अवसर पर डी बीयर्स फाएवरमार्क ने अपने अवंती कलेक्शन के जरिये तीन नए सुरुचिपूर्ण डिजाइनों को प्रस्तुत किया है, जो पहनने वाले की वास्तविक क्षमता हासिल करने की क्षमता प्रदान करती हैं और हर दिन एक सदाबहार फैशन स्टेटमेंट देने के लिए प्रेरित करती हैं। फॉरएवरमार्क अवंती कलेक्शन उन उल्लेखनीय चीजों की याद दिलाता है जो जीवन में प्राप्त पहले अवसर के बाद मिलती हैं। दिवाली के दौरान दीया जलाना उम्मीद और जीत का प्रतीक है जो कलेक्शन के विशिष्ट रैप डिज़ाइन के समान है। वाइस प्रेसिडेंट अमित प्रतिहारी ने कहा कि पूरे साल में इस समय के दौरान, ज्वैलरी, खास तौर पर डायमंड्स समृद्धि का प्रतीक माने जाते हैं।

## कथावाचक के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने को लेकर मामला हुआ दर्ज

**मथुरा।** जिला पुलिस ने वृन्दावन के एक कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने की मंशा से जानबूझकर वक्तव्य देने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है उक्त कथावाचक वृन्दावन में भागवत कथा के दौरान माता सीता और द्रौपदी सहित महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे है। अनिरुद्धाचार्य की इस कथा का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अनेक संगठनों और लोगो ने इसपर आपत्ति जताते हुए पुलिस से उनके खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग की थी। इस संबंध मे मंगलवार देर रात वृंदावन थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। कोतवाली के निरीक्षक सूरज प्रकाश शर्मा ने बताया, अनिरुद्धाचार्य नाम के एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने संबोधन में द्रौपदी और देवी सीता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, वृंदावन मे भाजपा के सदस्य पवन शर्मा और अखिल भारत हिंदू महासभा के कुछ सदस्यो की शिकायत पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप मे प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक नगर मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने प्राथमिकी दर्ज किए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस कानून के मुताबिक कार्वाई करेगी। उन्होने कहा कि मामले की जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी।

## राइड के सुगम अनुभव के लिए साझेदारी

**कानपुर।** आज ऊबर और अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग लिमिटेड (एएएचएल) ने अपने गठबंधन की घोषणा की ताकि मुसाफिरों को यात्रियों पर केंद्रित अभियानों के साथ राईड का सुगम अनुभव प्रदान किया जा सके। इन अभियानों में मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, गुवाहाटी, और जयपुर में स्थित मुख्य एयरपोर्ट्स पर सुविधाजनक जगहों पर साईनेज के साथ मौजूद ऊबर पिक अप ज़ोंस से ट्रिप बुक करने की सुविधा शामिल है इस साझेदारी द्वारा यात्रियों और ड्राईवर्स को ऊबर प्लेटफॉर्म पर सुगम अनुभव प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

# सीएम ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान आम लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और उनकी हर सम्भव सहायता का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान फरियादियों के साथ आए बच्चों को पुचकारा, उनसे पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा और उन्हें चॉकलेट भी दी। आदित्यनाथ ने कहा, धन की कमी की वजह से किसी का इलाज नहीं रुकना चाहिए। सरकार एस्टीमेट (अनुमान) मिलने के बाद जरूरतमंदों के लिए तुरंत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगी। जनता का स्वास्थ्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में है और जरूरतमंद लोगों के लिए सरकार का खजाना हमेशा खुला है। मुख्यमंत्री ने लोगों से बातचीत के दौरान उनके परिवार के लोगों का भी हाल जाना। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आवेदनों को संबंधित अधिकारियों के पास भेजा और इलाज के खर्च का आकलन कर सरकार को देने का निर्देश दिया। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार की एक व्यथित महिला को रोजगार देने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा,"बिहार में भी काम मिल सकता है। अगर नहीं तो हम यहां जरूरतमंदों के लिए रोजगार के अवसर की व्यवस्था करेंगे"।

**सुबह व शाम पानी का किया जा रहा छिडकावः** रूरा, कानपुर देहात। कार्यदायी सॅस्था का कहना है कि सुबह व शाम को दिन में दो बार पानी का छिडकाव किया जा रहा है। शीघ्र ही धूल की समस्या के स्थायी समाधान के लिये प्रयास युद्ध स्तर पर किये जा रहे है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 20 अक्टूबर, 2022



# लंबी कूद में यूपी की एथलीट शैली सिंह ने जीता स्वर्ण पदक

भाषा। बेंगलुरू

राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप




**शैली** सिंह ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के अंतिम दिन पदार्पण करते हुए अपने अंतिम प्रयास में 6.41 मीटर से महिला लंबी कूद खिताब जीत लिया। यह शैली का सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रयास रहा जिससे वह स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं। उत्तर प्रदेश की 18 साल की खिलाड़ी का शुरूआती 6.25 मीटर का प्रयास केरल की श्रुति लक्ष्मी और नयना जेम्स के 6.22 मीटर से बेहतर रहा।

पुरूष वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा में तमिलनाडु की रगुल कुमार ने 20.87 सेकेंड के समय से पहला स्थान हासिल किया। यह इस साल किसी भारतीय का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस साल अमलान बोरगोहेन ने अप्रैल में फेडरेशन कप में और इस महीन के शुरू में राष्ट्रीय खेलों में क्रमश: 20.52 सेकेंड और 20.55 सेकेंड का समय निकाला था।

गुजरात के मुरली कुमार गावित ने पुरूषों की 10,000 मीटर रेस जीती जो उनका चार साल में पहला राष्ट्रीय खिताब था। उन्होंने 2018 में भुवनेश्वर में दोहरे खिताब जीते थे। रेलवे की अंकिता धयानी (34:39.05) ने राष्ट्रीय स्तर पर पहली 10,000 मीटर रेस जीती। पुरूष और महिला पैदल चाल स्पर्धा (35 मीटर) में उत्तर प्रदेश के राम बाबू और उत्तराखंड की पायल ने पहला स्थान हासिल किया। राम बाबू ने दो घंटे, 29 मिनट और पांच सेकेंड का समय लिया। पायल ने रिकॉर्डधारी रमनदीप कौर को पछाड़ते हुए तीन घंटे, चार मिनट और 48 सेकेंड का समय निकाला। सेना के गोला फेंक एथलीट तेजिंदरपाल सिंह तूर (1162 अंक) और रेलवे की 100 मीटर बाधा दौड़ एथलीट ज्योति याराजी (1174 अंक) को क्रमश: पुरूष और महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया। रेलवे ने 297 अंक से टीम चैम्पियनशिप जीती जबकि सेना (174 अंक) और मेजबान कर्नाटक (69.50 अंक) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## चंद्रन रंजीत और राकेश की मदद से गुजरात ने उत्तर प्रदेश योद्धाज को हराया

**बेंगलुरू ।** कप्तान चंद्रन रंजीत ने 20 अंक जुटाकर शानदार अगुआई की जिससे गुजरात जायंट्स की टीम ने बुधवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में उत्तर प्रदेश योद्धाज को 51 – 45 से पराजित किया। रंजीत को साथी रेडर राकेश का पूरा साथ मिला जिन्होंने मैच में 16 अंक जुटाए। पहले हाफ में गुजरात की टीम 21–19 से बढ़त बनाए थी और अंत से इसे कायम रखते हुए जीत दर्ज की। प्रदीप नरवाल की अंतिम मिनट में सुपर रेड भी उत्तर प्रदेश को हार से रोकने में नाकाम रही।

## आईसीसी ने टी-20 विश्व कप के लिए चार खिलाड़ियों को बदलने की मंजूरी दी

**मेलबर्न (भाषा)।** तेज गेंदबाज कासुन रजिता को टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंकाई टीम में चोटिल दुशमंता चामिरा की जगह शामिल किया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने तीन अन्य खिलाड़ियों को भी बदलने की मंजूरी दी। टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने कुल चार खिलाड़ियों को बदलने की मंजूरी दी है। रजिता तेज गेंदबाज चामिरा की जगह लेंगे जो बाएं पैर की पिंडली की मांसपेशियों में चोट के कारण बाहर हो गए। रजिता इस समय श्रीलंका में हैं और जितना जल्दी हो सके आस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे। श्रीलंका के धनुष्का गुणतिलक को बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव है जिससे उनकी जगह टीम के रिजर्व खिलाड़ी एशेन बंडारा लेंगे। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) टीम में रिजर्व फहद नवाज चोटिल जवार फरीद की जगह लेंगे। जवार के बाएं पैर में फ्रेक्चर हो गया है। इंग्लैंड के टाइमल मिल्स को रीस टोप्ले की जगह शामिल किया गया है जिनका बायां टखना चोटिल हो गया है। टोप्ले आस्ट्रेलिया में ही हैं। टीम में किसी भी खिलाड़ी को बदलने के लिए टूर्नामेंट की तकनीकी समिति की मंजूरी चाहिए होती है, उसके बाद ही आधिकारिक रूप से खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जा सकता है।

वहीं इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रीस टोप्ले टखने की चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं जो कि उनकी टीम के लिए करारा झटका है। टोप्ले की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टायमल मिल्स को इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है। मिल्स ने पांव की चोट के कारण अगस्त से कोई मैच नहीं खेला है। इंग्लैंड के पाकिस्तान के खिलाफ सोमवार को खेले गए आखिरी अभ्यास मैच से पूर्व ब्रिसबेन में क्षेत्ररक्षण का अभ्यास करते समय इस 28 वर्षीय गेंदबाज का टखना मुड़ गया था। स्कैन से पता चला है कि उनकी चोट गंभीर है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बयान में कहा, चोटिल रीस टोप्ले की जगह टाइमल मिल्स को इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है जो पहले ही ऑस्ट्रेलिया में हैं। इंग्लैंड को अपना पहला मैच शनिवार को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है।

# भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा अभ्यास मैच बारिश की भेंट चढ़ा



भाषा। ब्रिसबेन

**भारत** का बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ गाबा मैदान पर दूसरा और अंतिम क्रिकेट अभ्यास मैच लगातार हो रही बारिश के कारण एक भी गेंद डाले बिना रद्द हो गया।

भारत और न्यूजीलैंड दोनों की टीमें मैदान पर उतर भी नहीं सकी थीं क्योंकि इसी जगह पर दिन के पहले अभ्यास मैच के दौरान ही बारिश आ गई थी जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की टीम 155 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दो ही ओवर खेल पाई थी। इससे पहले भारत ने सोमवार को यहां पहले अभ्यास मैच में मेजबान आस्ट्रेलिया को छह रन से हराया था।

भारतीय टीम टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत रविवार को मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगी।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने केएल राहुल (57 रन) और सूर्यकुमार यादव (50 रन) के अर्धशतक की मदद से सात विकेट पर 186 रन का स्कोर बनाया था और आस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच के 54 गेंद में 76 रन बनाकर फॉर्म में वापसी के बावजूद इस लक्ष्य का बचाव किया था। चोटिल जसप्रीत बुमराह की जगह टीम में शामिल किए गए मोहम्मद शमी (चार रन देकर तीन विकेट) ने अंतिम ओवर में गेंद से शानदार प्रदर्शन किया जिसमें चार खिलाड़ी आउट हुए थे और इस गेंदबाज ने तीन विकेट अपने नाम किए थे।

## क्विक न्यूज

### कमर की चोट के कारण डब्ल्यूबीबीएल से हटी हरमनप्रीत



**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को कमर की चोट के कारण महिला बिग बैश लीग से नाम वापिस लेना पड़ा है जिसमें वह मेलबर्न रेनेगाडेस के लिए खेल रही थी। पिछली बार लीग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई हरमनप्रीत भारत के लिए एशिया कप खेलने के कारण पहले दो मैचों में भाग नही ले सकी थी। उनकी जगह इंग्लैंड की बल्लेबाज इव जोंस को उतारा जा सकता है। मेलबर्न रेनेगाडेस के महाप्रबंधक जेम्स रोसेनगार्टन ने एक बयान में कहा , हरमनप्रीत ने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया। हम चाहते थे कि वह इस सत्र में भी खेले लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से चोट के कारण वह बाहर हो गई।

### यरवदा जेल के कैदियों ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में कांस्य जीता

**नई दिल्ली।** पुणे की यरवदा जेल की एक शतरंज टीम ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए हाल ही में विश्व शतरंज महासंघ (फिडे) द्वारा कैदियों के लिए आयोजित अंतर महाद्वीपीय आजादी के लिए शतरंज ऑनलाइन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय कैदियों की टीम ने किसी टूर्नामेंट में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 46 देशों की 86 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम को भारतीय तेल निगम (आईओसी) की परिवर्तन जेल से लेकर गौरव तक पहल के तहत तैयार किया गया था। आईओसी ने एक बयान में यह जानकारी दी।

### फालकाओ के गोल से एटलेटिको का विजय अभियान थमा

**मैड्रिड।** रायो वालेकानो के स्ट्राइकर राडामेल फालकाओ ने स्टॉपेज टाइम के दो मिनट के भीतर गोल करके स्पेनिश लीग फुटबॉल में एटलेटिको मैड्रिड को 1-1 से ड्रॉ पर रोककर उसके विजय अभियान पर अंकुश लगा दिया। एटलेटिको के लिए 20वें मिनट में अलवारो मोराटा ने गोल दागा था। इस ड्रॉ के बाद एटलेटिको शीर्ष पर काबिज रीयाल मैड्रिड से पांच और बार्सीलोना से दो अंक पीछे तीसरे स्थान पर है। रायो दसवें स्थान पर है। एक अन्य मैच में वालेंशिया ने सेविला से 1-1 से ड्रॉ खेला। वहीं एथलेटिक बिलबाओ को गेटाफे ने 2-2 से ड्रॉ पर रोका।

### रमिता बनी 10 मीटर एयर राइफल जूनियर महिला विश्व चैंपियन


**काहिरा।** भारतीय निशानेबाज रमिता ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में चीन की यिंग शेन को एक करीबी मुकाबले में 16-12 से हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर स्पर्धा में विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के सातवें दिन का आकर्षण भारत के लिए रमिता का स्वर्ण और महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल जूनियर स्पर्धा में पहले तीन स्थान हासिल करना रहा। भारत अब इस प्रतियोगिता में 25 पदक जीत चुका है जिसमें 10 स्वर्ण, पांच रजत और 10 कांस्य पदक शामिल है। भारत पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। रमिता फाइनल में यिंग के खिलाफ एक समय 12-12 से बराबरी पर थी लेकिन इसके बाद उन्होने 10.8 और 10.7 के स्कोर बनाकर खिताब अपने नाम किया। क्वालिफिकेशन में रमिता 629.6 अंकों के साथ चौथे स्थान पर थी लेकिन रैंकिंग राउंड में उन्होंने 262.8 अंक बनाए और शीर्ष पर रहकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। इस स्पर्धा में भारत की तिलोत्तमा सेन ने कांस्य पदक जीता। उन्होने रैंकिंग राउंड में 261 अंक बनाए। इससे पहले क्वालिफिकेशन में वह 633.4 अंकों के साथ शीर्ष पर रही थी। इसी स्पर्धा में युक्ति राजेंद्र 627.1 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रही।

### मंत्रालय ने साई प्रशिक्षण केंद्रों के लिए विशेष अनुदान को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के प्रशिक्षण केंद्रों में आधुनिक उपकरणों के लिए बुधवार को 25 करोड़ रुपए के विशेष अनुदान को मंजूरी दी जिससे जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को काफी फायदा मिलेगा। यह फैसला भारतीय खेल प्राधिकरण की आम सभा की 56वीं बैठक में लिया गया जिसमें खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और उनके सहयोगी नीतीश प्रमाणिक और अन्य उपस्थित थे। इसके अलावा यह सुनिश्चित करने का भी फैसला किया गया है कि साई केंद्रों पर मौजूद आधारभूत ढांचे का उपयोग खेल से जुड़ी गतिविधियों के लिए ही किया जाए। प्रमाणिक ने यहां पत्रकारों से कहा, आज की बैठक में सभी फैसले खिलाड़ियों को ध्यान में रखकर किए गए। हमने तय किया है कि साई बुनियादी ढांचे के उपयोग के लिए उपयुक्त संगठनों के साथ साझेदारी करेगा।

# अंडर-23 विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने भानवाला

भाषा। पोंटवेद्रा (स्पेन)




**साजन** भानवाला अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले भारत के पहले ग्रीको रोमन पहलवान बन गए जिन्होंने यूक्रेन के दमित्रो वेसत्स्की को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में हराया।

यूक्रेन के पहलवान ने शानदार शुरूआत की लेकिन भानवाला ने जबर्दस्त वापसी करते हुए जीत दर्ज की। वह प्रतिद्वंद्वी को चित नहीं कर सके लेकिन चार अंक लेने में कामयाब रहे। उन्होंने दो और अंक बनाए जिसके बाद रक्षात्मक खेल दिखाया। इस बीच यूक्रेन के पहलवान ने फिर बढत बना ली। भानवाला ने दो और अंक बनाकर अपने प्रतिद्वंद्वी को फिर दबाव में ला दिया। मुकाबला 10–10 पर छूटा लेकिन भानवाला ने आखिरी अंक बनाए थे तो उन्हें विजई घोषित किया गया। इससे पहले उन्होंने लिथुआनिया के एस्तिस एल को 3 . 0 से हराया था लेकिन प्री क्वार्टर फाइनल में मोलदोवा के अलेक्जेंड्रिन गुटु से हार गए। गुटु के फाइनल में पहुंचने पर उन्हें रेपेशॉज के जरिए फिर से पदक जीतने का मौका मिला। उन्होंने रेपेशॉज में कजाखस्तान के रसूल झुनिस को 9–6 से मात दी। इस बीच विकास 72 किलो वर्ग में कांस्य पदक के लिए खेलेंगे। वह सेमीफाइनल में क्रोएशिया के पावेल पुकलावेक से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए थे। अब उनका सामना जॉर्जियोस टी सोटिरिआडिस और जापान के डी कोबायाशी के बीच होने वाले रेपेशॉज मुकाबले के विजेता से होगा। विकास ने इससे पहले किर्गीस्तान के आदिलखान नूरलानबेकोव और मेजबान टीम के मार्कोस सांचेस सिल्वा को हराया था। सुमित 60 किलोवर्ग में पदक की दौड़ में लौटे हैं रेपेशॉज में उनका सामना कजाखस्तान के ओल्जास सुल्तान से होगा। आशु 67 किलो वर्गमें हारकर बाहर हो गए हैं। भारत के छह ग्रीको रोमन पहलवान , दो महिला और एक फ्रीस्टाइल पहलवान के साथ यहां पहुंचे हैं।भारत के अन्य 21 पहलवानों के वीजा स्पेन दूतावास ने खारिज कर दिए थे।

# टी-20 विश्व कप से पहले सूर्यकुमार बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार

भाषा। दुबई




**भारत** के सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी आईसीसी पुरूष रैंकिंग के अपडेट के बाद दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। वह टी20 विश्व कप में दूसरे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के तौर पर मैदान में उतरेंगे। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (861 रेटिंग अंक) ने न्यूजीलैंड में त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान निरंतर प्रदर्शन की बदौलत टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है जबकि सूर्यकुमार (838 रन) रविवार को एमसीजी में दोनों देशों के बीच होने वाले मुकाबले से पहले दूसरे स्थान पर कायम हैं। केएल राहुल (13), विराट कोहली (15) और कप्तान रोहित शर्मा (16) सभी ताजा अपडेट में अपने स्थान पर बरकरार हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम दक्षिण अफ्रीका के ऐडन मार्कराम और न्यूजीलैंड के डेवोन कोनवे से आगे तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। शीर्ष 10 में एकमात्र बदलाव न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स की रैंकिंग में हुआ है जो बांग्लादेश और पाकिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रदर्शन के बूते 13 पायदान के शानदार उछाल से 10वें स्थान पर पहुंच गए।

# वेस्टइंडीज ने जिंबाब्वे को हराकर सुपर-12 की उम्मीदें जीवंत रखी



**होबार्ट (भाषा)।** वेस्टइंडीज ने बुधवार को यहां जिम्बाब्वे को 31 रन से हराकर आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर-12 में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

पहले मैच में स्कॉटलैंड से हार के कारण निकोलस पूरन की अगुवाई वाली वेस्टइंडीज की टीम के लिए यह मैच करो या मरो जैसा था। उसने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 153 रन बनाए। जिंबाब्वे के लिए यह स्कोर बड़ा साबित हुआ और वेस्टइंडीज ने उसकी पूरी टीम को 18.2 ओवर में 122 रन पर ढेर कर दिया। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ ने चार ओवर में 16 रन देकर चार विकेट लिए। अनुभवी जैसन होल्डर ने भी 3.2 ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट चटकाए। बल्लेबाजी में वेस्टइंडीज के लिए सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स ने 36 गेंदों में 45 रन की पारी खेली। रोवमैन पॉवेल (28) और अकील हुसैन (नाबाद 23) ने भी उपयोगी योगदान दिया। जिंबाब्वे की तरफ से सिकंदर रजा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट लिए। जिंबाब्वे ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तेजतर्रार शुरुआत की तथा पावर प्ले के पहले छह ओवरों में 55 रन बनाए। इसके बाद हालांकि उसने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। वेस्टइंडीज की जीत के बाद ग्रुप बी में सभी चार टीम के दो-दो अंक हो गए हैं।

# सेन, प्रणय प्री क्वार्टफाइनल में, साइना पहले दौर में बाहर

डेनमार्क ओपन

भाषा। ओडेन्से




**विश्व** चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन और एच एस प्रणय ने बुधवार को यहां सीधे गेम में जीत दर्ज कर डेनमार्क ओपन के पुरूष एकल के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि अनुभवी साइना नेहवाल महिला एकल के पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। गैर वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी सेन ने 39 मिनट तक चले पहले दौर के मैच में इंडोनेशिया के छठे वरीय एंथोनी सिनिसुका जिनटिंग को 21–16 21–12 से पराजित किया जिससे अब सुपर 750 टूर्नामेंट के प्री क्वार्टरफाइनल में उनका सामना हमवतन एच एस प्रणय से होगा। सेन की यह इस साल जिनटिंग पर यह तीसरी जीत थी, इससे पहले उन्होंने मार्च में जर्मन ओपन में और मई में थॉमस कप में उन्हें हराया था।

प्रणय को चीन के झाओ जुन पेंग पर 21–13 22–20 से जीत करने में 43 मिनट का समय लगा। वह इस साल के शुरू में दो बार – जून में इंडोनेशिया ओपन और अगस्त में विश्व चैम्पियनशिप – इसी प्रतिद्वंद्वी से हार गए थे। महिला एकल में 2012 ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वह चीन की झांग यि मान से 48 मिनट तक चले मुकाबले में 17–21 21–19 11–21 से हार गईं। साइना को चीन की इस खिलाड़ी से साल में दूसरी बार हार मिली है, वह फरवरी में मकाऊओपन में भी उससे हार गई थीं। साइना के बाहर होने से टूर्नामेंट में महिला एकल में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरूष युगल जोड़ी ने कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेयुंग जाए पर जीत दर्ज की। भारत की सातवीं वरीय जोड़ी ने कोरियाई जोड़ी को 44 मिनट तक पहले दौर के मैच में 21–15 21–19 से मात दी जिससे अब प्री क्वार्टरफाइनल में उनका सामना इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी और मौलाना बगास से होगा। गुरूवार को किदाम्बी श्रीकांत पुरूष एकल प्री क्वार्टरफाइनल में सिंगापुर के सातवें वरीय लोह कीन यियू से भिड़ेंगे।

# क्रिकेट समुदायों को विभाजित कर सकता है जय शाह का बयान: पीसीबी

भाषा। लाहौर

● जय शाह ने कहा, भारत महाद्वीपीय टूर्नामेंट को तटस्थ स्थान पर खेलना पसंद करेगा और पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा



**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से आपात बैठक बुलाने का आग्रह किया है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने बयान दिया है कि भारत अगले साल एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर पाएगा।

भारत महाद्वीपीय टूर्नामेंट को तटस्थ स्थान पर खेलना पसंद करेगा और पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा, शाह के इस बयान पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए पीसीबी ने कहा कि इस तरह के बयान एशियाई और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदायों को विभाजित कर सकते हैं और 2023 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की भारत यात्रा को भी प्रभावित कर सकते हैं। मंगलवार को बीसीसीआई की आम सभा की बैठक के बाद बयान देने वाले शाह एसीसी के अध्यक्ष भी हैं। पीसीबी ने बयान में कहा, इस तरह के बयान में क्षमता है कि ए एशियाई और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदायों को विभाजित कर सकते हैं और क्रिकेट विश्व कप 2023 तथा 2024–31 चक्र में भारत में भविष्य की आईसीसी प्रतियोगिताओं के लिए पाकिस्तान की भारत यात्रा को भी प्रभावित कर सकते हैं। बयान के अनुसार, पीसीबी को अब तक एसीसी अध्यक्ष के बयान पर एसीसी की ओर से कोई आधिकारिक संवाद या स्पष्टीकरण नहीं मिला है। पीसीबी ने अब एशियाई क्रिकेट परिषद से आग्रह किया है कि वह महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा के लिए व्यावहारिक रूप से जितना जल्दी संभाव हो अपने बोर्ड की आपात बैठक बुलाए। पाकिस्तान को एशिया कप की मेजबानी का अधिकार सौंपा गया है जिसका आयोजन भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप से पहले अगले साल अक्टूबर-नवंबर में होगा। श्रीलंका में आर्थिक संकट के कारण पिछले महीने वहां से टी20 एशिया कप को यूएई स्थानांतरित किया गया था। भारत में 2018 में होने वाले एशिया कप को भी यूएई में स्थानांतरित किया गया था क्योंकि बीसीसीआई पाकिस्तान की मेजबानी के लिए सरकारी सुरक्षा एजेंसियों से स्वीकृति हासिल नहीं कर पाया था। भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण सिर्फ एशियाई और आईसीसी प्रतियोगिताओं में ही एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं। भारत ने पिछली बार 2008 में पाकिस्तान का दौरा किया था जबकि पाकिस्तान ने भारत में पिछली श्रृंखला 2012–13 में खेली थी। पीसीबी ने कहा कि शाह का बयान हैरानी भरा और साथ ही निराशाजनक है।

## टी20 श्रृंखला के लिए 2024 में वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा पाकिस्तान

**कराची (भाषा)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि घरेलू व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए वह वेस्टइंडीज की टी–20 श्रृंखला के लिए मेजबानी जनवरी 2023 के बजाए 2024 में करेगा। पीसीबी ने कहा कि उसने क्रिकेट वेस्टइंडीज से बात की और दोनों बोर्ड तीन मैचों की टी–20 श्रृंखला को स्थगित करने पर सहमत हैं। पहले इसका आयोजन जनवरी 2023 में होना था लेकिन अब इसे 2024 के पहले तीन महीनों में आयोजित किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा, यह फैसला इसलिए भी किया गया क्योंकि 2024 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का आयोजन होना है जिसकी मेजबानी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका करेंगे। इससे पहले छोटे प्रारूप की श्रृंखला खेलने से दोनों टीमों को टूर्नामेंट की तैयारी में मदद मिलेगी।